www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 238 । नर्मदापुरम, बुधवार 4 दिसम्बर 2024 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

एड्स जागरुकता हेतु नुक्कड़ नाटक रैली व मानव श्रृंखला आयोजित — पृष्ठ 3

- एक नए राजनैतिक नक्षत्र का उभार
- नकली भारतीय मुद्रा की बढ़ती संख्या से अर्थव्यवस्था के अस्थिर होने का खतरा — पृष्ठ 4

- दोपहर 1 से 3 बजे तक बंद रहे बाजार, निकाली रैली — पृष्ठ 6

संबल योजना : मुख्यमंत्री आज श्रमिकों के खातों में डालेंगे 225 करोड़ रुपए — पृष्ठ 8

## सार समाचार

### सीबीआई के पूर्व निदेशक विजय शंकर का निधन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के पूर्व निदेशक विजय शंकर का मंगलवार सुबह ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में निधन हो गया। यह जानकारी उनके परिवार के एक करीबी सदस्य ने दी है। परिवार के सदस्य ने बताया कि शंकर की अंतिम इच्छा के अनुसार उनके अवशेष एम्स को दान किए जा रहे हैं। विजय शंकर तिवारी 1969 बैच के यूपी कैडर के आईपीएस अधिकारी थे। उन्होंने दिसंबर 2005 से जुलाई 2008 तक जांच एजेंसी सीबीआई के निदेशक रहे है।

### राहुल ने चक्रवात से उपजी त्रासदी पर जताया शोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने तमिलनाडु में चक्रवाती तूफान के कारण लोगों को हुई जान–माल की हानि पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से राहत और बचाव में प्रशासन की मदद करने का आग्रह किया है। श्री गांधी ने यहां जारी एक बयान में कहा, तमिलनाडु में चक्रवात फेंगल की विनाशकारी खबर। इस त्रासदी के दौरान अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ भी हैं जिनके घर और संपत्ति को नुकसान पहुंचा है।

### कश्मीर के ऊंचे इलाकों में हुआ हिमपात

**श्रीनगर, एजेंसी।** सोनमर्ग सहित कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में ताजा हिमपात हुआ, जबकि कुछ मैदानी इलाकों में रात भर बारिश हुई। मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सोनमर्ग में मंगलवार को हल्की बर्फबारी हुई।

चुनाव आयोग से मिले कांग्रेस नेता, आशंकाओं पर मांगा विस्तृत विवरण, कहा-

# चुनाव में पारदर्शिता व विश्वास बहुत जरूरी

- मतदान के अंतिम आंकड़ें में होता है बड़ा अंतर
- महाराष्ट्र में 118 विधानसभा क्षेत्रों में वोटर बढ़े



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मुलाकात कर हाल में महाराष्ट्र तथा अन्य राज्यों में हुए चुनावों से जुड़ी अपनी आशंकाओं को लेकर आज ज्ञापन सौंपा और इस पर जल्द से जल्द विस्तृत जवाब देने की मांग की ताकि देश की चुनाव प्रणाली की पारदर्शिता पर लोगों का विश्वास कायम रहे।

चुनाव आयोग से मिलने गए कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी, राज्यसभा सांसद मुकुल वासनिक,महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले, पार्टी के संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, प्रवीण चक्रवर्ती, गुरदीप सप्पल, शशिकांत सेंथिल, ओमर होडा तथा संजीव सिंह शामिल थे। श्री सिंघवी ने चुनाव आयोग से मुलाकात के बाद निर्वाचन सदन के बाहर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा चुनाव आयोग से करीब डेढ़ से 2 घंटे तक व्यापक वार्ता हुई है और उनसे बातचीत में कहा गया कि चुनाव में पारदर्शिता और विश्वास बहुत जरूरी है अन्यथा यह लोकतंत्र पर आघात होता है। आयोग से मांगे गए सारे डाटा उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। इस डाटा के मिलने से यह पता चल जाएगा कि महाराष्ट्र में इतने बड़े पैमाने पर लोगों के नाम वोटर लिस्ट से कैसे हटाए और जोड़े गए हैं। उन्होंने कहा कई जगह ऐसे प्रमाण मिले हैं कि एक व्यक्ति के नाम से दो से ढाई सौ लोगों के नाम हटाए गए हैं। यह साबित करता है कि चुनाव प्रक्रिया को विकृत किया जा रहा है। इसमें एक मुद्दा यह भी था कि लोकसभा के चुनाव के बाद उसी क्षेत्र में पांच माह बाद लगभग 3 लाख कम नाम वोटर लिस्ट में पाए गए।

### चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की सुनवाई से हटे प्रधान न्यायाधीश

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़े मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। मामले की सुनवाई 6 जनवरी से शुरू होगी और इसके लिए नई बेंच का गठन किया जाएगा। 2 मार्च 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया था, जिसमें कहा गया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति तीन सदस्यीय पैनल की तरफ से की जाएगी। इसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट की 5 सदस्यीय बेंच ने यह फैसला सुनाया था। इसमें सीजेआई संजीव खन्ना भी शामिल थे, तब वे सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस थे। हालांकि 21 दिसंबर 2023 को सरकार ने एक नया विधेयक पारित किया, जिसमें चीफ जस्टिस को पैनल से हटा दिया गया और उनकी जगह एक केंद्रीय मंत्री को शामिल किया गया। इसे प्रधानमंत्री चुनेंगे। केंद्र सरकार के इसी फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस कार्यकर्ता जया ठाकुर ने याचिका दायर की है।

महाराष्ट्र में शपथ ग्रहण से पहले सियासी हलचल

## शिंदे से फिर मिले फडणवीस

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में महायुति सरकार के शपथ ग्रहण समारोह से पहले सियासी हलचल तेज हो गई है। भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मिलने के लिए उनके आधिकारिक निवास वर्षा बंगले पर पहुंचे हैं। दोपहर में कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई थी। इसके बाद वह कुछ आधिकारिक बैठकों के लिए वर्षा बंगले पर पहुंचे थे। सीएम शिंदे ने महायुति सरकार के शपथ ग्रहण की तैयारियों के साथ 6 दिसंबर को बाबासाहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस को लेकर अधिकारियों से बातचीत की थी।

**आज भाजपा विधायक दल की बैठक**

एकनाथ शिंदे पिछले गुरुवार से सर्दी–बुखार के बाद अस्वस्थ हैं। उनके गले में इंफेक्शन है। डॉक्टरों के अनुसार बुखार के कारण उन्हें कमजोरी आई है। उन्होंने सीएम शिंदे को आराम करने की सलाह दी है। फडणीस ऐसे वक्त पर एकनाथ शिंदे से मिलने पहुंचे हैं जब महायुति में सरकार के फॉर्मूले को लेकर तनातनी और नाराजगी की बातें सामने आ रही हैं। भाजपा ने विधायक दल के नेता का चुनाव करने के लिए बुधवार की सुबह 10 बजे विधायकों की बैठक बुलाई है। इसके लिए केंद्रीय आलाकमान में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पर्यवेक्षक बनाया है। इसमें भाजपा के विधायक अपने नेता का चुनाव करेंगे। इसके बाद नेता का ऐलान होगा। भाजपा की तरफ से देवेंद्र फडणवीस दावेदार हैं। तो वहीं दूसरी तरफ महायुति की नई सरकार में शिवसेना की तरफ से गृह विभाग मांगे जाने की चर्चा है।

मुख्यमंत्री ने बालाघाट में नक्सल गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्य योजना पर की चर्चा, कहा-

# नक्सल गतिविधियों के नियंत्रण में जीरो टॉलरेंस की नीति का हो पालन



**बालाघाट/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नक्सल गतिविधियों पर नियंत्रण के लिये जीरो टॉलरेन्स की नीति अपनाई जाये। उन्होंने नक्सल प्रभावी क्षेत्रों में गश्त बढ़ाते हुए मुखबिर व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 36वीं बटालियन, हॉक फोर्स सहित सभी स्पेशल फोर्स एक्टिव होकर जिम्मेदारी से कार्य करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को बालाघाट में नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर जन–प्रतिनिधियों, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने आईजी संजय सिंह एवं पुलिस अधीक्षक नागेंद्र कुमार द्वारा जिले में नक्सल गतिविधियों के उन्मूलन के उद्देश्य से तैयार की गई योजना के प्रेजेंटेशन का अवलोकन भी किया। बैठक में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा एवं बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल, सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक गौरव पारधी, विधायक राजकुमार करहिे, विधायक मधु भगत, विधायक विक्की पटेल, पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे, पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, संभागायुक्त अभय वर्मा, कलेक्टर मृणाल मीना सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### इंडिया गठबंधन ने संसद के द्वार पर किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से इंडिया समूह के नेताओं की वार्ता के बाद भी मंगलवार विपक्षी सदस्यों ने संसद भवन के बाहर मकर द्वार पर ज़बरदस्त प्रदर्शन किया। संसद की कार्यवाही शुरू होने से ठीक पहले विपक्षी दलों के सदस्यों ने मकर द्वार के बाहर प्रदर्शन किया और सरकार से कहा कि वह जनता के मुद्दों पर संसद में चर्चा करें और मनमानी से नहीं बल्कि सभी की सहमति से सांसद को चलाने का काम करे। इससे पहले इंडिया समूह के नेताओं ने मोदी अडानी एक है का बैनर लेकर प्रदर्शन किया और कई सदस्य हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर इसमें शामिल हुए।

# घरेलू तेल क्षेत्र पर सतर्कता बरतने की जरूरत

**नई दिल्ली,**3 दिसम्बर (एजेंसियां)। घरेलू तेल क्षेत्र के विनियमन और विकास पर विपक्षी सदस्यों ने राज्यसभा में मंगलवार को सरकार से सतर्कता बरतने को कहा।

**■ विधेयक पारित होने से विपक्ष ने केंद्र व राज्य सरकारों में टकराव की जताई संभावना**

कांग्रेस के शक्ति सिंह गोहिल ने तेल क्षेत्र (विनियमन एवं विकास) संशोधन विधेयक 2024 पर चर्चा शुरू करते हुए कहा कि देश में तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन कम है तथा उपभोग ज्यादा है। सरकार इस विधेयक के माध्यम से इस अंतर को कम करना चाहती है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के प्रावधान पिछली तारीख से लागू हो रहे हैं, जो नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधेयक के पारित होने से केंद्र और राज्य सरकारों में टकराव हो सकता है। इससे केंद्र सरकार की शक्तियों में वृद्धि हो रही है। तेल क्षेत्र के उत्पादन पर शेयरिंग फार्मूले को बरकरार रखना चाहिए इससे अधिक कंपनियों को आमंत्रित करने में मदद मिलेगी। कंपनियों को आकर्षित करने के लिए निश्चित समय सीमा तक तेल क्षेत्र संबंधित कंपनी के पास ही रहने देना चाहिए। इससे पहले पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने इस विधेयक को सदन में विचार और पारित करने के लिए पेश करते हुए कहा कि भारत एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था है और इस विधेयक से



अर्थव्यवस्था की ऊर्जा की मांग पूरी करने में मदद मिलेगी। उन्होंने विधेयक का ब्योरा देते हुए कहा कि इसमें तेल क्षेत्र को नए सिरे से परिभाषित किया गया है। यह विधेयक अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है और नई तकनीक को देखते हुए आवश्यक है। तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक, 2024 को पांच अगस्त, 2024 को राज्यसभा में पेश किया गया था। यह विधेयक तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) अधिनियम,1948 में संशोधन करता है। यह अधिनियम प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम की खोज और उत्खनन को नियंत्रित करता है।

**मौजूदा तेल क्षेत्रों की हालत ठीक नहीं**

कांग्रेस के शक्ति सिंह गोहिल ने वर्ष 2021 में कैग की एक रिपोर्ट के हवाले से कहा कि मौजूदा तेल क्षेत्रों की हालत ठीक नहीं है और वे क्षमता से कम उत्पादन कर रहे हैं। सरकार को तेल क्षेत्र के संबंध में सतर्कता बरतनी चाहिए क्योंकि यह रणनीतिक महत्व का क्षेत्र है। भारतीय जनता पार्टी के चुन्नीलाल गरासिया ने चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि इस विधेयक के माध्यम से तेल की आपूर्ति और खपत में अंतर कम करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी। उन्होंने कहा कि तेल क्षेत्र में निवेश आवश्यक है और इसलिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रावधानों में बदलाव जरूरी हो गया है। भाजपा के घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि यह विधेयक उस पंच प्रण की निष्ठा में लाया गया है जिसमें गुलामी के कानूनों और अप्रासंगिक कानूनों को बदलना है। ऊर्जा को देश के विकास के लिए जरूरी बताते हुए उन्होंने कहा कि इस विधेयक के प्रावधान वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पेट्रोल की अधिक कीमतों को लेकर सरकार की आलोचना करने वाले विपक्षी सदस्यों को करारा जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में जब तेल की कीमत बढ रही थी तो भारत ने इसमें 15 प्रतिशत कमी की।

यह विधेयक सरकार की नई सोच और ऊर्जा के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने का विधेयक है। भाजपा की डॉ. कल्पना सैनी ने कहा कि आधुनिक युग में बदलती जरूरतों के लिए ऊर्जा की कमी को पूरा करने के लिए यह विधेयक लाया गया है। यह ऊर्जा क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तथा एक पॉवर हाऊस के रूप में स्थापित करने के लिए लाया गया है। इससे आयात पर देश की निर्भरता कम होगी और घरेलू ऊर्जा क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के डा. फौजिया खान ने विधेयक में सजा के प्रावधान जैसे कुछ प्रावधानों को अनुचित करार दिया और कहा कि इनके प्रतिकूल प्रभाव होंगे। उन्होंने कहा कि निवेश के संबंध में भी विधेयक के प्रावधान स्थायी के बजाय जरूरत और परिस्थिति के अनुरूप होने चाहिए। माकपा के पी.पी.सुनीर ने कहा कि यह विधेयक देश के ऊर्जा संसाधनों को बड़े उद्योगपतियों को सौंपने की कोशिश के साथ–साथ आम लोगों के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि विधेयक में पर्यावरण के संरक्षण की उपेक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि विधेयक में उद्योग जगत को जुर्माना देकर प्रदूषण फैलाने का लाइसेंस दिया जा रहा है। उन्होंने केन्द्र सरकार पर सरकारी उपक्रमों को कमजोर करने का भी आरोप लगाया।

### सरकार को घरेलू तेल क्षेत्र के निजीकरण से बचना चाहिए : तृणमूल कांग्रेस



तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन ने कहा कि यह विधेयक घरेलू तेल क्षेत्र को बाजार के अनुरूप बनाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार को घरेलू तेल क्षेत्र के निजीकरण से बचना चाहिए, क्योंकि यह रणनीतिक महत्व का क्षेत्र है। उन्होंने घरेलू तेल कंपनियों के घटते उत्पादन पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि सरकार को इस पर तत्काल ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस विधेयक पर विस्तृत रूप से चर्चा होनी चाहिए और हड़बड़ी में पारित नहीं किया जाना चाहिए। द्रविड़ मुनेत्र कषगम के एन आर इलांगो ने कहा कि यह महत्वपूर्ण विधेयक है और इस प्रवर समिति के पास भेजा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस विधायक से केंद्र और राज्यों के संबंध प्रभावित होंगे, इसलिए इस पर विस्तृत विचार विमर्श आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक पिछली तारीख से लागू हो रहा है, इसलिए इस पर सतर्कता बरतने की जरूरत है। वाईएसआरसीपी के यरेम वेंकट सुब्बा रेड्डी ने कहा कि यह विधेयक राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इस पर गंभीर विचार विमर्श आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा की मांग को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने तेल खोज के लिए कृष्णा गोदावरी बेसिन में भी ध्यान देने की मांग की।

## संसद से

### फेंगल तूफान से हुई तबाही के आकलन को केंद्रीय दल तमिलनाडु का दौरा करे : बालू

द्रमुक मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के टी. आर. बालू ने मंगलवार को लोकसभा में चक्रवाती तूफान फेंगल से हाल ही में तमिलनाडु में हुई तबाही का आकलन करने के लिए केंद्रीय दल भेजने की मांग करते हुये कहा कि इस प्राकृतिक आपदा से बहुत नुकसान हुआ है। बालू ने शून्य काल में यह मामला उठाते हुए कहा कि तूफान और भारी बारिश से 997 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए हैं, 556 पंचायत भवनों को नुकसान पहुंचा है। फसलों और अन्य सम्पत्तियों को भी बहुत क्षति पहुंची है। उन्होंने सरकार से आकलन दल भेजने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे स्थिति का सही जायजा लिया जा सकेगा और राज्य सरकार की मदद की जा सकेगी।

### निश्चित उद्देश्य की पूर्ति में नहीं होने पर रोकी जा सकती है मनरेगा की राशि : शिवराज

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में कहा कि मनरेगा की राशि निश्चित उद्देश्य की पूर्ति के लिए होती है और अगर राशि निश्चित उद्देश्य की पूर्ति में नहीं लगाई जा सकती है तो इसे रोका जा सकता है। चौहान ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि मनरेगा की राशि निश्चित उद्देश्य की पूर्ति के लिए होती है। अगर यह राशि निश्चित उद्देश्य की पूर्ति में नहीं जा सकती है, तो इसे रोका जा सकता है। पश्चिम बंगाल में बड़े-बड़े कामों को छोटा करके कुछ निश्चित लोगों को लाभ पहुंचाने का काम किया है।

### डीएपी की कमी तत्काल दूर करे सरकार

तृणमूल कांग्रेस सांसद कीर्ति आजाद ने लोकसभा में किसानों को उर्वरक एवं खाद मिलने में हो रही दुश्वारियों का मामला उठाते हुए कहा कि डीएपी मिलने में हो रही किल्लतों से स्थिति दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। आजाद ने शून्य काल में यह मामला उठाते हुए कहा कि उर्वरक खासकर डीएपी की बहुत किल्लत है और किसानों में हाहाकार मचा हुआ है। खाद बिक्री केंद्रों पर स्थिति नियंत्रण से बाहर हो रही है और कई जगह पुलिस को बुलाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 30 लाख टन डीएपी के आयात का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन आयात मात्र 19.7 लाख टन किया गया है। इससे स्थिति संभल नहीं रही है और खाद के लिये हाहाकार मचा हुआ है। सरकार किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। तृणमूल कांग्रेस सांसद ने कहा कि सरकार को बताना चाहिये कि डीएपी की किल्लत क्यों है और उर्वरक की कमी कब दूर होगी। सरकार पूरे मसले पर जवाब दे।

### पीएम प्रणाम योजना का उद्देश्य अकार्बनिक खेती को समाप्त करना नहीं है : नड्डा

केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे. पी. नड्डा ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि पीएम प्रणाम योजना का उद्देश्य अकार्बनिक उर्वरकों के उपयोग को समाप्त करना नहीं है, बल्कि कार्बनिक और अकार्बनिक उर्वरकों के मिश्रण से उत्पादन को बढ़ाना है। नडड्ा ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि इस योजना का उद्देश्य अकार्बनिक उर्वरकों का उपयोग समाप्त करना नहीं है। कार्बनिक और अकार्बनिक उर्वरकों के मिश्रण का उपयोग कर बेहतर पैदावार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की गयी है और इसका लाभ भी हुआ है।

# भारत की टैक्स प्रणाली दुनिया में है सबसे श्रेष्ठ : ओम बिरला

**■ भारतीय राजस्व सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को किया संबोधित**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि भारत की टैक्स प्रणाली दुनिया में सबसे श्रेष्ठ प्रणाली है, जिसमें पारदर्शिता, कानून का शासन और कर नीतियों में स्थिरता है। इन नीतियों और कानूनों के कारण, पूरी दुनिया की कंपनियां और वहां के लोग भारत में निवेश करना चाहते हैं। बिरला ने कहा कि स्थिर कर नीति के कारण भारत वैश्विक निवेशकों के लिए पसंदीदा निवेश स्थलों में से एक बन गया है। कर सुधार उपायों, विशेष रूप से जीएसटी का उल्लेख करते हुए कि बिरला ने इस बात पर प्रकाश डाला कि हाल में किए गए इन उपायों से कराधान सरल हुआ है और भारत में व्यापार करना आसान हो गया है। जीएसटी ने हमारे देश में 'एक राष्ट्र, एक कर' की प्रणाली शुरू की है और पूरा विश्व इससे सीखने को उत्सुक है। बिरला ने कहा कि संसद और सरकार ने समय–समय पर कराधान प्रणाली में सुधार



किए हैं, यही कारण है कि आज भारत की टैक्स प्रणाली दुनिया में सबसे पारदर्शी और विश्वसनीय मानी जाती है। उन्होंने कहा कि आईआरएस अधिकारियों द्वारा किए गए उत्कृ कार्य से भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है, जिसके कारण दुनिया भर के निवेशक भारत में निवेश करना चाहते हैं। बिरला संसद भवन परिसर में आईआरएस (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) के 73 अधिकारी प्रशिक्षुओं (ओटी) के लिए संसदीय प्रक्रियाओं और कार्यपद्धतियों में प्रशंसा पाठ्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

# उधमपुर में दो महिला ओजीडब्ल्यू गिरफ्तार

**जम्मू,** 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। जम्मू संभाग के उधमपुर जिले में एक बड़े सुरक्षा अभियान में पुलिस ने जम्मू–कश्मीर की सुरक्षा और स्थिरता के लिए एक बड़ा खतरा पैदा करने वाली गतिविधियों में शामिल होने के लिए दो महिला ओजीडब्ल्यू को सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों की पहचान लौधरा, बसंतगढ़ के मोहम्मद शफीक की पत्नी मरियमा बेगम और राय चक, बसंतगढ़ के दिवंगत जमाल दीन की पत्नी अरशद बेगम के रूप में हुई है, जो आतंकवादी संगठनों की सहायता करने में शामिल थीं। पुलिस के बयान के अनुसार, हिरासत में ली गई महिलाओं ने आतंकवादी समूहों के लिए रसद सहायता प्रदान की और मार्गदर्शक के रूप में काम किया, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा और व्यवस्था के लिए लगातार खतरा पैदा हो रहा था। बयान में कहा गया है कि ये महिलाएं आतंकवादी संगठनों की गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने में सक्रिय रूप से शामिल थीं, जिससे क्षेत्र की सुरक्षा और सुरक्षा को गंभीर खतरा था। इस खतरे को बेअसर करने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पीएसए के तहत उनकी हिरासत आवश्यक थी। पुलिस ने कहा कि हिरासत जिले में कानून और व्यवस्था बनाए रखने की उनकी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। बयान में आगे कहा गया है कि हम अपने नागरिकों की सुरक्षा और सुरक्षा से समझौता करने वाली किसी भी कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं करेंगे। आतंकवाद की सहायता या उसे बढ़ावा देने वाले किसी भी व्यक्ति को सख्त कानूनी परिणाम भुगतने होंगे। अधिकारियों ने निवासियों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना निकटतम पुलिस स्टेशन को देने का आग्रह किया है। मामले में शामिल अन्य लिंक या सहयोगियों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। दो महिला आतंकवादी सहयोगियों की गिरफ्तारी उधमपुर जिले के चापर वन क्षेत्र में एक पूर्व वीडीजी का शव बरामद होने के तुरंत बाद हुई है।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### मालवीय श्री गौड़ ब्राह्मण महासभा के चुनाव में अर्जुन अध्यक्ष, विनोद महामंत्री निर्वाचित



**इटारसी, देशबन्धु।** मालवीय श्री गौड़ ब्राह्मण महासभा समिति के चुनाव खंडवा स्थित सामाजिक धर्मशाला में हुए जिसमें सर्व सम्मति से नर्मदापुरम के अर्जुन मालवीय को राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया। इस दौरान उपाध्यक्ष राजेश मालवीय इंदौर, सचिव पंडित मुकेश मालवीय जबलपुर, महामंत्री विनोद मालवीय हरदा, कोषाध्यक्ष मनोज मालवीय भोपाल एवं प्रदेश अध्यक्ष विनय मालवीय इटारसी भी निर्विरोध निर्वाचित किए गए। प्रदेश अध्यक्ष विनय मालवीय ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के इस चुनाव में सर्वसम्मति से सभी पदों के लिए निर्णय लिए। कार्यक्रम में खंडवा से अनिल विश्वकर्मा, प्रवीण विश्वकर्मा, राजीव मालवीय, इंदौर से राधेश्याम मालवीय, सीआर मालवीय, चेतन जोशी, भोपाल से आर सी मालवीय, महेश मालवीय, विनोद मालवीय, इटारसी से गया प्रसाद मालवीय, सुरेश मालवीय सीपीई, सुभाष मालवीय कुशन, त्रिलोक मालवीय, राम कुमार, पीएन मालवीय सहित नर्मदापुरम, जबलपुर, हरदा, भोपाल, छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों के संगठन के अध्यक्ष एवं सामाजिक बंधुओं ने उपस्थित होकर नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई शुभकामना प्रेषित की। राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन मालवीय ने इस दौरान कहा कि राष्ट्र के समस्त सामाजिक सदस्यों मुख्य धारा में लाकर समाजिक स्तर पर उन्हें शामिल किया जाएगा। वहीं समय समय पर आयोजित कार्यकमों के माध्यम से भी सामाजिक एकता को बनाए रखने की भरपूर कोशिश की जाएगी।

### इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी पुणे-दानापुर-पुणे स्पेशल ट्रेन

**इटारसी, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा द्वारा त्योहारी सीजन में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने के लिए पुणे-दानापुर-पुणे के मध्य स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है, जो कि भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 01481 पुणे -दानापुर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 10 दिसंबर तक प्रतिदिन पुणे स्टेशन से 19.55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 12.05 बजे इटारसी और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन 4.30 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01482 दानापुर - पुणे स्पेशल ट्रेन 12 दिसंबर तक प्रतिदिन दानापुर स्टेशन से 06.30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 01.40 बजे इटारसी और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए 17.35 बजे पुणे स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 2 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 8 शयनयान श्रेणी, 6 सामान्य श्रेणी एवं 2 एसएलआरडी सहित कुल 18 कोच रहेंगे। यह गाड़ी दोनों दिशाओं दौंड कोर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड जं., भुसावल जं., इटारसी जं., जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, एवं आरा जं. स्टेशनों पर रुकेगी।

### कल से पारा जाएगा लगातार नीचे, बढ़ेगी ठंडक

**इटारसी, देशबन्धु।** बुधवार को न्यूनतम पारा एक डिग्री चढ़ेगा जबकि अधिकतम में कोई खास बढ़ोतरी नहीं होगी। लेकिन गुरुवार के दिन से पारा में लगातार गिरावट दर्ज की जाएगी और 9 दिसंबर को तो न्यूनतम और अधिकतम पारा में खासी गिरावट होगी। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार 4 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 31.7 डिग्री सेल्सियस रहेगा। आज मंगलवार को न्यनतम तापमान 16.5 तथा अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री सेल्सिय तक रहा। इसी तरह से 7 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 14.9 तथा अधिकतम 32.1 डिग्री सेल्सियस रहेगा। 8 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 13.9 और अधिकतम तापमान 31.5 रहेगा। इसी तरह से 9 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 12.8 तथा अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस रहेगा। इस तरह से कल के बाद से लगातार तापमान में गिरावट आती जाएगी।

### बिजली कंपनी की सतर्कता से बुझी बाउंड्रीवाल के पास लगी आग

**इटारसी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के डिपो स्टोर और आईटीआई की कॉमन दीवार के पास लगी आग को कंपनी प्रबंधक और कर्मचारियों की सतर्कता से बुझाया गया। आग ने विकराल रूप ले लिया था, बाउन्ड्री वाल से सटे हुये वितरण ट्रांसफार्मर भी रखे हुये थे, जिनके अदंर अत्यधिक ज्वलनशील ऑयल रहता है। प्रबंधक एवं ड्यूटी पर उपस्थित सुरक्षा गार्ड सहित अन्य कर्मचारियों की मदद से डिपो स्टोर इटारसी में उपलब्ध फायर फायटिंग सिस्टम तत्काल ऑपरेट कर आग पर पूर्ण रूप से काबू पाया गया। डिपो स्टोर इटारसी में हर समय 2000 से 2500 गुड एवं विफल ट्रांसफार्मर का स्टॉक बना रहता है एवं 25 एमटी के तीन नग ऑयल टैंक जिससे अधिकतम समय ट्रांसफार्मर ऑयल भरा रहता है। डिपो स्टोर इटारसी के कर्मचरियों द्वारा यदि तत्काल पूर्ण सजगता के साथ फायर फायरिंग सिस्टम आपरेट कर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो करोड़ों रूपयों का नुकसान हो सकता था।

### बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के विरोध में आधा दिन बंद रहेगी मंडी

**इटारसी, देशबन्धु।** कृषि उपज मंडी समिति इटारसी में कल 4 दिसंबर को आधा दिन के बाद नीलामी कार्य नहीं होगा। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में मंडी में 1 बजे के पश्चात नीलामी कार्य बंद रहेगा। मध्य प्रदेश व्यापारिक संगठन के आह्वान पर यह बंद रखा गया है। सकल हिन्दू समाज द्वारा बांग्लादेश सरकार के द्वारा हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में विराट विशाल आक्रोश रैली एवं विरोध प्रदर्शन 4 दिसंबर को किया जाएगा।

# पाक्सो एक्ट की कार्यशाला का आयोजन



**इटारसी, देशबन्धु।** कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग की इटारसी परियोजना में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा के अंतर्गत जेंडर आधारित हिंसा उन्मूलन कार्यक्रम रामगढ़ प्राथमिक शाला पुरानी इटारसी में बालकों का लैंगिक अपराध से संरक्षण अधिनियम 2012 (पोक्सो) एक्ट की कार्यशाला की गई। कार्यशाला में पर्यवेक्षक पूनम मौर्य ने उपस्थित बालिकाओं एवं महिलाओं को बताया कि यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का यौन उत्पीडन संबंधी कृत्य किया जाता है तो अपराधी व्यक्ति को अधिकतम मृत्युदंड एवं कम से कम 20 वर्ष का कारवास होगा बच्चों को गुड टच एवं बेड टच के बारे में जानकारी दी गई। बृजेश पटेल एडवोकेट ने बालिकाओं को बताया कि यदि कोई भी उनका शारीरिक रूप से या मौखिक रूप से परेशान करता है तो उक्त संबंध में बालिका जल्द से जल्द अपने माता-पिता, स्कूल की शिक्षिका, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क करें या फिर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर से भी अपराधी व्यक्ति के विषय में जानकारी दे सकते हैं और पास्को एक्ट 2012 के विषय में भी जानकारी दी गई। श्रीमती रीना खरे एएसआई एवं शाकिर खान आरक्षक ने बताया कि सभी पुलिस थाने में महिला एवं बच्चियों के लिए ऊर्जा डेस्क बनाई गई हैं जिससे कि संबंधित को अपनी परेशानी को साझा करने में एवं रिपोर्ट लिखवाने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। यह भी बताया कि यदि कोई महिला या बच्ची पीड़ित है और वहां थाने नहीं आ सकती है तो संपूर्ण सहायता जहां पर वह चाहती है, वहां पर जाकर उसकी मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने का प्रशिक्षण भी लेना चाहिए। पर्यवेक्षक पूनम मौर्य एवं अर्चना बस्तवार ने सभी का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में महिला बाल विकास अधिकारी दीप्ति शुक्ला, रामगढ़ प्राथमिक शाला पुरानी इटारसी की प्राचार्य एवं स्कूल की शिक्षिकाएं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं उपस्थित रहीं।

# मान्यता चुनाव को लेकर प्रवासी रेल कर्मचारी द्वारा संचालित यूनाइटेड क्लब की बैठक हुई



**इटारसी, देशबन्धु।** यूपी, बिहार, झारखंड के प्रवासी रेल कर्मचारीयों के हित में काम करने वाले यूनाइटेड क्लब की बैठक अध्यक्ष मिथिलेश पाठक और सचिव मुकेश शाही की उपस्थिति में हुई। बैठक में इस साल हुए पौधरोपण, रक्तदान, वॉलीबॉल मैच, जरूरतमंद सदस्यों की आर्थिक मदद एवं मिलन समारोह, जैसे यूनाइटेड क्लब के अनेक कर्मचारी एवं उनके परिवार हितैषी कार्यों की चर्चा हुई, और आने वाले नए साल के स्वागत एवं मकर संक्रांति त्योहार को लेकर चर्चा हुई, ।4, 5, 6 दिसंबर को होने वाले यूनियन के मान्यता चुनाव को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई, और सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जो भी संगठन रात दिन हमारे साथ खड़ा रहा और कर्मचारी हित में काम करता रहा, अपना बहुमूल्य वोट उसी को दिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से क्लब कोषाध्यक्ष भाईराम, जन्मेजय, सुनील कुमार, राजेश गौर, विजय कुमार, राहुल राणा, आलोक सिंह, धीरज, सुबोध गुप्ता, अमरजीत कुमार, चंदन कुमार, मंटु कुमार, आशीष पाठक जैसे क्लब के समर्पित सदस्य उपस्थित रहे।

## सीएम संजीवनी क्लीनिक का जल्द खुलेगा ताला, लेकिन डॉक्टर्स की कमी बनी चुनौती!

**सारनी, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के तहत सीएम संजीवनी क्लिनिक की स्थापना की गई जिससे कि स्थानीय नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर सुविधा मिल सके। नगर पालिका परिषद के तहत लगभग 60 लाख की लागत से तीन सीएम संजीवनी क्लिनिक बनाए गए हैं, जो अब स्वास्थ्य विभाग के सुपुर्द हैं। वार्ड क्रमांक 11, 14 और 32 में स्थापित इन क्लिनिकों का मुख्य उद्देश्य नगर वासियों को उनके निकटतम स्थान पर चिकित्सा सहायता प्रदान करना है। हालांकि, वार्ड क्रमांक 32 का क्लिनिक सुचारू रूप से चल रहा है, लेकिन वार्ड क्रमांक 11 और 14 के क्लिनिक डॉक्टर्स की कमी के कारण बंद पड़े हैं। स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ संजीव शर्मा ने जानकारी दी है कि वार्ड क्रमांक 11 के लिए डॉ. विशाल की पोस्टिंग जल्द की जा रही है, जबकि वार्ड क्रमांक 14 के लिए डॉक्टर की नियुक्ति का इंतजार किया जा रहा है। नगरवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को लेकर चिंताओं के बीच, प्रशासन ने सुनिश्चित किया है कि डॉक्टरों की नियुक्ति के बाद जल्द ही सभी सीएम संजीवनी क्लिनिक में सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यहां की स्वास्थ्य सेवाओं के भविष्य को लेकर सबकी नजरें डॉक्टरों की नियुक्ति पर टिकी हैं, ताकि सारनी के नागरिकों को फिर से उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। स्वास्थ्य सेवाओं में यह सुधार न केवल स्थानीय लोगों के लिए राहत का संकेत है, बल्कि स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता का भी परिचायक है।

# मुस्कान के तीन बच्चों का मुंडन संस्कार किया, 9 को होगा एक बेटी का विवाह



**इटारसी, देशबन्धु।** मुस्कान सामाजिक संस्था ने आज यहां पल रहे तीन बच्चों का परंपरानुसार मुंडन संस्कार कराया। संस्था 9 दिसंबर को एक युवती का विवाह भी करेगी। मुस्कान में 50 बच्चों का लालन-पालन किया जाता है। संस्था के संचालक मनीष सिंह ठाकुर बताते हैं कि बच्चों का लालन-पालन करके उनको इस दुनिया में जीने के लिए सपनों को पूरा करने का प्रयास किया जाता है। मनीष ठाकुर बच्चों के पिता बनाकर संपूर्ण देखभाल करते हैं और जिम्मेदारी भी बखूबी निभाते हैं। इन्हीं जिम्मेदारियां में से एक जिम्मेदारी का निर्वहन आज देखने को मिला जहां पर उन्होंने स्वप्नेश्वर हनुमान मंदिर में 6 माह की दो बेटियों और एक बेटे का मुंडन संस्कार कराया। मुस्कान संस्था के स्टाफ के अलावा शहर के गणमान्य नागरिक इस मुंडन संस्कार के साक्षी बने। सभी ने इन नन्हें मुन्ने बालक बालिकाओं की मुंडन संस्कार में अपनी सहभागिता जताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर बताते हैं कि संस्था के माध्यम से ही इन तीनों बच्चों की डिलीवरी शासकीय अस्पताल में कराई गई थी। जन्म से ही इन बच्चों का लालन पोषण मुस्कान संस्था के महिला स्टाफ द्वारा किया जा रहा था। जब यह बेटे-बेटी 6 माह के हुए तो भारतीय सांस्कृतिक परंपरा अनुसार इनका मुंडन संस्कार आज कराया गया। मनीष ठाकुर ने बताया कि आगामी 9 दिसंबर 2024 को संस्था की ही एक और बिटिया का शुभ विवाह संपन्न होने जा रहा है। यह संस्था की इस वर्ष की तीसरी बिटिया होगी जिसका विवाह संस्था के माध्यम से 18 वर्ष पूर्ण होने पर कराया जा रहा है। इसके पूर्व दो बेटियां सफलतापूर्वक अपने गृहस्थी संचालित कर रही हैं। आज ही मुस्कान संस्था में आई एक पीड़ित युवती जिसकी एक बेटी मानसिक दिव्यांग है, युवती और दोनों बेटियों का पालन मुस्कान संस्था करेगी। कार्यक्रम की व्यवस्था संजय मिहानी द्वारा की गई, साथ ही विशेष रूप में नपाध्यक्ष पंकज चौरे उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुस्कान संस्था में निरन्तर सेवा प्रकल्प से जुड़ी अधीक्षक ऋतु राजूपत, शक्ति सदन की विशाखा अंजीकर, विक्रम सिंह, रानी राजपूत, वंदना मजूमदार, मोना जॉनसन, नितिन वर्मा सहित बेटियों की डिलीवरी में सहायक निकिता मालवीय एवं विनम लौवंशी इस उपस्थित थे।

# विधायक के प्रयासों से स्वीकृत हुआ 50 बिस्तर वाला आधुनिक सिविल अस्पताल

## 9 करोड़ में बनेगा

**सोहागपुर, देशबन्धु।** सिविल अस्पताल को लेकर देशबंधु समाचार पत्र ने कई बार खबर छापी थी भूमि अभाव में अस्पताल का निर्माण नहीं हो पा रहा था और ऐसा लग रहा था कि यह सुविधा सोहागपुर नगर से चली जाएगी। तब इस संबंध में ठाकुर विजयपाल सिंह को अवगत कराया गया, उन्होंने आश्वासन दिया था सुहागपुर की सुविधा उनके रहते बाहर नहीं जाएगी। उन्होंने वही कर दिखाया और विधायक सोहागपुर के अथक प्रयासों से नगर सोहागपुर में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन सिविल अस्पताल में करवा दिया। जिसके लिये संपूर्ण नगरवासियों द्वारा विधायक विजयपाल सिंह का आभार व्यक्त किया है। लोक निर्माण विभाग पीआईयू के माध्यम से इस सिविल अस्पताल की तीन मंजिला बिल्डिंग के साथ 50 बिस्तर का बनेगा, जिसकी लागत 9करोड़ 19 लाख रू. है। जिसका ठेका भी हो चुका है। यह कार्य मेसर्स वेलजी रत्ना सोराठिया इन्फ्रा प्राईवेट लिमिटेड कच्छ गुजरात के द्वारा 18 माह में पूर्ण किया जायेगा। ज्ञातव्य हो कि सोहागपुर नगर में सिविल अस्पताल की मांग काफी लंबे समय से जनता कर रही थी जिसको लेकर विधायक श्री सिंह द्वारा माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं उपमुख्यंत्री राजेन्द्र शुक्ल से मिलकर इस अस्पताल का उन्नयन कराया जा रहा है। अभी तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र होने से बेड की कमी होती थी, जिसके कारण मरीजो को असुविधा होती थी और वेड फुल होने के कारण मरीजो को मजबूरीवश रिफर करना पड़ता था, परन्तु अब 50 बिस्तरीय अस्पताल होने से अब यह समस्या नहीं होगी और इस अस्पताल में अत्याधुनिक मशीनों को भी लगाया जायेगा। विधायक श्री सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में कई महत्तवपूर्ण बडे विकास कार्य हुये है, जिनका लाभ सीधा आम जनता को मिला है, आगे भी सोहागपुर विधानसभा को मॉडल के रूप में विकसित किया जायेगा, विकास के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी जायेगी और नगर के विकास कार्य भी किये जायेगें। आने वाले समय में माखननगर में भी जो अस्पताल संचालित हो रहा है, उसका भी उन्नयन सिविल अस्तपाल में कराया जायेगा। विधायक श्री सिंह ने कहा कि केवल विकास ही नहीं लोगों के कल्याण के लिए भी अनेक योजनाएँ चलाई जा रही हैं। नि:शुल्क राशन, नि:शुल्क इलाज, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, मातृ वंदना, गाँव की बेटी, गरीबों के प्रतिभावान बच्चों के लिए पढ़ाई की व्यवस्था, किसान सम्मान निधि जैसी अनेकों योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। श्री सिंह ने कहा कि योजनाओं से किस तरह लोगों का जीवन अच्छा होता है, इसका उदाहरण है उज्जवला योजना। किसी भी परिवार में माँ जब लकड़ी या कोयले को जलाकर खाना पकाती है, तब वह अपने शरीर के लिए हानिकारक धुएं के दुष्प्रभाव से मुक्त नहीं रहती। आज देश में गरीब परिवार की करोड़ों बहनों को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन मिला है। रियायती दर पर सिलेंडर भी मिल रहा है।

# वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन नेताओं ने किया धुंआधार प्रचार



**इटारसी, देशबन्धु।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के नेताओं ने चुनाव के दो दिन पूर्व अपने प्रचार अभियान में तेजी लाते हुए रेलकर्मियों से संपर्क करके उनको संघ द्वारा फैलाए जा रहे दुष्प्रचार से भ्रमित न होने को कहा। इस दौरान निशातपुरा से आए पूर्व एजीएस संजय जैन ने सभी पदाधिकारियों के साथ जनसंपर्क किया। यूनियन के पंकज गुप्ता ने बताया कि यूनियन के नेताओं ने स्टेशन एरिया, आरआरआई, टीआरडी आफिस, एसी शेड, डीजल शेड, रिसीविंग यार्ड, सिक साईडिंग आदि जगहों पर प्रचार किया गया। कर्मचारियों को आज की विषय परिस्थितियों में यूनियन की महत्ता बतायी। कर्मचारियों का झुकाव स्पष्ट रूप से वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन की ओर दिखाई दे रहा है। इस अवसर पर टीके गौतम, आरके यादव, दीपक कुमार, गोलू मैना, सरताज हुसैन, मनोज रैकवार, सुरेश धूनिया के साथ में रहे। यूनियन नेताओं ने कर्मचारियों से लैंप पर वोट देने की अपील की है।

# भूख हड़ताल के बाद सुनीता उइके को मिली संबल योजना की राशि

- पांच साल बाद सहायता राशि का चेक मिला



**बैतूल, देशबन्धु।** भैंसदेही तहसील के ठेसका गांव की आदिवासी महिला सुनीता उइके ने पांच साल तक संबल योजना के तहत स्वीकृत 2 लाख रुपये की सहायता राशि के लिए संघर्ष किया। लंबे समय तक प्रशासनिक उपेक्षा का सामना करने के बाद, सुनीता को न्याय दिलाने के लिए सीटू के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कामरेड कुंदन राजपाल ने कदम उठाया। सुनीता के पति राजू उइके की मृत्यु के बाद, श्रमायुक्त कार्यालय से 2019 में राशि स्वीकृत हुई थी, लेकिन जनपद पंचायत भैंसदेही के अधिकारियों ने उसे यह राशि नहीं दी। सुनीता ने बैतूल कलेक्टर और अन्य अधिकारियों के चक्कर लगाए, लेकिन हर बार निराशा ही हाथ लगी।

## सतपुड़ा में बाघ का आगमन

# ग्राम पूंजी में मवेशियों के सामूहिक शिकार से ग्रामीणों में दहशत

### एक से ज्यादा बाघ की संभावना, रात में घर से ना निकले- वन विभाग



**सारनी, देशबन्धु।** चोपना के ग्राम पूंजी में एक हिंसक बाघ ने स्थानीय किसानों की सुरक्षा को चुनौती देते हुए पांच मवेशियों का शिकार किया। घटना की सूचना मिलते ही वन अमले ने स्थिति का जायजा लिया और प्रारंभिक जांच में हमलावर प्राणी को बाघ बताया गया। गांव के निवासी दिलीप विश्वास ने बताया कि उन्होंने अपने मवेशियों को खेत में बांधकर सोने का निर्णय लिया था, लेकिन सुबह उठने पर उन्होंने पाया कि तीन मवेशी मृत पड़े हैं, जिनके गले पर जंगली जानवरों के दांत के निशान थे। आसपास और भी शव पाए गए, जिससे दहशत का माहौल बन गया। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर मवेशियों को घसीटे जाने के निशान और बाघ के पगमार्क की पुष्टि की। डीएफओ नवीन गर्ग ने क्षेत्र में दो बाघ की मौजूदगी की बात कही है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सतपुड़ा बाघ रिजर्व कॉरिडोर से लगातार वन्य प्राणियों का आवागमन हो रहा है। घटना के बाद, ग्रामीणों में भय का माहौल है। वन अधिकारियों ने स्थानीय लोगों को जंगलों में न जाने और शाम या रात को घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। इसी बीच, अधिकारियों ने आशंका जताई है कि संभावित रूप से एक से ज्यादा बाघ हो सकते हैं, विशेषकर यह संभावना है कि टाइग्रेस अपने बच्चों को शिकार करना सिखा रही हो। यह घटना न केवल क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देती है, बल्कि बाघ और मानव सह-अस्तित्व पर गंभीर प्रश्न भी उठाती है। वन विभाग की निगरानी टीम इस मामले पर नज़र रखे हुए है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने निकाली वाहन रैली



**इटारसी, देशबन्धु।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के मंडल अध्यक्ष राजेश पांडे के नेतृत्व में आज वाहन रैली निकाली गयी। रैली में युवाओं ने जोश और उमंग दिखाया और गाय को जिताने के लिए संकल्प लिया। इटारसी की पांचों शाखाओं के अध्यक्ष, सचिव, मुख्यालय कार्यकारिणी सदस्य युवा पदाधिकारी एसबीएफ सदस्य के साथ महिला विंग एवं छोटे-छोटे डिपो के रेलवे कर्मचारियों ने वहां मन बना लिया है कि गाय पर मोहर लगाना है। उल्लेखनीय कि आज मंडल अध्यक्ष राजेश पांडे के नेतृत्व में डीजल शेड से यार्ड की पूरी रेलवे कॉलोनी होते हुए वाहन रैली तिरंगे झंडे के साथ डीजे एवं रेलवे कर्मचारियों के जोश जुनून के साथ जयस्तंभ चौराहे से होती हुई रेलवे साइकिल स्टैंड पर पहुंची जहां पर सभा के रूप में परिवर्तित हुई। सभा का संचालन मुख्य शाखा के अध्यक्ष प्रीतम तिवारी, योगेश चोरे ने किया। अपने उद्बोधन में भागीरथ मीणा ने कहा कि लाल झंडे को भोपाल मंडल ने नकार दिया है, वहीं अपने ओजस्वी उत्कृष्ट भाषण में मंडल अध्यक्ष राजेश पांडे ने कहा कि आने वाले मान्यता के चुनाव में तिरंगा झंडा गाय निशान रेलवे कर्मचारियों का पहला संगठन बन गया है एवं सभी जो कार्य रेलवे कर्मचारियों के होने थे वह वह सेंट्रल में मजदूर संघ करता आया है। अपने उद्बोधन में पांडे ने कहा कि 12 तारीख को भोपाल मंडल में ही नहीं अपितु भारतीय रेल में इतिहास लिखा जाएगा कि एनपीएस और यूपीएस के जन्मदाताओं को रेलवे कर्मचारियों ने त्याग दिया है, केवल ओल्ड पेंशन स्कीम देने वाले संगठन आठवां वेतन देने वाले संगठन रेलवे कर्मचारियों के बच्चों को ईसीसी बैंक में लगाने वाले संगठन वेस्ट सेंट्रल मजदूर संगठन गाय निशान को जिताने के लिए अपील की। आभार प्रदर्शन इटारसी के कोऑर्डिनेटर मुख्यालय कार्यकारिणी सदस्य कुंदन अगलावे ने किया।

# योग-आरोग्य शिविर 13 से, बच्चों ने लिया योग करने का संकल्प



**बैतूल, देशबन्धु।** जिले में इन दिनों योग की लहर है और आम योग साधकों के साथ बच्चों में भी योग-आरोग्य शिविर को लेकर उत्साह है। बच्चे भी शिविर में शामिल होने के लिए उत्साहित हैं और शिविर के बाद भी सतत योग के लिए संकल्प ले रहे हैं। गौरतलब है कि आगामी 13, 14 और 15 दिसम्बर को शहर के लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में जहां सुबह 6 बजे से 8 बजे तक योग शिविर लगेगा वहीं शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आरोग्य चिकित्सा शिविर लगेगा। पंतजलि योगपीठ हरिद्वार से स्वामी रामदेव के परम शिष्य और पंतजलि योग समिति के केंद्रीय प्रभारी स्वामी डॉ.परमार्थदेव समेत काफी संख्या में देश-प्रदेश के योग शिक्षक और योग साधक इस तीन दिवसीय योग-आरोग्य शिविर में शामिल होंगे। योग के इस महाकुंभ को सफल बनाने के लिए योग साधकों के दल गांव-गांव, वार्ड-वार्ड घूम रहे हैं। मंगलवार को सुबह पुलिस ग्राउंड में रघुकुल डिफेंस अकादमी की टीम के सौ से अधिक बच्चों ने अकादमी प्रमुख अशोक रघुवंशी के नेतृत्व में योग का संकल्प लिया। वहीं संजीवनी स्कूल में संचालक गजेन्द्र पवार के नेतृत्व में सैंकड़ों बच्चों ने योग का संकल्प लिया।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### हम होंगे कामयाब अभियान में रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता सम्पन्न

**हरदा , देशबन्धु।** जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम व जागरूकता के लिए हम होंगे कामयाब अभियान इन दिनों आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास संजय त्रिपाठी ने बताया कि अभियान के तहत मंगलवार को ग्राम मसनगांव में जेंडर आधारित हिंसा विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं ने पेंटिंग के माध्यम से ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' का संदेश दिया। प्रभारी परियोजना अधिकारी प्रीति शर्मा ने महिलाओं को बताया कि जेंडर आधारित हिंसा से पीड़ित महिलाओं को हर संभव मदद दिलाने के लिये वन स्टॉप सेंटर कार्यरत है। उन्होने बालिकाओं को गुड टच बैड टच, चाइल्डलाइन नंबर 1098 व महिला हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया। इसके अलावा ग्राम कुड़ावा के आगनवाड़ी केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पालकों व बच्चों को गुड टच व बेड टच की जानकारी दी गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम छिदगांवमेल के आंगनवाड़ी केंद्र में जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम व ''हम होंगे कामयाब अभियान से संबंधित विषय पर रंगोली बनाई गई। इस दौरान जागरूकता रैली आयोजित कर ग्रामीणों को भ्रूण हत्या के कारण गिरते लिंगानुपात को रोकने के के प्रति जागरूक किया गया। जिले के ग्राम झाड़पा, बेड़गांव व डगांवानीमा के आंगनवाड़ी केन्द्रों में भी ''हम होंगे कामयाब अभियान'' विषय पर सामुदायिक चर्चा आयोजित की गई।

### मोरिंगा पाउडर से कुपोषित बच्चों की सेहत में हुआ उल्लेखनीय सुधार

**हरदा , देशबन्धु।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा हरदा जिले में नवाचार के रूप में हृदय अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत 59 दूरस्थ ग्रामों को चिन्हित कर शामिल किया गया है। इन गांवों के कुपोषित बच्चों को कुपोषण मुक्त करने के उद्देश्य से मोरिंगा पाउडर और मिल्क पाउडर आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके बेहतर सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन के इस नवाचार से कुपोषित बच्चों की ग्रेड में काफी सुधार देखने को मिला है। उन्होंने बताया कि हरदा जिले के 225 में से 169 बच्चों की ग्रेड में सुधार हुआ है। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि इस नवाचार को आगे बढ़ाते हुए अब आंगनबाड़ी केंद्रों में कुपोषित बच्चों को 1 दिसम्बर से आगामी तीन माह तक 250 मिली लीटर दूध प्रतिदिन प्रति बच्चे के मान से उपलब्ध कराया जाने लगा है। ग्रामीण आजीविका मिशन के समूहों द्वारा गांव के दूध उत्पादक किसानों से दूध लेकर इन कुपोषित बच्चों को देना शुरू कर दिया गया है। कुपोषण निवारण संबंधी इस पूरी योजना का व्यय जिला खनिज निधि, ग्राम पंचायत और जन सहयोग से किया जाएगा।

### ग्राम टेमलावाड़ी माल में कृषक संगोष्ठी सम्पन्न

**हरदा , देशबन्धु।** ग्राम टेमलावाड़ी माल में मंगलवार को उद्यानिकी विभाग द्वारा किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में टेमलावाड़ी माल और रैयत के किसानो ने भाग लिया। कृषक संगोष्ठी में उद्यानिकी विभाग से गंभीर जाट ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी और किसानों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान किसानों ने खेती से संबंधित अपने अनुभव को साझा किया। गांव की सरपंच माधुरी जाटव ने उपस्थित सभी महिलाओ को पोषण वाटिका के विषय में जानकारी दी।

### रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव के प्रवेश पत्र जिला उद्योग केन्द्र से प्राप्त करें

**हरदा , देशबन्धु।** नर्मदापुरम् में 7 दिसम्बर को रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव का आयोजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य अतिथ्य में किया जा रहा है। महाप्रबन्धक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सचिन रोमड़े ने बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिये प्रवेश पत्र जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र हरदा में प्राप्त हो गये है। जिन उद्योगपतियों, इकाई स्वामियों, व्यापारियों द्वारा इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिये ऑनलाइन पंजीयन कराया गया है, वे कार्यालय समय में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र हरदा से अपने प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

### बैतूल की बेटी सृष्टि बनेगी मप्र टीम की कप्तान, राष्ट्रीय सेस्टोबॉल टूर्नामेंट में दिखाएगी दमखम

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले की बेटी सृष्टि मायवाड़ ने अपनी मेहनत और खेल के प्रति समर्पण से एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। पट्टन ब्लॉक के सावंगी गांव की सृष्टि को राष्ट्रीय सेस्टोबॉल टूर्नामेंट के लिए मध्यप्रदेश टीम की कप्तानी का जिम्मा सौंपा गया है। सृष्टि लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय स्तर के इस टूर्नामेंट के लिए चयनित हुई हैं। वे 4 दिसंबर को भोपाल से रवाना होकर पंजाब में होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भाग लेंगी। उनकी यह उपलब्धि पूरे जिले का गर्व है। सृष्टि वर्तमान में भोपाल की सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी में बैचलर्स ऑफ मेडिकल लैबोरेट्री टेक्निशियन (बीएमएलटी) द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में उनकी दिलचस्पी और मेहनत ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। सृष्टि के भाई मनोवैज्ञानिक हैं। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि खेलों से रचनात्मकता, समस्या समाधान की क्षमता और नेतृत्व कौशल का विकास होता है। किताबें आपको ज्ञान देती हैं, लेकिन खेल आपको मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं। सृष्टि के पिता गजानन मायवाड़ ने बेटी की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह पूरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा ।सृष्टि की मेहनत और लगन ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया है।

# रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री के साथ निवेशकों की राउंड टेबल एवं वन टू वन चर्चा होगी

## 2 हजार करोड़ के कार्यों का लोकार्पण एवं लगभग 700 करोड़ के कार्यों का भूमि पूजन होगा

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आगामी 7 दिसंबर को नर्मदापुरम जिले के आईटीआई महाविद्यालय में आयोजित की जाएगी। छठवें रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आमंत्रित निवेशकों से राउंड टेबल मीटिंग करेंगे तथा निवेशकों से, कंपनियों के प्रतिनिधियों से वन टू वन चर्चा करेंगे।



एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक विशाल सिंह चौहान ने गूगल मीट के माध्यम से उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री लगभग 2 हजार करोड़ के कार्यों का लोकार्पण एवं लगभग 700 करोड़ के कार्यों का भूमि पूजन करेंगे। श्री चौहान ने बताया कि दूसरे विभागों के निवेश के प्रोजेक्ट भी शामिल किए जाएंगे। जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। सेक्टोरियम सत्र दो होंगे जो बॉस एवं टूरिज्म एनर्जी पर आधारित होंगे।

संभागायुक्त केजी तिवारी ने सभी कलेक्टर को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिले के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर रीजनल इंडस्ट्री कांन्क्लेव के संबंध में ब्रीफ करें एवं उन्हें सादर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में आमंत्रित करें। संभागायुक्त ने पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखी जाए। बताया गया कि बाहर से आने वाले वीआईपी डेलीगेट एवं वरिष्ठ अधिकारियों के लिए लाइजनिंग अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक संख्या में अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर कार्यक्रम सफलता पूर्वक पूरा किया जाए। संभागायुक्त ने विशिष्ट अतिथियों के ठहरने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में

गूगल मीट के दौरान आईजी मिथिलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी प्रशांत खरे, कलेक्टर नर्मदा पुरम सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरु करण सिंह वन संरक्षक अशोक कुमार सिंह, श्रीमती राखी नंदा, अपर आयुक्त आरपी सिंह, जिला पंचायत के सीईओ सौजान सिंह रावत, उपायुक्त राजस्व गणेश जयसवाल, संयुक्त आयुक्त विकास जीसी दोहर, सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत सहित एमपी आईडीसी श्री जैन, महाप्रबंधक उद्योग कैलाश माल सहित एमपी आईडीसी के अधिकारी उपस्थित थे। हरदा कलेक्टर आदित्य सिंह एवं बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ऑनलाइन जुड़े थे।

# जन आक्रोश रैली में शामिल हुए हजारों लोग




**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** बांग्लादेश में हिंदूओ और संतों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में नर्मदापुरम में जन आक्रोश रैली निकाली गई। सकल हिन्दू समाज के बैनर तले निकाली गई जन आक्रोश रैली में साधु-संत, मातृशक्ति और स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। जन आक्रोश और विरोध प्रदर्शन रैली में शामिल होने हजारों लोग सतरस्ते स्थित काली मंदिर पर एकत्रित हुए। इसके बाद जलते मंदिर करे पुकार, भूल ना जाओ अत्याचार. सेव हिन्दू बांग्लादेश. एक ही नारा एक ही नाम, जय श्री राम, जय श्री राम, और धर्म की रक्षा कौन करेगा की तख्तियां हाथों में लेकर हजारों लोग जन आक्रोश रैली में शामिल हुए। जन आक्रोश रैली शहर के अलग-अलग मार्गो से होते हुए कलेक्ट्रेट पीपल चौक पहुंची। प्रदर्शन कार्यो ने पीपल चौक पर कलेक्टर गेट के सामने अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों की कड़ी निंदा की और भारत सरकार से इस व्यवस्था पर ठोस कार्रवाई करने की मांग की। प्रदर्शनकारियो ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौपते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर इस मुद्दे को उठाया जाए और पीड़ित हिंदू समुदाय को सुरक्षा प्रदान की जाए। रैली के दौरान समाज के लोगों ने बैनर और तख्तियां लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया।

# बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में सकल हिन्दू समाज ने निकाली रैली

**हरदा , देशबन्धु।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में सकल हिन्दू समाज ने मंगलवार को स्थानीय नेहरू स्टेडियम से रैली का आयोजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर आक्रोश व्यक्त कर बांग्लादेशी हिंदुओं के लिए न्याय की मांग की। रैली नेहरू स्टेडियम से शुरू होकर सनफ्लावर स्कूल, काली माता मंदिर,चांडक चौराहे से होते हुए घंटाघर पहुंची। जहां आम सभा का आयोजन हुआ। रैली में साधु-संत, पुरुष ,महिलाएं ,जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभा के अंत में राष्ट्रपति के नाम पर एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा कि हिंदुओं की लूटी हुई संपत्तियों और मंदिरों के नुकसान की भरपाई की जाए। इस दौरान व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे।





# एड्स जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक रैली व मानव श्रृंखला आयोजित



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** एड्स जागरूक सप्ताह के अंतर्गत प्रियांशी एजुकेशनल कल्चर एंड सोशल सोसायटी नर्मदापुरम द्वारा सही रास्ता अपनाए मेरा स्वास्थ्य मेरा आधिकार थीम में आज एड्स एचआईवी जागरुकता हेतु सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार, डीटीओ प्रियंका दुबे, दिशा सुपरवाइजर हेमंत पटेल एवं शिक्षाविद मयंक तोमर की उपस्थिति में बीआरडी नर्सिंग कॉलेज के छात्र व छात्राओं के द्वारा सतरस्ता पर नुक्कड़ नाटक रैली व सीएमएचओ कार्यालय से मानव श्रृंखला मेन बाजार तक निकाली गई। नुक्कड़ नाटक एवं नारो के साथ रैली व मानव श्रृंखला द्वारा एचआईवी से डरना नही लड़ना है व 1097 टोल फ्री नम्बर द्वारा अन्य एचआईवी से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते है। बताया गया, की किन माध्यम से आम नागरिकों को एचआईव्ही एड्स होता है तथा होने के चार कारण एवं उससे बचाव के तरीके बताए गए। इस अवसर पर गृह विज्ञान महाविद्यालय से छात्राएं एवं प्रोफेसर कंचन, प्रोफेसर रफीक खान, जिला मीडिया प्रभारी सुनील साहू, काउंसलर प्रकाश यादव एवं विवेक पटवा ,राजेंद्र द्विवेदी, संपूर्ण सुरक्षा केंद्र से रक्षा शुक्ला, प्रियांशी टीआई से मीनाक्षी बाथरी व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग 13 को

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** डिप्टी कलेक्टर नर्मदापुरम ने बताया कि म0प्र0 लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) -2024 का आयोजन 15 दिसम्?बर को ओएमआर आधारित विधि से दोपहर 12 से 3 बजे तक, एक सत्र में जिला मुख्यालय पर आयोजित होना है।आयोग द्वारा उक्त परीक्षा के सफल संचालन हेतु अध्यक्ष (सेट) म0प्र0 लोक सेवा आयोग की अध्यक्षता में परीक्षा निर्विघ्न, निर्विवाद, सुव्यवस्थित एवं शुचितापूर्ण रूप से सम्पन्न हो, इस हेतु परीक्षा संचालन के संबंध में समुचित दिशा-निर्देश वीडियो कान्फ्रेसिंग द्वारा प्रसारित किए जाएंगे। तत्संबंध में जिले के संबंधित परीक्षा प्रभारियों, समस्त केन्द्राध्यक्षों एवं समस्त पर्यवेक्षकों हेतु परीक्षा के सफल संचालन के संबंध में 13 दिसम्बर को सायं 4 बजे से जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई हैं। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गये है कि वे उक्त वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग में निर्धारित समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अंतर्गत विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री ललित डेहरिया के निर्देशानुसार मंगलवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नर्मदापुरम में पोक्सो अधिनियम की थीम पर महिला एवं बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मुस्कान यादव, द्वितीय स्थान पर आकाशी बावरिया, सलोनी दुबे, तृतीय स्थान पर लक्ष्मी केवट रही। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती अर्चना मिश्रा, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास शहरी श्रीमती प्रीति यादव, पर्यवेक्षक श्रीमती लता नागराज, शाला का स्टाफ, छात्राएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न

## विश्व दिव्यांग दिवस पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया



**हरदा , देशबन्धु।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बागरूल के प्रांगण में दिव्यांग बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इस कार्यक्रम में विधायक डॉ. आरके दोगने, पूर्व मंत्री कमल पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, कलेक्टर आदित्य सिंह सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने दिव्यांग विद्यार्थियों की रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए विधायक डॉ. आर.के. दोगने ने कहा कि दिव्यांगजन भी देश और प्रदेश के विकास में बराबरी से भागीदारी कर रहे हैं। उन्होने विधायक निधि से सीडब्ल्यूएसएन दिव्यांग छात्रावास के लिये 1.25 लाख रूपये स्मार्ट बोर्ड क्रय करने हेतु स्वीकृत करने की घोषणा की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में 136 दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों व खेल प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता की।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री कमल पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती है। उन्हें मदद की नहीं बल्कि सहयोग व मार्गदर्शन की जरूरत होती है। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जिसमें दिव्यांगजन पीछे हों। कलेक्टर श्री सिंह ने इस अवसर पर कहा कि वर्ष 1992 से दिव्यांग दिवस 3 दिसम्बर को हर साल मनाया जाता है। इस वर्ष दिव्यांग दिवस की थीम लीडरशिप है। उन्होने कहा कि चाहे खेल हो या शिक्षा, दिव्यांग किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। दिव्यांगजनों ने हर क्षेत्र में अपनी पहचान स्थापित की है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शाह ने इस अवसर पर कहा कि दिव्यांगता किसी भी क्षेत्र में बाधक नहीं है। आज दिव्यांग विद्यार्थी भी कलेक्टर व कमिश्नर बन रहे है। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार दिये गये। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी, डीपीसी बलवन्त पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह तथा उपसंचालक सामाजिक न्याय कमलेश सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# संभागायुक्त ने लिया तैयारी का जायजा



## कार्यक्रम स्थल आईटीआई महाविद्यालय में चल रही तैयारी का किया अवलोकन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम संभाग आयुक्त केजी तिवारी ने आगामी 7 दिसंबर को नर्मदापुरम जिले में आयोजित होने वाली नर्मदापुरम संभाग की रीजनल इंडस्ट्रियल कांन्क्लेव की तैयारी का जायजा लिया। संभागायुक्त मंगलवार को आईटीआई महाविद्यालय पहुंचे और की जा रही तैयारी को देखा। संभागायुक्त ने कार्यक्रम स्थल आईटीआई एवं उसके परिसर में की जा रही तैयारी का अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संभागायुक्त ने मुख्य हाल में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह सहित परिसर में बनाए जा रहे सीएम लॉज और उद्योगपतियों से वन टू वन मीटिंग के लिए बनाए जा रहे कक्षो, पत्रकारों के लिए प्रेस दीघा, प्रदर्शनी स्थल कार्यक्रम के लिए निर्धारित स्थल का अवलोकन किया और सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने वाहन पार्किंग की, आमंत्रित अतिथियों की व्यवस्था, भोजन व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने विशिष्ट व्यक्तियों, उद्योगपतियों, स्थानीय उद्योगपतियों तथा पत्रकारों के प्रवेश के लिए निर्धारित स्थल का भी अवलोकन किया तथा निर्देश दिए की सभी के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। संभागायुक्त ने मुख्यमंत्री के हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक आने के मार्ग पर विस्तार से चर्चा की। संभागायुक्त ने डेलीगेट मूवमेंट, वीआईपी मूवमेंट, रजिस्ट्रेशन एरिया, प्रेस कॉन्फ्रेंस, किचन एरिया, डाइनिंग हॉल, आदि का अवलोकन किया। बताया गया कि एक जिला एक उत्पादन के तहत प्रदर्शनी लगाई जाएगी। लगभग 50 स्टॉल रहेंगे। एमपीआईडीसी के अधिकारियों ने बताया कि आईटीआई परिसर में एमपीआईडीसी का कार्यालय खोला जाएगा ताकि मौके पर ही आने वाली समस्याओं का निराकरण तत्काल कर दिया जाए। निरीक्षण के दौरान इस दौरान आईजी मिथिलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी प्रशांत खरे, कलेक्टर सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरु करण सिंह एमपीआईडीसी के श्री जैन, राकेश तिवारी, महाप्रबंधक उद्योग कैलाश माल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक कर जमा कराएं ल नपाध्यक्ष

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आगामी दिनों में आयोजित होने वाली नेशनल लोकअदालत में अधिक से अधिक राजस्व की वसूली की जाए। यह निर्देश आज नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा राजस्व शाखा की बैठक लेकर दिए। उन्होंने कहा कि बकायादारों को नेशनल लोक अदालत की जानकारी दें। जो बड़े बकायादार हैं उन्हें नोटिस देकर उनसे कर अवश्य जमा कराएं। साथ ही नेशनल लोक अदालत में दी जा रही छूट से भी उन्हें अवगत कराएं। बैठक में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव और मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी, कार्यालय अधीक्षक डॉ प्रशांत जैन सहित राजस्व शाखा के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# वन अमले ने पकड़ी 90 हजार की अवैध सागौन, आरोपी फरार

**बैतूल, देशबन्धु।** तावड़ी रेंज के खामढाना गांव में अवैध सागौन की लकड़ी से फर्नीचर बनाए जाने की सूचना पर वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। पश्चिम वन मंडल के डीएफओ वरुण यादव और एसडीओ तावड़ी जितेंद्र अवासे के मार्गदर्शन में गठित संयुक्त टीम ने चार घरों से 64 नग सागौन चिरपट (1.475 घन मीटर) जप्त की है। जब्त लकड़ी की कीमत करीब 90 हजार रुपये आंकी गई है। टीम ने सर्च ऑपरेशन के दौरान सागौन की लकड़ी घरों और घास में छिपाकर रखी गई पाई। छापेमारी के दौरान एक कटर मशीन और अवैध फर्नीचर बनाने के औजार भी जब्त किए गए हैं। वन अमले ने खामढाना निवासी श्यामू वल्द जिंदू इवने, जंगू वल्द श्यामू इवने, मोहन धुर्वे (सुरती) वल्द मुड़ी धुर्वे, और होजू वल्द जीवना उइके के घरों से यह सामग्री जब्त की। कार्रवाई के दौरान वन अमले ने एक आरोपी को पकड़ लिया है, जिससे पूछताछ जारी है। वहीं अन्य आरोपी कार्रवाई की भनक लगते ही फरार हो गए। उनकी तलाश में वन विभाग की टीम जुटी हुई है। इस कार्रवाई में तावड़ी रेंज के रेंज ऑफिसर अर्जुन कुशवाह के नेतृत्व में परिक्षेत्र सहायक मनमोहन सिंह परते, शेख सलीम कुरैशी, शंकर करोचे, वनरक्षक सुनील पंडोले, दुर्गेश सोनी, सौम्य धुर्वे, दिनेश चौहान, श्रीराम काजले, संदीप मर्सकोले, आवेश खान, राहुल वाईकर, नीतीश माहौर, चमन लाल बेगा, महिला स्टाफ जैस्मिन निवाडे, प्रमिला मरावी, और अन्य सुरक्षा श्रमिक शामिल थे।



# चित्रकला प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने रंगों के माध्यम से उकेरी कल्पनाएं

**बैतूल, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था, प्रत्याशा संस्था एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं समाजसेवियों ने ओंकार स्पेशल चाइल्ड स्कूल में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों को एक खुशनुमा माहौल दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों के अधिकारों, उनके कल्याण और समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना था।



कार्यक्रम की शुरुआत रंग-बिरंगी चित्रकला प्रतियोगिता से हुई, जहां बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से उकेरा। इसके बाद विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों की उत्सुकता और मुस्कान ने माहौल को और भी खास बना दिया। वरिष्ठ पत्रकार सुनील द्विवेदी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल और गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास किया जा सकता है। पतंजलि योगपीठ के सुनील कुबड़े ने योग और प्राकृतिक चिकित्सा की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि योग के माध्यम से दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

प्रत्याशा संस्था की अध्यक्ष तूलिका पचौरी ने बच्चों और उनके परिवारों को विधिक सेवा के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने और कृत्रिम अंगों की व्यवस्था जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। समाजसेविका तरुणा द्विवेदी ने बच्चों से उनकी रुचियों और शौक के बारे में चर्चा की, जिससे बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपनी पसंदीदा चीजें बताईं। कार्यक्रम में प्रमिला धोत्रे ने बच्चों को बैडमिंटन सेट और खिलौने भेंट किए। आयोजन के दौरान प्रज्वल धोत्रे, कृष्ण अमृते, करुणा रघुवंशी, छाया चंदेल, पूनम राजपूत, और ओंकार स्पेशल स्कूल की प्राचार्य रुक्मणी सोनारे समेत कई व्यक्ति उपस्थित रहे।

नर्मदापुरम, बुधवार 4 दिसम्बर 2024
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## महाराष्ट्र में लोकतंत्र का मजाक

महाराष्ट्र चुनावों के नतीजों में बड़ी गड़बड़ी की आशंकाओं और सवालों के बीच 3 दिसम्बर को चुनाव आयोग के सामने एक सुनहरा मौका आया था कि वह अपनी साख को सुधार ले। यह मौका दिया था कि मालशिरस विधानसभा क्षेत्र के मरकरवाड़ी गांव के लोगों ने। लेकिन चुनाव आयोग ने यह अवसर अपने हाथ से गंवा दिया। दरअसल मालशिरस विधानसभा क्षेत्र से शरद पवार की एनसीपी के उम्मीदवार उत्तम जानकर को जीत हासिल हुई है, उन्होंने भाजपा के राम सातपुते को 13,147 वोटों से हराया है, लेकिन मरकरवाड़ी गांव में राम सातपुते को उत्तम जानकर से अधिक वोट मिले। श्री जानकर को 843 और श्री सातपुते को 1003 वोट मिले, जबकि यहां के लोगों को दावा था कि राम सातपुते को सौ, दो सौ वोटों से अधिक नहीं मिल सकते, इसमें ईवीएम की गड़बड़ है। अपने संदेह को दूर करने के लिए, ग्रामीणों ने ऐलान किया कि हम अपने खर्च और व्यवस्था से मतपत्रों से फिर से चुनाव कराएंगे, इसके लिए उन्होंने मालशिरस के तहसीलदार को अनुमति के लिए आवेदन दिया था। लेकिन अनुमति देने की जगह प्रशासन ने यहां न केवल वोट डालने वालों पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी, बल्कि धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी ताकि एक साथ पांच लोग इकट्ठा न हो पाएं। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पांच दिसंबर तक निषेधाज्ञा लागू करने का ऐलान किया गया है। पुलिस की सख्ती और नागरिकों के मतदान की मांग के कारण अराजकता उत्पन्न न हो इस वजह से फिलहाल ग्रामीण अपनी मांग से पीछे हट गए हैं, हालांकि इस मुद्दे को आगे चुनाव आयोग और न्यायपालिका तक ले जाने का उनका फैसला अटल है, क्योंकि सवाल लोकतंत्र की रक्षा का है।

मालशिरस के एक गांव में अगर फिर से मतदान होता, तो जाहिर है उसका कोई कानूनी आधार नहीं होता, न ही उन नतीजों से महाराष्ट्र के नतीजे प्रभावित होते, लेकिन जिस तरह पूरे राज्य में ईवीएम को लेकर सवाल उठे हैं और पूरे महाविकास अघाड़ी के बीच यह आशंका बलवती है कि उन्हें छल कपट से हराया गया, इस मतदान से कम से कम उन सवालों के जवाब मिल जाते। मरकरवाड़ी गांव के लोगों का कहना है कि यहां 2009, 2014, 2019 और पांच महीने पहले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को इतने वोट नहीं मिले थे, तो इस बार उत्तम जानकर को कम और राम सातपुते को ज्यादा वोट कैसे मिल सकते हैं। ग्रामीणों की यह आशंका मतपत्रों से चुनाव से दूर हो सकती थी और तब भी नतीजे अगर 23 तारीख को आए नतीजों की तरह रहते, तो ऐसे में चुनाव आयोग का दावा पुख्ता हो जाता कि ईवीएम में कोई गड़बड़ी नहीं की गई। छोटी सी आबादी वाले एक गांव में मतपत्रों से चुनाव की एक छोटी सी कवायद पर अनावश्यक सख्ती दिखाकर चुनाव आयोग और भाजपा दोनों ने अपने चारों तरफ बन चुके संदेह के घेरे को और गाढ़ा कर लिया है। इधर महाराष्ट्र में जिस तरह सरकार बनाने में देरी हो रही है, उससे भी कई सवाल उपज रहे हैं।

गौरतलब है कि महाराष्ट्र में 20 नवंबर को मतदान हो गया था, 23 तारीख को नतीजे आ गए और नतीजों में भाजपानीत महागठबंधन को पूर्ण बहुमत हासिल हो गया है, इसके बावजूद अब तक सरकार गठन का काम लटका हुआ है। निवर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कभी हां, कभी ना और भाजपा की दबाव बनाकर सत्ता को मुट्ठी में रखने की राजनीति ने महाराष्ट्र की जनता के भविष्य को अधर में लटका दिया है। 70 सालों में शायद ही ऐसा मौका किसी राज्य में आया होगा कि किसी दल या गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिलने के बावजूद सरकार गठित करने और मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा करने में 10 दिन से ऊपर लग जाएं। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म हो चुका है और अगर किसी की भी तरफ से सरकार बनाने का प्रस्ताव न जाए तो कायदे से राज्यपाल को स्वत: कार्रवाई कर लेनी चाहिए। लेकिन महाराष्ट्र में कायदा भी शायद दिल्ली से और दिल्ली का ही चल रहा है, इसलिए महायुति के बैठक के लिए तारीख पर तारीख घोषित हो रही है और इन पंक्तियों के लिखे जाने तक न कोई बैठक हुई, न कोई फैसला हुआ। 23 नवंबर को नतीजे आने के बाद 25 तारीख से दिल्ली और मुंबई के बीच महायुति के नेताओं के आने-जाने का सिलसिला शुरु हो गया। यह तय हो गया कि एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे, अजित पवार उपमुख्यमंत्री पद के लिए फिर से मान गए हैं, लेकिन भाजपा ने यह स्पष्ट भी नहीं किया कि उसकी तरफ से देवेंद्र फड़नवीस का नाम मुख्यमंत्री पद के लिए सामने आएगा या किसी अन्य को इस बार महाराष्ट्र की गद्दी सौंपी जाएगी। एकनाथ शिंदे अपनी कुर्सी छोड़ने के लिए तो राजी हो गए, लेकिन इसके बदले उन्हें क्या चाहिए, इस पर भी मामला अटका रहा। श्री शिंदे का सरकार गठन की चर्चा से दूर दो दिन तक अपने गांव जाकर बैठना और बार-बार बीमार पड़ना भी इस बात की तरफ इशारा करता है कि महायुति के बीच कोई बड़ी सौदेबाजी के अटके होने के कारण सरकार गठन का काम भी लटका हुआ है। हालांकि भाजपा ने 5 दिसंबर को आजाद मैदान में शपथ ग्रहण की तैयारी जोर शोर से शुरु कर दी है।

जब भाजपा के पास संख्याबल कम था, तब उसने शिवसेना और राकांपा को तोड़कर सत्ता बना ली और अवैध तरीके से बनी सरकार को ढाई साल तक चला भी लिया, तो अब पूर्ण बहुमत पाने के बाद सरकार बनाना और चलाना उसके लिए कठिन नहीं होगा। लेकिन जिस तरह की परिपाटी महाराष्ट्र में भाजपा ने डाली है, उसमें लोकतंत्र के लिए हालात कितने कमजोर हो गए हैं, यह देखकर चिंता होती है। मुख्यमंत्री का नाम तय न करना, सरकार गठन के लिए राज्यपाल को पत्र सौंपे बिना शपथ ग्रहण का इंतजाम करना और महाराष्ट्र की लोकतंत्र बचाने की शांतिपूर्ण मुहिम को कुचलना यह सब चुनाव प्रक्रिया का मजाक उड़ाने जैसा लग रहा है।

# एक नए राजनैतिक नक्षत्र का उभार

झारखंड के विधायकों द्वारा मुख्यमंत्री चुन लिए जाने के बाद जब हेमंत सोरेन जब दिल्ली आकर अपने शपथ ग्रहण समारोह का न्यौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को देने आए तो कई लोगों को हैरानी हुई क्योंकि उनकी पिछली पारी में इसी जोड़ी ने उनका राज करना मुश्किल कर दिया था और आखिर में लंबी जेल भी काटने को मजबूर किया था। चुनावी लड़ाई में भी चंपई सोरेन और सीता सोरेन जैसे करीबी लोगों को तोड़कर भाजपा ने अपनी राजनैतिक लड़ाई को काफी हद तक सोरेन परिवार के खिलाफ निजी खुंदक जैसा बना लिया था। जो लोग हेमंत सोरेन और झारखंड के आम आदिवासियों का स्वभाव जानते थे उनके लिए यह न्यौता न तो महज औपचारिकता थी ना ही भाजपा के जले पर नामक छिड़कने की कोशिश। न ही इसमें यह जताने का भाव था कि आपने जितना परेशान किया मुझे आदिवासियों और झारखण्डियों का उतना ही पक्का समर्थन मिला। बताना न होगा कि मोदीजी और शाह की अनुपस्थिति के बिना भी हेमंत सोरेन का शपथ ग्रहण समारोह ग्रैंड था और उन्होंने चुनावी वायदों को पूरा करने का भरोसा दिया।



अरविन्द मोहन

हेमंत की सफलता दो को छोड़कर सारे आदिवासी ठिकानों से अपने अर्थात झामुमो और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जिताना नहीं है। उसे इनसे या अधिकांश आदिवासी वोट पाने भर से ठीक से समझा ही नहीं जा सकता। सारी रिजर्व सीटों पर तो भाजपा पिछली बार भी हारी थी। हेमंत का असली बड़ा काम है अलग-अलग कबीलों में अब तक बंटे रहे झारखंड के आदिवासी समाज को एकजुट करना।

हेमंत ने इस अवसर पर ही नहीं अपनी सरकार को गिराने की भाजपाई कोशिश के पूरे पांच साल के दौर में बहुत ही मैच्योर पॉलिटीशियन होने का प्रमाण दिया, जो उनके पिता शिबू सोरेन अर्थात गुरुजी समेत कोई आदिवासी नेता नहीं देता था। आम स्वभाव में अन्याय का तगड़ा प्रतिरोध करने वाला आदिवासी अक्सर ऐसी स्थितियों में काफी उग्र प्रतिक्रिया देता रहा है जबकि उसके नेता लोभ और दबाव में टूट जाते रहे हैं। यह बात देश भर पर लागू होती है लेकिन झारखंड पर खास तौर से। वहां नेता बार-बार 'बाइक' हैं लेकिन जनता का बगावती तेवर मद्धिम नहीं पड़ा है। हेमंत ने इसी स्वभाव को पहचान कर उसे अपनी लड़ाई का मुख्य हथियार बनाया। उन्होंने झारखंड और आदिवासियों से भेदभाव का सवाल केन्द्रीय रखा और अपना दावा कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया। और जब जेल जाने की स्थिति बनी तो सीधी टकराहट (जैसा दिल्ली में अरविन्द केजरीवाल ने दिखाया) या अपने परिवार के किसी को कुर्सी सौंपने की जगह कोलहान टाइगर नाम से मशहूर चंपई सोरेन को गद्दी सौंप दी। जेल से छूटने के बाद उन्होंने गद्दी वापस ली तो भाजपा ने उसे भी मुद्दा बनाकर और कुछ लोभ देकर चंपई को अपने पक्ष में किया। माना जाता है कि अगर उनके निर्वाचन क्षेत्र में आदित्यपुर और गमरिया जैसे जमशेदपुर के शहरी हिस्से न होते तो उनको भी आदिवासी नकार चुके होते।

चंपई हों या सीता सोरेन उनका व्यवहार पहले कांग्रेस या भाजपा या कहें सत्ता के प्रलोभनों और दबाव में टूटे अन्य आदिवासी नेताओं जैसा ही रहा। जबकि हेमंत ने तब भी दो पावर सेंटर न बनने देने की जबरदस्त व्यावहारिक सोच दिखाते हुए (कहा जाता है कि यह सुझाव सोनिया गांधी का था) मुख्यमंत्री की कुर्सी वापस ले ली। और देखा कि उन्होंने कितनी मुश्किल लड़ाई को किस आसानी से जीत लिया। शिवराज सिंह चौहान और हेमंत बिस्वा सरमा जैसों की महीनों की कवायद और भाजपा का सारा संसाधन धरा रह गया। घुसपैठ का मुद्दा बनाने के लिए भाजपा ने (जिसके असली सूत्रधार मोदी-शाह ही रहे) आखिरी दिन तक छापा, गिरफ्तारी, कथित मनी-ट्रेल बनाने जैसी सारी तैयारियां पूरी कर ली थी, लेकिन कुछ काम न आया। बल्कि उसे अब तक आराम से मिलने वाला ओबीसी वोट भी इस बार पहले से कम हुआ और उसे सिर्फ शहरी और अगड़ा वोटरों का सहारा रह गया। आदिवासी वोट तोड़ने की सारी कवायद फेल हो गई और अंतिम समय अपनी पार्टी का विलय करके भाजपा अध्यक्ष बने बाबूलाल मारांडी को भूमिहार वोट के सहारे जीतना पड़ा। इसके लिए नाराज पूर्व सांसद रवींद्र राय को मनाना और बागी नित्यानंद राय को बैठाने में जोर लगाना पड़ा। उल्लेखनीय है कि भाजपा की तरफ से सिर्फ बाबूलाल मारांडी और चंपई सोरेन ही जीत पाए थे।

हेमंत की सफलता दो को छोड़कर सारे आदिवासी ठिकानों से अपने अर्थात झामुमो और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जिताना नहीं है। उसे इनसे या अधिकांश आदिवासी वोट पाने भर से ठीक से समझा ही नहीं जा सकता। सारी रिजर्व सीटों पर तो भाजपा पिछली बार भी हारी थी। हेमंत का असली बड़ा काम है अलग-अलग कबीलों में अब तक बंटे रहे झारखंड के आदिवासी समाज को एकजुट करना। आपको याद होगा कि मुख्यमंत्री रहते हुए भी शिबू सोरेन उरांव प्रभुत्व के तमाड़ इलाके में जाकर अनजान पीटर से हार गए थे। आदिवासियों की नई एकजुटता तो भाजपा द्वारा पहला गैर-आदिवासी मुख्यमंत्री (रघुवर दास) बनाने से ही शुरू हुई थी लेकिन उसे एक अंजाम तक लाना आसान न था। हेमंत ने यह काम किया और आज वे शिबू सोरेन समेत किसी भी आदिवासी नेता की तुलना में बड़ा और ज्यादा ताकतवर बन चुके हैं। इसलिए अब उनकी जवाबदेही ज्यादा बड़ी है-झारखंड के साथ मुल्क भर के आदिवासियों की आवाज बनाना और देश की राजनीति में आदिवासी स्वर को अधिक प्रमुख स्थान दिलाना। हेमंत ने अपना कौशल इंडिया गठबंधन के साथी दलों के दावों और उम्मीदवारों को संभालने में भी दिखाया। यह जरूर है कि राहुल गांधी ने उनको फ्री-हैंड दिया लेकिन झारखंड चुनाव अभियान लगभग पूरी तरह हेमंत के कंधों से ही चला।

अगर कोई श्रेय में दावेदारी कर सकता है तो वह उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ही हैं जिन्होंने घटक दलों की पंचायत या सरकारी कामकाज भी निपटाने जैसे जिम्मों से मुक्त होकर हेमंत से भी ज्यादा चुनावी सभाएं कीं। वे अच्छा बोलती हैं तथा कार्यकर्ताओं और खास तौर से महिलाओं के बीच अच्छे व्यवहार से असर छोड़ती हैं। बिना किसी राजनैतिक प्रशिक्षण के एक बार में ऐसी भूमिका निभाकर उन्होंने सबको हैरान किया है। भाजपा ने चाहे जिस रणनीति से हेमंत को जेल भेजा हो पर उसने कल्पना न की थी कि इस संकट से कल्पना सोरेन जैसी नेता उभर कर आएंगी। झारखंड के आदिवासियों में औरतों का स्थान आम हिन्दुस्तानी परिवार से ऊंचा है, उनकी आर्थिक कामकाज में भी हिस्सेदारी ज्यादा होती है लेकिन विधायक-सांसद होकर भी आदिवासी महिलाएं पार्टी के नेतृत्व में या राज्य की राजनीति नेतृत्व नहीं करती थीं। कल्पना सोरेन के रूप में इस बार उन्हें एक नया नेता मिला है तो हेमंत सोरेन को बोनस। और हैरानी नहीं कि दो हेमंतों की लड़ाई में हेमंत सोरेन ने इस सहारे से हिमंत बिस्वा सरमा को उनके राजनैतिक कैरियर का सबसे बड़ा झटका दिया है।

## नकली भारतीय मुद्रा की बढ़ती संख्या से अर्थव्यवस्था के अस्थिर होने का खतरा

■ नन्तू बनर्जी

यह गंभीर चिंता का विषय है कि महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 500 रुपये के नकली नोटों की संख्या 2018-19 और 2023-24 के बीच लगभग चार गुना, और 2020-21 से 2,000 रुपये के नकली नोटों की तीन गुना हो गयी है। ध्यान रहे कि 2,000 रुपये के नोट वैध मुद्रा बने हुए हैं और इन्हें रिजर्व बैंक के कार्यालयों में बदला जा सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, मई 2023 में 2000 के मुद्रा नोटों को वापस लेने के कदम के बाद से इनमें से 98 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं। लेकिन 500 और 200 रुपये के नकली नोटों का तेजी से बढ़ता प्रचलन चिंता का विषय बन गया है। 500 रुपये के नोट रोजमर्रा के लेन-देन की रीढ़ बन गये हैं और पिछले कुछ सालों में इसके प्रचलन में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। सरकार और रिजर्व बैंक दोनों ही इस बात से चिंतित हैं। पिछले हफ्ते केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने देश में नकली नोटों के बढ़ते प्रचलन को लेकर लोकसभा में चिंता जताई थी।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2018-19 में 2,18,650 लाख पीस नकली नोट पकड़े गये थे। 2022-23 में यह 9,11,100 लाख के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जो 2023-24 में थोड़ा कम होकर 8,57,110 लाख हो गया। यह 2018-19 में पकड़े गये 2,18,650 लाख पीस से काफी अधिक है। हालांकि, पकड़े नहीं गये नकली नोटों की संख्या का अंदाजा लगाना मुश्किल है। आमतौर पर ये ग्रामीण या अर्ध-शहरी बाजारों में प्रचलन में होते हैं। संचालक और ग्राहक पहचान से बचने के लिए बैंकों से बचते हैं।

नकली भारतीय मुद्रा नोटों का उपयोग मुख्य रूप से देश की अर्थव्यवस्था को पंगु बनाने और आर्थिक आतंक पैदा करने के लिए आतंकवादी गतिविधियों में किया जाता है। माना जाता है कि पश्चिम बंगाल और असम की सीमाएं बांग्लादेश, पाकिस्तान और नेपाल से नकली भारतीय मुद्रा के प्रमुख प्रवेश बिंदु हैं। कहा जाता है कि बांग्लादेश और पाकिस्तान दोनों ही देश के पूर्वी हिस्से में नकली भारतीय मुद्रा भेजने के लिए नेपाल का उपयोग कर रहे हैं।

हाल ही में, पुलिस द्वारा नकली मुद्रा संचालन पर एक बड़ी कार्रवाई में, असम के गोलाघाट शहर के गुलाम पट्टी क्षेत्र से चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अत्याधुनिक मुद्रा मुद्रण उपकरण और विभिन्न मूल्यवर्ग के नकली नोट जब्त किये और प्रमुख संचालकों के रूप में ब्रांडेड दुदु अली और राजीबुद्दीन अहमद सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया। हालांकि, सरगना गिरफ्तारी से बचे रहने में कामयाब रहे।

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक के एक अनुमान से पता चला है कि देश में जब्त किये गये कुल नकली नोटों का लगभग 80 प्रतिशत मालदा, मुर्शिदाबाद और नादिया के तीन भारत-बांग्लादेश सीमावर्ती जिलों से आता है। इन तीन जिलों से भेजी जाने वाली नकली नोटों की सबसे ज़्यादा मात्रा मालदा से आती है। बांग्लादेश न सिर्फ़ नकली भारतीय नोटों के लिए एक अहम ज़रिया है, बल्कि वहां नकली नोट भी छापे जा रहे हैं। बांग्लादेश की सीमा से लगे पश्चिम बंगाल के इन तीन मुस्लिम बहुल जिलों के ज़रिये इन्हें देश में भेजा जाता है। इन जिलों के युवाओं का एक बड़ा हिस्सा गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में ठेके पर मज़दूरी करके अपनी आजीविका चलाता है। कहा जाता है कि उनमें से कई बांग्लादेश के ज़रिये तस्करी करके लाये गये नकली भारतीय नोटों के कूरियर के तौर पर इस्तेमाल किये जाते हैं।

हाल ही में, बांग्लादेश में नकली भारतीय नोटों की आपूर्ति और वितरण नेटवर्क काफ़ी बढ़ गया है। हाल ही में सीमा के ज़रिये भारत में जाली भारतीय मुद्रा के अवैध प्रेषण में तेज़ी आई है, जो चिंता का विषय बन गया है। कुछ समय पहले ही ढाका में पुलिस ने बड़ी संख्या में जाली भारतीय मुद्रा नोटों से भरी बोरियां जब्त की थीं। ढाका में स्थानीय मीडिया ने बांग्लादेश पुलिस के हवाले से कहा कि पाकिस्तान में लाहौर स्थित एक सिंडिकेट ऐसे जाली नोट छापता है, जिन्हें फिर संगमरमर के पत्थरों से भरे कंटेनरों में श्रीलंका के ज़रिये बांग्लादेश ले जाया जाता है। भारत में तस्करी से पहले सिंडिकेट के सदस्यों के घरों में 'विशेष कक्षों' में खेप छिपाई जाती है। बांग्लादेश में जाली भारतीय मुद्रा नोटों के उछाल का पता भारतीय पुलिस ने एक जांच के बाद लगाया था।

यह पाया गया कि उन अवैध मुद्रा नोटों को पाकिस्तान में छापा गया था और फिर उन्हें नेपाल और बांग्लादेश की सीमा के ज़रिए या दुबई, बैंकॉक, हांगकांग और कोलंबो को जोड़ने वाले दूसरे मार्गों से अवैध रूप से भारत में आयात किया गया था। पाकिस्तान और बांग्लादेश जाली भारतीय मुद्रा नोटों के दो प्रमुख उत्पादक और वितरक हैं। इसका लक्ष्य आतंकवाद को फ़ंड देना, भारत में मुद्रास्फीति दर बढ़ाना और मुद्रा में विश्वास को कम करना है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन (इंटरपोल) के अनुसार, जालसाजी वित्तीय साधनों से भूमिगत अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है और संगठित आपराधिक तथा आतंकवादी नेटवर्क की गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। जाली मुद्रा की मात्रा का सही आकलन करने के लिए पार्ट्स पर मिलियन (पीपीएम) माप का उपयोग किया जाता है।

नकली मुद्राएं वैश्विक समस्या उत्पन्न करती हैं। यू.एस. डॉलर को दुनिया की सबसे ज़्यादा जाली मुद्रा कहा जाता है। कुछ नकली यू.एस. डॉलर बहुत उच्च गुणवत्ता के बताये जाते हैं। धोखेबाज़ उन्हें वैध मुद्रा के रूप में बेचने की कोशिश करते हैं, या उनका उपयोग ऋण या क्रेडिट लाइन प्राप्त करने के लिए करते हैं। 2002 में मुद्रा लॉन्च होने के बाद से दूसरा सबसे लोकप्रिय नकली बैंक नोट यूरो है।

नकली मुद्राएं वैश्विक समस्या उत्पन्न करती हैं। यू.एस. डॉलर को दुनिया की सबसे ज़्यादा जाली मुद्रा कहा जाता है। कुछ नकली यू.एस. डॉलर बहुत उच्च गुणवत्ता के बताये जाते हैं। धोखेबाज़ उन्हें वैध मुद्रा के रूप में बेचने की कोशिश करते हैं, या उनका उपयोग ऋण या क्रेडिट लाइन प्राप्त करने के लिए करते हैं। 2002 में मुद्रा लॉन्च होने के बाद से दूसरा सबसे लोकप्रिय नकली बैंक नोट यूरो है। हालांकि, दुनिया के कई हिस्सों में केंद्रीय बैंक नवीनतम तकनीक का उपयोग करके नकली-प्रूफ़ मुद्राएं बनाने के लिए काम कर रहे हैं, जिसमें ऐसी विशेषताएं हैं जिनके नकली बनाना मुश्किल है।

ऐसी विशेषताओं में बिलों पर उभरी हुई इंटाग्लियो प्रिंटिंग, सीरियल नंबर, वॉटरमार्क और सुरक्षा धागे और सिक्कों पर मिल्ड या पीछे हटने वाले किनारे शामिल हैं। प्रशिक्षित आंखों के लिए, नकली भारतीय मुद्रा नोटों की पहचान करना बहुत मुश्किल नहीं है। असली भारतीय मुद्रा नोटों में नोट में एक सुरक्षा धागा लगा होता है। जांच करने के लिए, किसी को लेबल को पारदर्शी रखना होगा और उसे थोड़ा घुमाना होगा। हालांकि, स्मार्ट करेंसी जालसाजों के भी नवीनतम तकनीक तक पहुंच हैं। यह केंद्रीय बैंकिंग प्रणाली के सामने एक बड़ी समस्या खड़ी कर रहा है। धोखाधड़ी करने वाले समूह या व्यक्ति दुनिया भर में नकली बैंक नोट और अन्य वित्तीय साधनों के लिए उभरती हुई तकनीक का उपयोग कर रहे हैं।

दुनिया के सबसे ज़्यादा नकली नोटों में शामिल हैं: अमेरिकी डॉलर, ब्रिटिश पाउंड, यूरो, ऑस्ट्रेलियाई डॉलर, फिलीपीनपेसो, कनाडाई डॉलर, दक्षिण अफ्रीकी रैंड, न्यूजीलैंड डॉलर और मलेशियाईरिंगिट। संयोग से, ये सभी परिवर्तनीय मुद्राएं हैं। दूसरी ओर, भारतीय रुपया केवल आंशिक रूप से परिवर्तनीय है। जबकि इसे वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार के लिए स्वतंत्र रूप से विदेशी मुद्रा में और इसके विपरीत परिवर्तित किया जा सकता है, यह पूंजी खाते में पूरी तरह से परिवर्तनीय नहीं है जिसका अर्थ है कि इसे केवल सीमित कारणों से विदेशी मुद्राओं में और इसके विपरीत बदला जा सकता है। इस प्रकार, नकली भारतीय मुद्रा ज्यादातर भारतीयों की समस्या बनी हुई है।



## ललित सुरजन की कलम से

### हाथी, टमाटर और आदिवासी

*छत्तीसगढ़ में हाथियों का आना क्यों शुरू हुआ? यह सवाल सबसे पहले उठना चाहिए। झारखंड तथा उड़ीसा के सीमावर्ती जंगलों में हाथियों की रिहाइश लंबे समय से रही है। वह अब उजड़ती जा रही है। उन जंगलों में कोयला, लौह, अयस्क आदि खनिजों के भंडार हैं जिनका दोहन पिछले कुछ वर्षों में बहुत तेजी के साथ बढ़ा है। इसके कारण पहले तो साल और अन्य बेशकीमती वृक्षों की अंधाधुंध कटाई प्रारंभ हुई। हाथी शाकाहारी प्राणी है। जंगलों के कटने से उसके भोजन के स्रोत धीरे-धीरे करके खत्म होने लगे। फिर जंगल इलाके में बुलडोजर, डम्पर, एक्सकेवेटर, ट्रक इत्यादि की आवाजाही के लिए सडक़ बनना शुरू हुई। इससे हाथी भयभीत होकर यहां-वहां भागने लगे। भारी मशीनों के नीचे दबकर इनकी मौतें भी हुईं। इसके बाद खदानें खुदने से बड़े-बड़े दैत्याकार गड्ढे निर्मित होने लगे, ये भी हाथियों की मृत्यु का कारण बने। ऐसे में हाथियों का भागकर छत्तीसगढ़ आना शुरू हुआ। जब तक संख्या कम थी तब तक किसी का ध्यान नहीं गया, अब परेशानी ही परेशानी है। पर्यावरण का विनाश करने की कीमत इस रूप में चुकाना पड़ेगी यह किसी ने नहीं सोचा था। शायद आज भी नहीं सोच रहे हैं। पहले किसी परियोजना के लिए पर्यावरण स्वीकृति के कठोर नियम थे, वे लगातार शिथिल किए जा रहे हैं। आज समस्या यह है कि एक तरफ हनुमान जी का अवतार माने जाने वाले बंदरों के उत्पात से दिल्ली तक की जनता त्रस्त है, तो दूसरी तरफ गणेश जी के अवतार हाथी के साथ संघर्ष का दौर प्रारंभ हो गया है।*

*(देशबन्धु में 15 दिसम्बर 2016 को प्रकाशित)*

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/12/blog-post_14.html

## पावन प्रसंग

### सेवाभावी नेतृत्व

नेतृत्व का अर्थ है- वह वर्चस्व जिसके सहारे परिचितों और अपरिचितों को अंकुश में रखा जा सके, अनुशासन में चलाया जा सके। आमतौर से मनुष्य अनगढ़ होते हैं। छोटे बच्चे जागने से लेकर सोने तक ऐसे ही उछल-कूद करते रहते हैं। उनकी भाग-दौड़ का न कोई प्रयोजन होता है और न लाभ। मनमरजी चलाने में उन्हें मजा आता है। इशारे से समझाने पर मानते नहीं। उन्हें काबू में रखना, शिष्टाचार बरतने के लिए सहमत करना, पढ़ने जैसे किसी उपयोगी काम में लगाना तभी संभव होता है, जब उनके पीछे व्यवहार कुशल अध्यापक या अभिभावक लगें। यही नेतृत्व है।

आत्मानुभूति यह भी होनी चाहिए कि सबसे बड़ी पदवी इस संसार में मार्गदर्शक की है। नाविक और अध्यापक जो स्नेह, सम्मान पाते हैं; अगणितों को कृतज्ञ बनाते और पार लगाते हैं; वह साधारण नहीं, असाधारण बात है। उतना कर पाना आत्मसंतोष के लिए सबसे बड़ा आधार है। लोकश्रद्धा इसी के सहारे अर्जित होती है। संसार में जो भी महामानवों की श्रेणी में पहुंचे हैं, उन सभी को जनसमर्थन- जन- सहयोग निश्चित रूप से मिला है। यह किस प्रकार सुलभ-संभव है, उसकी विद्या अनुभव- अभ्यास में उतार लेना महती सफलताओं में एक गिनी जा सकती है।

अपने दुर्गुण, कुविचारों एवं हेय कार्यों पर कड़ी नजर रखी जाए, उनका विरोध-असहयोग जारी रखा जाए तो कोई कारण नहीं कि जीवन को उच्चस्तरीय बनाने वाली सत्प्रवृत्ति अपने अभ्यास में न उतर सके। यह बहुत बड़ी बात है। नम्रता, सज्जनता, शिष्टता, उदारता, सेवा- भावना के बलबूते कोई भी व्यक्ति लोकप्रिय एवं श्रद्धास्पद बन सकता है। साथ ही उस समर्थन के कारण हर क्षेत्र में प्रगति के लिए अवसर मिलते रहने का सिलसिला अनायास ही चल पड़ता है।

वरिष्ठ व्यक्तियों को समझदारी, ईमानदारी, जिम्मेदारी और बहादुरी को अपने व्यक्तित्व में समाविष्ट करना पड़ा है। इससे कम में सस्ते मोल खरीदी गई नेतागीरी एक धूर्तता है, जिसकी कलई खुले बिना रह नहीं सकती। बिना जड़ का खोखला पेड़ कब तक खड़ा रह सकता है। वाणी की वाचालता और शेखीखोरी किसी को क्षण भर के लिए प्रभावित कर सकती है, किंतु उसे जनसाधारण के अंतराल में श्रद्धाभरा स्थान नहीं दिला सकती और इसके बिना नेतृत्व गहरा एवं चिरस्थायी नहीं हो सकता।

श्रमशीलता, मितव्ययता, स्वच्छता, सुव्यवस्था, सज्जनता, शिष्टता, सहकारिता, उदारता, संयमशीलता, मिलनसारी जैसे गुणों को परिजनों के स्वभाव में उतारने के लिए उनका कार्यक्रम ऐसा बनाना चाहिए, जिसके सहारे इन प्रवृत्तियों को दैनिक क्रियाकलापों में सम्मिलित रखकर चलना पड़े। यह वस्तुत: बहुत बड़ा उपार्जन या अनुदान है।

**-युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### जागरुकता से उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा

उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए सरकार अभियान चलाती आई है इससे लोगों में होशियारी बढ़ी जरूर है मगर फिर भी उपभोक्ता ठगने से पूरी तरह नहीं बच पाता। ऐसा होता ही है कि जागरूक उपभोक्ता न क्वालिटी में ठगाता है न दाम में। आज बाजार में भी दुकानदारों की होशियारी का आलम है। दुकानदार बड़ी चतुराई से मनमाफिक दाम वसूल लेता है और मजबूर उपभोक्ता समझते हुए भी विरोध नहीं करता इसी वजह से उनका शोषण भी होता है। लेकिन हिम्मत वाले उपभोक्ता का साहस अपराधियों को दंड दिलाने का काम करता है। चवन्नी/अठन्नी भले ही आज बाजार में व्यवहारिक रूप से चलन में नहीं हो पर ऑनलाइन खरीदी, बिक्री में उसका लेन-देन बरकरार है। देखने में आता है कि बाजार में अब ?5 से ऊपर के ही बाकी बचे पैसे देने का रिवाज बनता जा रहा है। एक/दो रुपए के सिक्के चलन में होने के बावजूद दुकानदार बड़ी होशियारी से इनके नहीं चलने या बंद होने का हवाला देकर टॉफी आदि देकर और ज्यादातर राउंड फिगर में दाम वसूल लेता है। उपभोक्ता भी फालतू की टसल की बजाय उसे स्वीकार कर लेता है लेकिन प्रतिदिन का यह आंकड़ा सालाना लाखों/करोड़ों में पहुंच जाता है जो उपभोक्ता की जेब पर सीधे-सीधे डाका है। बाकी नहीं देने या सिक्के नहीं लेने की शिकायत का माद्दा बहुत कम लोग ही रखते हैं और जो उपभोक्ता फोरम तक पहुंचता है उसे भरपूर मुआवजे के साथ ही धोखाधड़ी करने वाली संस्थाओं/ दुकानदारों को उचित दंड भी मिलता है। कुछ समय पहले चेन्नई के उपभोक्ता को डाक विभाग द्वारा मात्र अठन्नी कम दिए जाने के मामले में 15 हजार के मुआवजे से दंडित किया गया था उससे सबक लेकर उपभोक्ताओं को जागृत होना चाहिए। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण कई मामले उपभोक्ता की सजगता से न केवल उजागर हुए हैं बल्कि लापरवाही और बेइमानी दंडित भी हुई है। उपभोक्ताओं को चाहिए कि वे एक एक पैसे का पूरा हिसाब दुकानदार से ले। कम से कम दुकानदार भी इमानदारी का परिचय दे। दोनों हाथ से ताली बजेगी तो अधिक उचित रहेगा।

**अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र**

# खेल जगत

## हम एडिलेड में बेहतर क्रिकेट खेलने के लिए उत्साहित हैं : कैरी

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने टीम में किसी भी तरह की टेंशन की खबरों को नकारते हुए कहा कि एडिलेड में टीम कमबैक करेगी। पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में भारत के खिलाफ 295 रनों की करारी हार का सामना करने के बाद एडिलेड में कैरी ने 'क्रिकेट की बेहतर शैली' के साथ मजबूत वापसी करने की कसम खाई है। कैरी ने आस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी क्रम का समर्थन करते हुए कहा कि वे सभी एडिलेड ओवल में पिंक बॉल से होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में बड़ी पारियां खेलना चाहते हैं। कैरी ने मंगलवार को कहा कि अगर आप बल्लेबाजों से पूछें, तो हम सभी बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। हम एक बहुत ही एकजुट समूह हैं। हम सभी को बल्लेबाजी करने का अवसर मिलता है और हम सभी बोर्ड पर बड़े रन बनाना जारी रखने के लिए उत्सुक हैं।



# भारतीय टीम जू. महिला हॉकी एशिया कप में खिताब बरकरार रखने उतरेगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश की फुलबैक ज्योति सिंह की कप्तानी में भारत की 18 सदस्यीय महिला हॉकी टीम टीम मस्कट (ओमान) में 7 से 15 दिसंबर तक होने वाले महिला जूनियर हॉकी एशिया कप में अपना खिताब बरकरार रखने के मकसद से मंगलवार सुबह बेंगलुरु के केंपेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से मस्कट रवाना हो गई। महिला जूनियर हॉकी एशिया कप एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट है। भारत को हाल ही में राजगीर (बिहार) में सीनियर महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में सबसे ज्यादा गोल करने वाली ऑलराउंडर दीपिका सहरावत के साथ स्ट्राइकर ब्यूटी डुंगडुंग , मुमताज खान और कणिका सिवाच के रूप में तेज अग्रिम पंक्ति के साथ चतुर आक्रामक मिडफील्डर सुनीलिता टोपो व वैष्णवी विट्ठल फाल्के के साथ सीनियर टीम में खेल चुकी टीम की ताकत है और उसे खिताब बरकरार रखने और महिला जूनियर विश्व कप खिताब बरकरार रखने का दावेदार बनाती है। भारत की उप कप्तान साक्षी राणा ने कहा, 'भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का जूनियर पुरुष एशिया कप में मस्कट में सेमीफाइनल में पहुंचना उत्साह बढ़ाने वाला और वह वहां खिताब जीतने की ओर बढ़ रही है। हम जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप में अपनी भारतीय टीम के मैच देख रही हैं और हम अपनी टीम का अब बाकी मैचों में हौसला बढ़ाने के लिए मस्कट में होंगी।' भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडकर ने कहा,' हमारी जूनियर टीम अनुभवी और नौजवान खिलाड़ियों की मिली जुली एक मजबूत टीम है और हमें अपनी जूनियर टीम पर पूरा विश्वास है।'



■ दीपिका, सुनीलिता, ब्यूटी व कणिका से तेज अग्रिम पंक्ति है भारत जू.टीम की ताकत

■ ज्योति सिंह की अगुआई में भारत की जू.हॉकी टीम मस्कट रवाना

### हम जू. महिला हॉकी एशिया कप में अपना सर्वश्रेष्ठ देने को बेताबः ज्योति सिंह

भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम जूनियर एशिया कप में मजबूत चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश के साथ पूल ए में है जबकि दक्षिण कोरिया। जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका की टीम पूल बी में हैं। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अपने अभियान का आगाज बांग्लादेश के खिलाफ आठ दिसंबर को मैच से करेगी। भारत की जूनियर हॉकी टीम की कप्तान ज्योति सिंह ने कहा, 'हम महिला जूनियर हॉकी एशिया कप में अपने अभियान को लेकर खासे आत्मविश्वास से भरे हैं। हमारी टीम एक अच्छी अनुभवी टीम है। हमने बीते कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है और हम जूनियर महिला एशिया कप में अपना सर्वश्रेष्ठ देने को बेताब हैं।'

**भारत की जूनियर महिला हॉकी एशिया कप में शिरकत करने जा रही 18 सदस्यीय टीम है : गोलरक्षक : निधि, अदिति माहेश्वरी।**

**रक्षापंक्ति :** मनीषा, ज्योति सिंह (कप्तान), ललथांतलुआंगी, पूजा साहू, ममता उरांव।
**मध्य पंक्ति :** वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनीलिता टोपो, इशिका, रजनी करकेटा, साक्षी राणा (उपकप्तान), खाइदम शिलिमा चानू।

■ अग्रिम पंक्ति : दीपिका
■ सहरावत, ब्यूटी डुंगडुंग,
■ कणिका सिवाच, मुमताज खान, ललरिनपुई।

### जू.महिला हॉकी टीम में शामिल दर्जनभर खिलाड़ी एचआईएल में खेलेंगी

भारत की 18 सदस्यीय जूनियर टीम में पहली बार हो रही भारत में पहली बार महिला हॉकी लीग (एचआईएल) 2025 में खेलने जा रही दूसरी सबसे महंगी खिलाड़ी मिडफील्डर सुनीलिता टोपो(दिल्ली एसजी पाइपर्स, 24 लाख रुपये), महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत की नायिका दीपिका सहरावत ( दिल्ली एसजी पाइपर्स 20 लाख रुपये), मुमताज खान ( दिल्ली एसजी पाइपर्स , 11 लाख रुपये) और कप्तान ज्योति सिंह (दिल्ली एस जी पाइपर्स, दो ला रुपये) और भारत की पूर्व कप्तान प्रीतम सिवाच की बेटी कणिका सिवाच (ओडिशा वॉरियर्स, तीन लाख दस हजार रुपये) उपकप्तान साक्षी राणा (ओडिशा वॉरियर्स, सात लाख रुपये) सहित दर्जन भर खिलाड़ी भारत में पहली बार होने जा रही महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में शिरकत करेंगी। मौजूदा भारत जूनियर महिला हॉकी टीम की दर्जन भर महिला एचआईएल में सबसे ज्यादा आधा दर्जन खिलाड़ियों को दिल्ली एसजी पाइपर्स ने खरीदा है।

# विश्व नंबर 4 अर्जुन एरिगैसी नॉर्वे शतरंज 2025 में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार

**स्टावेंजर (नॉर्वे),** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी नॉर्वे शतरंज 2025 में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं, जो यूरोप में शीर्ष शतरंज आयोजनों में से एक है, और 26 मई से 6 जून तक स्टावेंजर में खेला जाएगा। सिर्फ़ 21 साल की उम्र में और विश्व नंबर 4 पर, एरिगैसी शतरंज कैलेंडर के सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंटों में से एक में युवा महत्वाकांक्षा और असाधारण प्रतिभा लेकर आए हैं। अर्जुन का शीर्ष पर पहुंचने का सफर अभूतपूर्व से कम नहीं रहा है। उनका ब्रेकआउट वर्ष 2022 में शुरू हुआ जब उन्होंने कई हाई-प्रोफाइल जीत हासिल कीं। जनवरी में, उन्होंने प्रतिष्ठित टाटा स्टील शतरंज चैलेंजर्स जीता और मार्च तक उन्हें भारतीय राष्ट्रीय चैंपियन का ताज पहनाया गया। उस गर्मी में, उन्होंने 28वें अबू धाबी अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में अपना दबदबा बनाया, जिसमें उन्होंने विभिन्न प्रारूपों में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। वर्ष के अंत में, अर्जुन ने टाटा स्टील शतरंज इंडिया ब्लिट्ज में जीत हासिल की, जिससे एक उभरते सितारे के रूप में उनकी प्रतिष्ठा मजबूत हुई।यह गति 2023 में भी जारी रही, जहां अर्जुन ने लगातार प्रभावित करना जारी रखा। मार्च में, वह शारजाह मास्टर्स के विजेता के रूप में उभरे, और बाद में वर्ष में, वह विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। अर्जुन की उल्लेखनीय उपलब्धियों ने उन्हें शतरंज की बिसात से परे पहचान दिलाई है। 2024 में, अर्जुन ने नई ऊँचाइयों को छुआ। उन्होंने वर्ष की शुरुआत मेनोरका ओपन ए, स्टीफन अवग्यान मेमोरियल और लंदन में डब्ल्यूआर शतरंज मास्टर्स कप में जीत के साथ की, जिससे प्रतिस्पर्धी खेल में उनकी निरंतरता और प्रभुत्व साबित हुआ। सितंबर में, अर्जुन ने शतरंज ओलंपियाड में टीम इंडिया को स्वर्ण पदक दिलाया, जिसमें बोर्ड तीन पर 2968 की शानदार रेटिंग के साथ एक शानदार प्रदर्शन किया। इस उल्लेखनीय प्रदर्शन ने उन्हें एक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भी दिलाया। उसी महीने, अर्जुन भारत के शीर्ष रेटेड खिलाड़ी बन गए, दिसंबर में 2801 की करियर-उच्च लाइव रेटिंग तक पहुंच गए। प्रतिष्ठित 2800 की सीमा पार करके, वह खिलाड़ियों के एक विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए और महान विश्वनाथन आनंद के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले केवल दूसरे भारतीय बन गए। अपनी शैली और विकास पर विचार करते हुए, अर्जुन ने कहा, कि मैं अति-महत्वाकांक्षा और वस्तुनिष्ठता की कमी के कारण मैच हार जाता था, लेकिन अब मैं अपनी महत्वाकांक्षा को संतुलित तरीके से आगे बढ़ाने का प्रयास करता हूं।

■ अर्जुन का शीर्ष पर पहुंचने का सफर अभूतपूर्व से कम नहीं रहा है

■ वर्ष के अंत में, अर्जुन ने टाटा स्टील शतरंज इंडिया ब्लिट्ज में जीत हासिल की




# डेक्कन ग्लेडिएटर्स ने तीसरी बार अबू धाबी टी-10 का खिताब जीता

**अबू धाबी,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। डेक्कन ग्लेडिएटर्स और मॉरिसविले सैम्प आर्मी के बीच 2024 अबू धाबी टी10 टूर्नामेंट का फाइनल जो जायद क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया, दर्शकों के लिए पूरी तरह से मनोरंजक रहा। 105 रनों का पीछा करते हुए, ग्लेडिएटर्स ने कुछ धमाकेदार प्रदर्शन किया और तीन ओवर शेष रहते 8 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज और इंग्लैंड के बल्लेबाज टॉम कोहलर-कैडमोर ने पहले ही ओवर में कप्तान रोहन मुस्तफा को पहले ओवर में लगातार चार चौके जड़कर टीम का स्कोर आगे बढ़ाया, जबकि उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान निकोलस पूरन भी जल्द ही होड़ में शामिल हो गए। वेस्टइंडीज के पूरन ने पाकिस्तान के स्पिनर इमाद वसीम पर दबदबा बनाया और ग्लेडिएटर्स ने तीसरे ओवर में 20 रन बटोरे और 50 रन का आंकड़ा पार किया। बाएं हाथ के बल्लेबाज को आखिरकार तेज गेंदबाज इसुरु उदाना ने 10 गेंदों पर 28 रन पर आउट कर दिया, जब मुस्तफा ने डीप में शानदार शॉट लगाया, लेकिन इससे सैम्प आर्मी को कोई मदद नहीं मिली क्योंकि कैडमोर ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और अर्धशतक जड़ा। इससे पहले, मॉरिसविले सैम्प आर्मी को कभी भी वह शुरुआत नहीं मिली जो वे चाहते थे और लगातार विकेट खोते हुए 81/5 पर सिमट गई। यह अफगानिस्तान के करीम जनत की आखिरी पारी की बदौलत था, जिन्होंने पारी के अंतिम ओवरों में 8 गेंदों पर 16 रन बनाए, जिससे कुल स्कोर 10 ओवरों में 104/7 हो गया।

# एलिस्टर कुक ने यशस्वी जायसवाल की जमकर की तारीफ

**नई दिल्ली,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। यशस्वी जायसवाल का नाम क्रिकेट जगत में इन दिनों गूंज रहा है। औसत, रन और रिकॉर्ड सबमें ये युवा बल्लेबाज परफेक्ट है। भारतीय क्रिकेट का भविष्य बताए जाने वाला यह 22 साल का युवा अपनी कड़ी मेहनत, हुनर और कभी हार न मानने वाले जज्बे के कारण मशहूर है। वैसे तो इस बल्लेबाज की फैन लिस्ट लंबी है, लेकिन इन दिनों इस लिस्ट में एक इंग्लिश दिग्गज क्रिकेटर का नाम भी जुड़ गया है, जिन्होंने यशस्वी को 'क्लास खिलाड़ी' और विश्व के अद्‌भुत बैटर का तमगा दिया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक ने भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की तारीफ की है, जिन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के शुरुआती टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की बड़ी जीत में शानदार 161 रन बनाए। उन्होंने उन्हें एक 'क्लास खिलाड़ी' बताया। साथ ही उन्होंने तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क पर तंज और चुटकी लेने की क्षमता रखने वाले युवा खिलाड़ी के आत्मविश्वास की भी



सराहना की। कुक ने टीएनटी स्पोर्ट्स पर कहा कि हमने यहां उनका जश्न काफी देखा है, लेकिन निश्चित रूप से यह इंग्लैंड की तुलना में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अधिक मजेदार था। स्टार्क को स्लेजिंग करना काफी बड़ी बात है। उस समय वह मुझे लगता है कि वह 100 रन पर नहीं थे, न ही वह किसी बड़े स्कोर थे, लेकिन वह उनसे कह रहे थे कि तुम धीमी गेंदबाजी कर रहे हो। यह काफी हैरान करने वाला और मजेदार था। उन्होंने आगे कहा कि मैंने स्टार्क का सामना किया है और वह निश्चित रूप से धीमी गति से गेंदबाजी नहीं करता है। अगर वह धीमी गति से गेंदबाजी कर रहा होता, तो मैं अपना मुंह बंद रखता और उसे परेशान नहीं करता, लेकिन 22 वर्षीय होते हुए ऐसा करने का माद्दा रखना साफ जाहिर करता है कि उसका आत्मविश्वास कितना मजबूत है। जायसवाल के नाम इस साल 12 टेस्ट मैचों में 1280 रन हो गए हैं। वह इस साल टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। जबकि, जो रूट के नाम 15 मैचों में 1338 रन हैं।

कुक ने कहा कि मुझे लगता है कि 15 टेस्ट मैचों के बाद उन्होंने शीर्ष क्रम में किसी भी भारतीय खिलाड़ी की तुलना में सबसे अधिक रन बनाए हैं। ओपनिंग में बल्लेबाजी करने के लिए सबसे कठिन स्थान है।

वह कितने शानदार खिलाड़ी हैं, इससे साफ पता चलता है। जायसवाल को एक कैलेंडर वर्ष में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के लिए 2024 के अंत तक 283 रन बनाने की जरूरत है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने 2010 में 14 टेस्ट मैचों में कुल 1562 रन बनाए थे।

# टॉड ग्रीनबर्ग को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का नया सीईओ नियुक्त किया गया

**मेलबर्न,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। टॉड ग्रीनबर्ग को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट का नया सीईओ नियुक्त किया गया। वह निक हॉकले की जगह लेंगे, जिन्होंने अगस्त में यह ऐलान किया था कि वह मार्च के अंत में अपना पद छोड़ देंगे। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट ने इस संबंध में जारी अपनी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि ग्रीन बर्ग को उनके पुराने अनुभवों को देखते हुए इस पद के लिए चुना गया है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के सीईओ नियुक्त किए जाने से पहले वह नेशनल रग्बी लीग और कैंटरबरी-बैंकस्टाउन बुलडॉग्स के सीईओ, स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया के महाप्रबंधक भी रह चुके हैं। वह विधिवत रूप से मार्च महीने से अपने पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। वह मार्च 1892 में ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट काउंसिल के रूप में पहली बार स्थापित होने के बाद से ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट गवर्निंग बॉडी के सचिव या मुख्य कार्यकारी बनने वाले 15वें व्यक्ति बन जाएंगे।ग्रीन बर्ग के पास क्रिकेट के क्षेत्र में लंबा अनुभव है। वह एनएसडब्ल्यू प्रीमियर क्रिकेट में रैंडविक के लिए फर्स्ट ग्रेड खेल चुके हैं। उन्होंने शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में 1987 और 1997 के बीच सिडनी में रैंडविक सीसी के लिए 10 सीजन खेले थे। ग्रीनबर्ग कैंटरबरी बुलडॉग्स के सीईओ बनने से पहले क्रिकेट एनएसडब्ल्यू के साथ भी काम कर चुके हैं।

## सार संक्षेप

### चिली 2025 महिला जूनियर विश्व कप की मेजबानी करेगा

**लुसाने (स्विटज़रलैंड)।** चिली की राजधानी सैंटियागो अगले साल एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप के 11वें संस्करण की मेजबानी करेगी, जैसा कि आज अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने खुलासा किया है। दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र चौथी बार इस आयोजन की मेजबानी करते हुए उभरते सितारों को बढ़ावा देगा। इसके अलावा, हॉकी प्रशंसकों की खुशी के लिए, इस बार जयकार करने के लिए 8 और टीमें होंगी! वास्तव में, एफआईएच सशक्तिकरण और जुड़ाव रणनीति के प्रमुख स्तंभों में से एक बड़ी संख्या में राष्ट्रीय संघों को खेलने के अधिक अवसर देना है, 2025 एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप - महिला और पुरुष - एफआईएच के इतिहास में पहली बार 24 टीमों को शामिल करेगा।

### झारखंड ने दिल्ली को पांच विकेट से हराया

**मुम्बई।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कुमार कुशाग्र (नाबाद 55) और उत्कर्ष सिंह (38) की बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर झारखंड ने दिल्ली को पांच विकेट से हरा दिया है। 155 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी झारखंड की टीम के लिए सलामी बल्लेबाज इशान किशन और उत्कर्ष सिंह ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये (50) रन जोड़े। ईशान किशन (14) रन बनाकर आउट हुये। कुमार कुशाग्र 30 गेंदों में (नाबाद 55), उत्कर्ष सिंह ने 23 गेंदों में (38), अनुकूल रॉय ने 20 गेंदों में (27) रनों की आतिशी पारी खेली रॉबिन मिन्ज (12) रन बनाकर नाबाद रहे। झारखंड ने 19 ओवर में पांच विकेट पर 157 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। दिल्ली की ओर इशांत शर्मा ने दो विकेट लिये। मयंक रावत , सुयश शर्मा और हर्ष त्यागी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

### पाक ने टी-20 मुकाबले में जिम्बाब्वे को हराया

**बुलावायो।** सुफियान मकीम तीन रन देकर (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद सईम अयूब (नाबाद 36) और ओमैर यूसुफ (नाबाद 22) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को दूसरे टी-20 मुकाबले में 10 विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। जिम्बाब्वे के 57 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान ने सईम अयूब (नाबाद 36) और ओमैर यूसुफ (नाबाद 22) की आतिशी पारियों के दम पर 5.3 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 61 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया। इससे पहले टॉस जीतकर जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ब्रायन बेनेट और तड़िवनाशे मारुमानी की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिय 37 रन जोड़े।

# क्राइस्टचर्च टेस्ट : धीमी ओवर गति के कारण इंग्लैंड और न्यूजीलैंड ने तीन-तीन डब्ल्यूटीसी अंक गंवाए

**क्राइस्टचर्च,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। क्राइस्टचर्च में पहले टेस्ट में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण इंग्लैंड और न्यूजीलैंड पर जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को कहा कि दोनों टीमों पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और तीन विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) प्रतियोगिता अंक काटे गए हैं। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि आईसीसी के मैच रेफरी के एलीट पैनल के डेविड बून ने बेन स्टोक्स और टॉम लैथम की दोनों टीमों पर समय भत्ते को ध्यान में रखते हुए लक्ष्य से तीन ओवर कम होने का फैसला सुनाए जाने के बाद प्रतिबंध लगाए। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय में गेंदबाजी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। इसके अलावा, आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की खेल शर्तों के अनुच्छेद 16.11.2 के अनुसार, प्रत्येक ओवर कम होने पर टीम को एक अंक का दंड दिया जाता है। दोनों कप्तानों ने अपराध स्वीकार किया और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। ऑन-फील्ड अंपायर अहसान रजा और रॉड टकर, तीसरे अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक और चौथे अधिकारी किम कॉटन ने आरोप लगाए। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट आठ विकेट से जीता और न्यूजीलैंड के अपने दूसरे डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने की संभावनाओं को कम कर दिया। हालांकि इंग्लैंड पहले ही हेगले ओवल में आठ विकेट की प्रभावशाली जीत के बावजूद अगले साल के फाइनल में पहुंचने की दौड़ से बाहर हो चुका है।



■ दोनों कप्तानों ने अपराध स्वीकार किया और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया

# वेंकट सुंदरम निर्विरोध आईसीए अध्यक्ष चुने गए

**बेंगलुरु,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। वेंकट सुंदरम को सर्वसम्मति से भारतीय क्रिकेटर्स एसोसिएशन (आईसीए) का अध्यक्ष चुना गया है। दिल्ली के पूर्व क्रिकेटर और अनुभवी क्रिकेट प्रशासक सुंदरम दिवंगत, अंशुमान गायकवाड़ का स्थान लेंगे, जिनका जुलाई 2024 में निधन हो गया था जिसके बाद यह पद खाली हो गया था। भारतीय क्रिकेटरों के हितों का प्रतिनिधित्व करने के लिए गठित आईसीए 31 जुलाई को गायकवाड़ के निधन के बाद से अध्यक्ष के बिना था। सुंदरम के चुनाव की पुष्टि 30 नवंबर को हुई थी, और अध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल 2025 में आईसीए पदाधिकारियों के अगले आम चुनाव तक जारी रहेगा, जो बीसीसीआई के चुनाव अधिकारी की देखरेख में आयोजित किया जाएगा।

# शिवम दुबे-सूर्यकुमार यादव के आतिशी अर्द्धशतकों से जीती मुंबई

**हैदराबाद,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी के छठे राउंड में सूर्यकुमार यादव (46 गेंदों में 70 रन) और शिवम दुबे (37 गेंदों में 71 रन) की आतिशी पारियों की मदद से मुंबई ने सर्विसेज को मंगलवार को 39 रनों से हरा दिया। यह दोनों का वापसी मैच था। जहां सूर्यकुमार निजी कारणों से कुछ दिनों से क्रिकेट के मैदान से बाहर थे, वहीं पीठ की चोट के कारण दुबे भी पिछले सितंबर से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेल पाए थे। प्लेयर ऑफ द मैच बने दुबे अपनी पारी के दौरान अधिक आक्रामक नज़र आए और उनकी पारी में दो चौके और सात गगनचुंबी छक्के शामिल थे। वहीं सूर्यकुमार की पारी में सात चौके और चार छक्के शामिल थे। दोनों ने वापसी करते हुए सिर्फ़ 66 गेंदों में 160 रनों की बेहतरीन साझेदारी की और अपनी टीम को ख़राब शुरुआत से उबारा।ओपनर पृथ्वी शॉ खाता खोले बिना आउट हुए। मुंबई के 192 रनों के जवाब में सर्विसेज निर्धारित 20 ओवरों में सिर्फ़ 153 रन ही बना सकी और 39 रन से मैच हार गई।



**सौराष्ट्र का बेहतरीन बल्लेबाज़ी फ़ॉर्म जारी**

**इंदौर।** सौराष्ट्र ने तमिलनाडु के खिलाफ मैच में 235 रन बनाए, जिसमें हार्विक देसाई (55), रूचित अहीर (56) और समर गज्जर (55) के अर्धशतक शामिल हैं। अहीर का यह दो मैचों में लगातार दूसरा अर्धशतक है, वहीं देसाई ने भी लगातार दूसरा अर्द्धशतक लगाया।

# भारत नेत्रहीन महिला टी-20 विश्व कप की मेजबानी करेगा : सीएबीआई प्रमुख

**नई दिल्ली,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट संघ (सीएबीआई) के अध्यक्ष महंतेश जी. किवादासन्नावर ने पाकिस्तानी मीडिया पर यह कहकर 'अनावश्यक भ्रम' पैदा करने का आरोप लगाया कि भारत से अगले साल नवंबर में होने वाले नेत्रहीन महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी के अधिकार छीन लिए गए हैं। कई पाकिस्तानी मीडिया आउटलेट्स ने रिपोर्ट की है कि भारत के नेत्रहीन महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी के अधिकार रद्द कर दिए गए हैं, क्योंकि देश ने चल रहे नेत्रहीन पुरुष टी20 विश्व कप में भाग लेने के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करने का फैसला किया है। यह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए चल रही अराजकता के बीच आया है, जहां बीसीसीआई ने आईसीसी को बताया कि केंद्र सरकार से मंजूरी नहीं मिलने के बाद भारतीय टीम पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी। किवादासन्नवर ने एजेंसी को फोन कर बताया कि यह गलत खबर है। हमने पिछले साल ही मेजबानी के अधिकार जीते हैं। हमने एजीएम में अभी-अभी कार्यप्रणाली पर चर्चा की है। पाकिस्तान का महिला विश्व कप से कोई लेना-देना नहीं है। अगर भारत सरकार हमें पाकिस्तान को भारत में आयोजित करने की अनुमति देती है, तो यह भारत में ही आयोजित किया जाएगा। अन्यथा, हम भारत के साथ नेपाल या श्रीलंका में इसे आयोजित करने के लिए हाइब्रिड मॉडल की संभावना तलाश रहे हैं। सोमवार को पाकिस्तान के मुल्तान में आयोजित विश्व दृष्टिहीन क्रिकेट परिषद की 26वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान इस बात पर चर्चा हुई कि भारत नवंबर 2025 में दृष्टिहीनों के लिए पहली बार महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी करेगा, जिसमें तटस्थ स्थल या हाइब्रिड मॉडल का इस्तेमाल किया जाएगा।




# नाहिद राणा के पंजे से वेस्ट इंडीज 146 पर ढेर

**किंग्सटन (जमैका),** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने कहा कि उन्होंने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को कोई मौका नहीं देने पर ध्यान केंद्रित किया, जिससे मेजबान टीम को मंगलवार को 146 रन पर आउट कर दिया गया। अपना छठा टेस्ट खेल रहे नाहिद ने 18 ओवर में 5-61 के आंकड़े के साथ वापसी की और बांग्लादेश को मैच में बढ़त दिलाई। हालांकि, उनकी पहली पारी 164 रन पर सिमट गई थी। बांग्लादेश ने जकर अली (नाबाद 29) और तैजुल इस्लाम (नाबाद 9) की बदौलत स्टंप्स तक 193/5 रन बनाकर 211 रन की बढ़त हासिल कर ली। इससे पहले बांग्लादेश के कप्तान मेहदी हसन मिराज और शादमान इस्लाम ने क्रमशः 42 और 46 रनों की पारी खेली। सीरीज में 1-0 से पीछे चल रही बांग्लादेश की टीम ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच पर कब्जा कर लिया। नाहिद ने वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी को पूरी तरह ध्वस्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, क्योंकि मेजबान टीम ने अपने अंतिम 9 विकेट मात्र 61 रन पर गंवा दिए, जिससे उनकी पारी 146 रन पर समाप्त हो गई। राणा ने मैच के बाद कहा कि अल्हम्दुलिल्लाह (मेरे पहले पांच विकेट के लिए)। मैंने बहुत अधिक चीजों की कोशिश नहीं की, बस यह देखने पर काम किया कि मैं बल्लेबाजों को जगह दिए बिना कैसे गेंदबाजी कर सकता हूं।मुझे लगता है कि इस विकेट पर अगर आप बिना ज्यादा प्रयास किए, बल्लेबाजों को जगह दिए बिना लाइन टू लाइन गेंदबाजी करते हैं, तो बल्लेबाज बहुत कुछ करने की कोशिश करते हैं।



## सार समाचार

### शहर की सड़कों के सुधार के लिए कांग्रेस ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



**विदिशा, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में मंगलवार को कांग्रेस के जिम्मेदार पदाधिकारियों ने कलेक्टर रोशन कुमार सिंह से भेंटकर शहर की सड़कों के सुधार हेतु ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी और अन्य साथियों ने शहर की बिगड़ी सड़क व्यवस्था और उससे होने वाली बीमारियों से गरीब, छोटे दुकानदार साथियों को हो रही गंभीर बीमारियों के संदर्भ में कलेक्टर को अवगत कराया। इस अवसर पर कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वह जनहित और दुकानदार साथियों के हित में ही शहर में सड़क बनाई जाने हेतु सार्थक निर्णय लेंगे।

उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने बताया कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन के दौरान सुभाष बोहत एडवोकेट, रवि साहू, राजकुमार पासी, रमेश तिवारी, गोविंद भार्गव, सोनू यादव, बद्री प्रसाद यादव, चीनू भारद्वाज, अशरफ खान, सुनील सिंह दांगी एडवोकेट, राहुल रघुवंशी, गोलू शर्मा, अमित जैन, जवाहर सिंह कुशवाहा, पर्वत सिंह गौड़ आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### रस्सा खींच, बाधा दौड़ और साइकिल रेस सहित कई प्रतियोगिताएं हुई

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर में खेल महाकुंभ का आयोजन किया गया। खेल महाकुंभ का उद्घाटन गिरीश प्रदेश संगठन मंत्री, क्रीड़ा भारती और राजकुमार सिंह प्रांत शालेय कार्य प्रमुख द्वारा किया गया। खेल कुंभ में 200 से अधिक खेल जैसे रस्सा खींच, बाधा दौड़,साइकिल रेस,बोरा दौड़ प्रतियोगिताएं कराई गई। जिसमें बासौदा नगर के करीब 1100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला प्रचारक राकेश परमार, जिला शालेय कार्य प्रमुख हर्षित पाठक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से उपस्थित क्रीड़ा भारती के प्रदेश संगठन मंत्री गिरीश ने उपस्थित विद्यार्थियों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बने रहने के लिए मार्गदर्शित किया। इस अवसर पर शहर के अनेक नागरिक बच्चों व विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करने के लिए तारण तरण जैन पाठशाला ग्राउंड पहुंचे।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का विरोध, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# दोपहर 1 से 3 बजे तक बंद रहे बाजार, निकाली रैली

**विदिशा, देशबन्धु।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर हिंदूवादी संगठनों द्वारा मंगलवार को दोपहर 1 बजे से माधवगंज चौक से एक रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। बंद के आव्हान पर दोपहर 1 बजे से नगर की मुख्य बाजार की दुकानें बंद रही और अपना समर्थन देने व्यापारी माधवगंज चौक पहुंचे। बांग्लादेशियों द्वारा अल्पसंख्यकों पर किए जा रहे अत्याचार को लेकर नगर के सभी हिंदूवादी संगठनों ने एकजुट होकर माधवगंज धरना प्रदर्शन किया। इसके साथ ही नगर के मुख्य बाजारों से हिंदूवादी संगठनों द्वारा एक रैली निकाली गई। इस दौरान रैली में हजारों की तादाद में लोगों ने अपनी भागीदारी दी और बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की। माधवगंज चौक से शुरू हुई रैली कोतवाली थाना होते हुए निकासा, तिलक चौक, नीमताल चौराहा से नगर पालिका रोड होते हुए माधवगंज चौक पहुंची। इस दौरान एसडीएम क्षितिज शर्मा को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर आए दिन अत्याचार किए जा रहे हैं और मंदिरों को निशाना बनाकर उन्हें खंडित किया जा रहा है। एक समुदाय द्वारा बांग्लादेश में



रह रहे अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि इस संबंध में निंदा प्रस्ताव पारित किया जाना चाहिए और विदेश में भी बांग्लादेश के विरोध में अन्य देशों को भी हिंदुओं के समर्थन में आना चाहिए। इस दौरान माधवगंज चौक पर एक धर्म सभा का भी आयोजन किया गया। जिसमें कई साधु संतों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम की जानकारी मिलते ही किन्नर समाज के लोग भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने पहुंचे और बांग्लादेश में हो रहे अल्पसंख्यकों पर अत्याचार को लेकर हिंदू संगठनों का समर्थन किया।

**बाजार और कृषि उपज मंडी बंद:** हिंदूवादी संगठनों द्वारा बुलाए गए बंद का समर्थन करते हुए व्यापार महासंघ के आव्हान पर व्यापारियों ने दोपहर 1 से लेकर 3 बजे तक अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखें और सभी लोग माधवगंज चौक पर हो रही धर्म सभा में शामिल हुए। इस दौरान कृषि उपज मंडी में भी मंगलवार को नीलामी में बंद रही, क्योंकि कृषि उपज मंडी में भी एक दिन पहले ही सभी किसानों और व्यापारियों को सूचित कर दिया गया था कि मंगलवार को पूरे दिन मंडी बंद रहेगी। इसका असर साफ दिखाई दिया और मंडी में कोई भी व्यापारी और किसान अपनी उपज लेकर नहीं पहुंचा।

**ग्रामीण दुकान खुलने का करते रहे इंतजार:** दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक नगर के मुख्य बाजार की सभी दुकानें बंद रहीं। ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए लोग खरीदी करने के लिए दुकानों के पास बैठे हुए नजर आए। ग्रामीणों का कहना था कि वह सामग्री खरीदने के लिए आए हैं, लेकिन बाजार बंद है।

## धोखाधड़ी कर निकाली राशि वृद्ध किसान को वापस दिलवाई



**सिरोंज, देशबन्धु।** एक वृद्ध मिट्ठूलाल द्वारा मंगलवार को जनसुनवाई में शिकायत दर्ज करवाई गई कि उनके खाते में शासन द्वारा अंतरित पीएम किसान सम्मान निधि योजना एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के 4000 रुपए छतरी नाका स्थित कियोस्क संचालक द्वारा उनका अंगूठा लगवाकर निकाल लिए गए। कृषक कई दिनों से संबंधित कियोस्क के चक्कर लगाकर परेशान था और बार बार अपने पैसों की मांग कर रहा था।

आज ही एसडीएम हर्षल चौधरी ने तत्काल कार्यवाही करते हुए संबंधित कियोस्क संचालक को बुलाकर जब पड़ताल की गई तो कृषक की शिकायत सत्य पायी गई। कियोस्क संचालक द्वारा कृषक के खाते से स्वयं का मोबाइल नंबर लिंक करवाकर हितग्राही के राशि को ओटीपी के माध्यम से अपने खाते में अंतरित किया जाना पाया गया जिस हेतु पुलिस को संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा गया है। कृषक मिट्ठूलाल को कियोस्क संचालक से तत्काल 4 हजार रुपए दिलवाए गए हैं।

## दिव्यांश ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक

**सिरोंज, देशबन्धु।** 28 नवंबर से 1 दिसंबर तक पंचकूला हरियाणा में आयोजित 38वीं राष्ट्रीय सब जूनियर ताइक्कांडो चैंपियनशिप 2024 में आदर्श ताइक्कांडो क्लब सिरोंज के खिलाड़ी दिव्यांश पाल पुत्र सुनील पाल, वजन वर्ग अंडर-29 किलोग्राम ने मध्य प्रदेश टीम से खेलते हुए और अपना



उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। दिव्यांश की उपलब्धि पर आधरस्थाई कोंडो क्लब में उसका सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आदर्श ताइक्कांडो क्लब के मुख्य कोच सरदार सिंह कुशवाह और सीनियर खिलाड़ी एवं सहायक कोचों में दीपक अहिरवार, विशाल कुशवाह, निधि साहू, कविता कुशवाह, अनिकेत कुशवाह चिरंजीवी नेमा, तुलसी प्रजापति आदि खिलाड़ियों ने दिव्यांश को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की।

### आमसभा, रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

## भरी हुंकार, बांग्लादेश को दी चेतावनी






**गंजबासौदा, देशबन्धु।** बांग्लादेश में हिन्दू समुदाय पर हो रहे अत्याचार के विरोध में मंगलवार की दोपहर करीब 2 बजे नवीन बस स्टेण्ड स्थित रामलीला मैदान पर सकल हिन्दू समाज के बैनर तले संतों की अगुवाई में आमसभा हुई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।आमसभा में मुख्य अतिथि नौलखी खालसा के महंतश्री राममनोहरदास महाराज ने कहा कि गद्दी पर बैठे हुए राजा की यह जिम्मेदारी होती है कि वह अपनी प्रजा की रक्षा करे बांग्लादेश में तो राजा ही भक्षक बना हुआ है। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री विदिशा विभाग संगठन मंत्री शालिनी वर्मा ने भी संबोधित किया।

आम सभा के मंच पर प्रमुख रूप से नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज, गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वर दास त्यागी, मुडरी धाम के महंत परशुरामदास महाराज, पं. केशव शास्त्री, कथा वाचक पं. देवेंद्र भार्गव, कथावाचक अभिषेक कृष्ण शास्त्री, राजा महाराज, कथावाचक अंकुर महाराज सहित मुख्य वक्ता विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रही। साथ ही शहर के अधिकांश समाज सेवी संगठन, सामाजिक संगठन, व्यापारिक संगठन, धार्मिक संगठन, हिंदू संगठन, सभी राजनैतिक दल, छात्र संगठन, स्कूली छात्र युवा सहित दस हजार से भी अधिक हिन्दू समाज ने रैली निकाल कर अपनी हुंकार भरी।

रैली राम लीला मैदान से प्रारंभ होकर बरेठ रोड, जय स्तंभ चौक होती हुई लाल परेड ग्राउंड पहुंची जहां मुड़री धाम के महंत परशुराम दास ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन का वाचन किया और संत समाज के साथ अनुविभागीय अधिकारी विजय राय को ज्ञापन सौंपा गया।

**सकल हिन्दू समाज को दिलाया संकल्प**

विशाल आम सभा में गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वर दास त्यागी महाराज ने उपस्थित जन समुदाय को संकल्प दोहरवाया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता हूं और उनके समर्थन में सदैव खड़ा रहने का संकल्प करता हूं।

## 15 दिन में भी नपा नहीं सुधार सकी फूटी पाईप लाईन, जलसंकट की आशंका

**सिरोंज, देशबन्धु।** मंडी बायपास मार्ग पर लगभग 15 दिन से पेयजल लाईन में लीकेज कृषि उपज मंडी गेट के सामने नपा अब तक सुधार नहीं पायी है। रहवासियों ने बताया कि चार दिन से गड्ढा नपा कर्मचारियों ने खोद दिया और रोज एक घंटे के लिए आते और बिना सुधारे चले जाते है।

जिससे प्रतिदिन नपा की मुख्य पाईप लाईन से हजारोध गैलन लीटर पानी बर्बाद हो रहा है वैसे



इस बार डेम की नहर चलने से उसके खाली होने के आसार है पर नपा की लापरवाही के कारण क्षेत्र में जलसंकट के आसार दिखाई पड़ रहे है। इस संबध में नपा के उपयंत्री रोहित सिंह तोमर ने बताया कि उक्त रोड पर तीन जगह और लीकेज है जो कि पुलिया के पास रोड ठेकेदार ने लाईन तोड़ दी साथ मंडी गेट के लीकेज में नीचे पत्थर आ गया है जो मजदूरों के द्वारा ठीक करवाया जाऐगा और कल तक ठीक हो जाएगा।

### एसडीएम ने खाद दुकान का किया निरीक्षण

**सिरोंज, देशबन्धु।** एसडीएम हर्षल चौधरी लगातार किसानों की खाद की समस्या के समाधान के लिऐ निरंतर प्रयासरत है और मंगलवार को एसडीएम हर्षल चौधरी तहसीलदार संजय चौरसिया द्वारा स्वयं एक निजी खाद दुकान पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। प्रशासन द्वारा कृषकों को 2 बोरी तक यूरिया बिना किसी अन्य प्रकार की खाद के साथ टैग कर शासन द्वारा निर्धारित दर पर देने हेतु निर्देशित किया गया है। गौरतलब होकि गत दिनों भी एसडीएम द्वारा एक खाद दुकान पर अधिक रेट पर बेचने पर कार्यवाही कर उक्त दुकान संचालक व सेल्समेन पर एफआईआर कि गयी और दुकान सील कि गयी।

## बांग्लादेश की घटनाओं के विरोध में आज नगर बंद

**सिरोंज, देशबन्धु।** बांग्लादेश में संतों एवं हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सकल हिन्दू समाज द्वारा देश के राष्ट्रपति के नाम आज ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन सौंपने के पूर्व बाजार बंद रखा जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए विगत शाम हिन्दू समाज के नागरिकों ने सामूहिक रूप से बाजार में निकलकर दुकानदार व्यापारियों से जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के इस अभियान में विधायक उमाकांत शर्मा सहित अनेक सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता और आम



नागरिक सहभागी हुए। जनसंपर्क के दौरान अपील की गई कि बांग्लादेश में जिस प्रकार से तुष्टिकरण की नीति अपनाई जाकर हिंदू समाज को प्रताड़ित किया जा रहा है जिसके विरोध में आप सभी अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान सुबह से बंद रखकर प्रदर्शन में सहभागिता करने की अपील की गई है। हिंदू समाज द्वारा दोपहर ग्यारह बजे छतरी चौराहे स्थित चंद्रमोहन सभागार में एकत्रित होने की अपील सभी सनातन हिंदू समाज से की गई है । बुधवार को होने वाले इस अभियान को सफल बनाने के लिए अनेक नागरिकगण मौजूद रहे।

## गैस त्रासदी में मृत नागरिकों को श्रद्धांजलि दी

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वाधान में गैस त्रासदी की बरसी एवं राष्ट्रीय कम्प्यूटर दिवस एवं विश्व एडस सप्ताह एवं राष्ट्रीय प्रदूषण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में दीपक तिवारी, वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राजीव गांधी ने भारत में सर्वप्रथम कंप्यूटर एवं मोबाइल युग का शुभारंभ किया। भोपाल में गैस त्रासदी से मृतक लोगों को श्रद्धांजलि



भी अर्पित की गई। विश्व एड्स दिवस के जागरूकता सप्ताह के दौरान जन जागरण अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस मौके पर राममोहन सिंह ठाकुर, गोपाल ठाकुर, सतीश सेन, कैलाश नेमा, बंटी गोस्वामी, पप्पू अग्रवाल, अमित आदि मौजूद रहे।

## कलेक्टर से मिले व्यापारी, सीसी सड़क का जताया विरोध

**विदिशा, देशबन्धु।** व्यापार महासंघ के बैनर तले आने वाले 36 व्यापारिक संगठनों द्वारा नगर की मुख्य सड़क का सीसी सड़क निर्माण को लेकर विरोध दर्ज कराया जा रहा है। इसी को लेकर व्यापार महासंघ के पदाधिकारी मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर को सीसी सड़क पर रोक लगाकर डामरीकरण करने की मांग की गई।

नगर के मुख्य बाजार की सड़क पर सीसी सड़क निर्माण को लेकर रविवार को भी



व्यापारियों द्वारा एक बैठक अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित की गई थी। जिसमें सभी व्यापारियों ने एक राय होकर सीसी सड़क के निर्माण का विरोध किया था।

विदिशा व्यापार महासंघ के पदाधिकारी मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर रोशन सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। व्यापार महासंघ अध्यक्ष मुन्नालाल जैन ने बताया कि नगर के मुख्य बाजार की सड़क को सीसी सड़क निर्माण करने के लिए स्वीकृति दी गई है, जिसका विरोध सभी व्यापारियों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीसी सड़क निर्माण से व्यापारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस सीसी सड़क निर्माण में समय भी अधिक लगेगा, जिससे व्यापारियों को व्यापार करने में परेशानियां आएंगी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों द्वारा डामरीकरण सड़क निर्माण के लिए मांग की जा रही है।

## गंजबासौदा को जिला बनाने की मांग को लेकर निकाली रैली

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** सोमवार को गंजबासौदा को जिला बनाने के लिए स्थानीय सैण्टएसआरएस पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रबंधन और शिक्षक परिवार ने अभियान को सांस्कृतिक रंग देते हुए रैली निकाली और एसडीएम विजय राय को मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री एवं परिसीमन आयोग के नाम ज्ञापन सौंपा। मालूम हो कि एक पखवाड़े से गंजबासौदा को जिला बनाने की मुहिम चलाई जा रही है।

इसके अन्तर्गत सामाजिक संगठनों द्वारा ज्ञापन देकर प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है। सोमवार को सैण्ट एस.आर.एस. स्टाफ ने मांग पत्र को सांस्कृतिक, राष्ट्रीय महत्व का बनाते हुए सुभाष चौक, नेहरु चौक, अम्बेडकर चौक पर तिरंगे के रंग से रंगोली सजाकर जिले बनाने की मांग रखी। सर्व प्रथम विजय के प्रतीक जय स्तंभ चौक पर नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, भाजपा



नेता मनोज यादव, संस्था डायरेक्टर केएस यादव प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने बाल स्वरूप भारत माता, राष्ट्र नायक गांधी, सुभाष, भगतसिंह, जवाहर की उपस्थिति में माल्यार्पण किया। इसी तरह बाबा साहब अम्बेडकर, जवाहर लाल नेहरू और सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम विजय राय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन का वाचन प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने किया। इस दौरान समस्त स्कूल परिवार के शिक्षक व कई अभिभावकगण मौजूद रहे।

## महिलाओं और बालिकाओं को दी सुरक्षा की जानकारी

**सिरोंज, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में उन्मुखीकरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वार्ड क्रमांक दो की आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली महिलाओं और बालिकाओं को गुड टच-बेड टच, समुदाय में लैंगिक समानता, सम्मान एवं सुरक्षा आदि की जानकारी दी गई। इस दौरान केंद्र पर गर्भवती महिलाओं के लिए होने वाला मंगल दिवस कार्यक्रम भी किया गया जिसमें गोद भराई के साथ गर्भावस्था के दौरान उचित खान पान की समझाइश देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ एवं हम होंगे कामयाब पखवाड़ा, महिला सुरक्षा संवाद तथा जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक जीतूबाला, कार्यकर्ता मनीषा कुशवाह, शाहाना बानो,नीरू पाटीदार, प्रीति नेमा उपस्थित रहीं।

## तालाब को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग

**विदिशा, देशबन्धु।** त्योंदा तहसील के ग्राम भिलाय के ग्रामीण मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे और शासकीय तालाब पर कई लोगों द्वारा किए गए कब्जे को हटाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द तालाब से अतिक्रमण हटाकर मुक्त कराया जाए और क्षतिग्रस्त हो रहे तालाब की मरम्मत कराई जाए।




त्योंदा तहसील के ग्राम भिलाय के ग्रामीण मंगलवार को ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि गांव के कुछ लोगों द्वारा शासकीय तालाब की भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। साथ ही कई किसानों द्वारा तालाब की भूमि पर तार फेंसिंग कर खेती की जा रही है। उन्होंने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर तालाब से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। इस दौरान ग्रामीणों का कहना था कि बारिश के दिनों में तालाब भरने से गांव के आसपास का जल स्तर ऊंचा रहता है, लेकिन कुछ किसानों द्वारा तालाब की भूमि पर अतिक्रमण कर कब्जा किया जा रहा है। साथ ही तालाब को कई जगह से क्षतिग्रस्त भी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पंचायत के सरपंच और सचिव से भी मुलाकात की गई थी और उनसे तालाब की भूमि से अतिक्रमण हटाने और उसकी मरम्मत करने के लिए कहा गया था, लेकिन उनकी समस्या की ओर किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया गया। इसी बात को लेकर ग्रामीण मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

जिसमें उन्होंने जिला प्रशासन से शासकीय तालाब पर जिन किसानों द्वारा कब्जा किया गया है उसे हटाने की मांग की गई। साथ ही उन्होंने कहा कि तालाब की मरम्मत कर उसका गहरीकरण कराया जाए। जिससे बारिश में पानी से भर सके और इसका फायदा ग्रामीणों को मिल सके। उन्होंने कहा कि तालाब बनाने से मवेशियों को पीने का पानी मिलने लगेगा और गांव का वाटर लेवल भी बना रहेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# ताप्ती तीरे

## सार-समाचार

### मो. आसीफ बने प्रेस क्लब का वर्किंग जर्नलिस्ट के आमला अध्यक्ष



**आमला, देशबन्धु।** अखिल भारतीय संगठन प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सैयद खालिद कैस की सहमति एवं राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर जाकिर शेख सारणी /बैतूल के सहयोग से मो. आसिफ लंघा को प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के तहसील अध्यक्ष पर विराजमान कर शुभकामनाएं देते हुए, उज्जवल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालों में डॉक्टर जाकिर शेख, कमलेश ऊंईके ,नरेंद्र, महेश्वर सोनी ,श्याम कुमार बगिया, आकाश सोनी ,दिनेश बारस्कर,अनिल साहू,सदाराम झारबडे , रिंकू रामपुर, गोलू सोनी, शेख आबिद, भूपेश पांडे ,पंकज अग्रवाल ,रिशु नायडू, कुंदन राजपाल ,योगेश गुप्ता ,लक्ष्मी नारायण साहू, महेश वर्मा महेश प्रजापति पूरन लाल राकेश धामोडे,शहर के सभी वरिष्ठ व्यापारी सलीम भाई फजलानी ,युसूफ अली, मनोज राठौर,बंटी राठौर ,बंटी सोनी, रोशन साहू ,मोनू राजपूत बधाई देने पहुंचे।

### गुरूसाहब पब्लिक स्कूल मे योग प्राणायाम की कक्षाओं का शुभारंभ



**चिचोली, देशबन्धु।** बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ बनाने के लिए शीतकाल को दृष्टिगत हुए गुरूसाहब पब्लिक स्कूल मे मंगलवार से योग प्राणायाम की कक्षाओं का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ अवसर पर पतंजली योगपीठ से प्रशिक्षित योग शिक्षक हितेश पटेल ने बच्चों को विभिन्न आसन एवं योग की क्रियाए बताई। श्री पटेल ने बच्चों को प्राणायाम की बारीकियां भी बताई। उन्होने बच्चों को सूर्य नमस्कार साधना के सभी 12 आसनो का महत्व बताया. उन्होंने बच्चों को बीमारियों से बचने के लिए नियमित योग प्राणायाम आसन की समझाइश दी। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी योग प्राणायाम सीखा।

### सारनी में चलाया गया श्रमिक संपर्क अभियान

**नई सदस्यता का आयोजन**



**सारनी, देशबन्धु।** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के 70 वर्ष पूरे होने के अवसर पर नगर पालिका सारणी द्वारा मंगलवार को श्रमिक संपर्क अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत नगर पालिका क्षेत्र में सतत भ्रमण कर श्रमिकों से संपर्क किया गया और नई सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीएमएस के जिला अध्यक्ष के के भावसार, जीवन बोहित, संदीप डोंगरे, अमित नकवाल, मिथुन नकवाल, बबलू, कीर्ति नायक, संतोष, कलाचंद सिंदूर, तुला बाई, मालती बाई, पारो बाई, बनीता बाई, सुब्रकेशी, सुआ देवी समेत अन्य साथी उपस्थित रहे। नगर पालिका के सभी कर्मचारियों ने इस महत्वपूर्ण सदस्यता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। जिला अध्यक्ष के के भावसार ने श्रमिकों को बीएमएस के इतिहास, मजदूर हितों में किए गए कार्यों और वर्तमान में चल रहे कार्यक्रमों से अवगत कराया। उन्होंने कर्मचारी परिवारों की कुशलक्षेम भी पूछी। अभियान के तहत आगे की योजनाओं की बात करते हुए उन्होंने कहा कि 4 दिसंबर को पाथाखेड़ा और 5 दिसंबर को शोभापुर क्षेत्र में नगर पालिका एवं अन्य विभाग के श्रमिकों से संपर्क किया जाएगा। बीएमएस के अन्य अनुषंगी संगठनों और वार्ड स्तर की समितियों द्वारा श्रमिकों के साथ लगातार संवाद स्थापित किया जा रहा है।

### नेशनल लोक अदालत 14 को होगी

**बैतूल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार आगामी 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। इसके प्रचार-प्रसार के लिए 4 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे जिला न्यायालय परिसर से माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

# राष्ट्र रक्षा मिशन के रजत उत्सव में शहीदों को याद कर रो पड़ा हर कोई

**बैतूल, देशबन्धु।** बीएसफ डे के अवसर पर बैतूल की सामाजिक, सांस्कृतिक , सेना, शहीद स्मारकों के संरक्षण की दिशा में कार्य करने वाली संस्था बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति ने रजत उत्सव का आयोजन कर सहयोगियों सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान जब विशेष अतिथि डीएसबी प्रभारी नित्यानंद विश्वास ने ए मेरे वतन के लोगों ..गीत की प्रस्तुति दी और तकनीकि परेशानियों से कुछ मिनटों का अवरोध आया तो दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने गीत को आगे बढ़ाया और कार्यक्रम स्थल पर शहीदों के प्रति सम्मान की छलक देखने मिली। तकनीकि अवरोध खत्म होते ही जब पुन श्री विश्वास ने गीत को आगे बढ़ाया तो देश की सुरक्षा के लिए अपने लाल की कुर्बानी को याद कर शहीद दीपक यादव की माताजी भागवती यादव, शहीद दिलीप उईके की माताजी शिवकली उईके फफक-फफक कर रो पड़ी। शहीद मदन लाल आहके की धर्मपत्नी वीरवधु संगीता आहके की आंखे भी उस वक्त छलकने लगी और गीत के बीच यह मंजर देख दर्शक दीर्घा एवं मंच पर बैठे हर व्यक्ति की आंखे नम हो गई। समिति के पदाधिकारियों ने शहीदों के परिजनों को ढांढस बंधाया। बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति के रजत उत्सव के दौरान यह लम्हा हर व्यक्ति के दिल को छू गया। रजत उत्सव में जिला भाजपा अध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला, जिला सैनिक अधिकारी कैप्टन सुमीत सिंह, सीएमओ नगर पालिका सतीश मटसेनिया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत वागद्रे, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत गर्ग, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष मेजर पंढरी डांगे, समाजसेवी राजकुमार बोथरा, वीवीएम



संचालक विजय साबले, निर्गुण देशमुख, कमलेश गढ़ेकर, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ वसंत श्रीवास्तव, सीए प्रदीप खण्डेलवाल, साहित्यकार गुंजन खण्डेलवाल, धीरज बोथरा, धीरज हिराणी प्रमुख रुप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में आतिथ्य सत्कार से पहले शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला सेना अधिकारी कैप्टन सुमीत सिंह ने कहा कि बैतूल से की गई यह शुरुआत 25 वर्षों का सफर तय कर चुकी है। देश के अंतिम छोर तक रक्षा बंधन जैसे त्योहार पर पहुंचकर सेना की हौसलाअफजाई करना मिशन ही नहीं तपस्या है। समाजसेवी धीरज बोथरा ने होठो पर सच्चाई रहती है और जोयेल सेन संदेशे आते है गीत की प्रस्तुति से समां बांधा। महिमा ओनकर ने वंदे मातरम की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर समिति द्वारा प्रिंट, इलेक्ट्रानिक एवं वेब मीडिया के पत्रकारों व शहीद दीपक यादव समिति, पूर्व सैनिक संगठन सहित अन्य सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल संगठन, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, शैक्षणिक संस्थानो को सम्मानित कर उनके प्रति कृतज्ञता जाहिर की। संस्था के दल ने लोकनृत्य की प्रस्तुति देकर तालियां बटोरी।रजत उत्सव के अवसर पर हरदा से समाजसेवी आभा तिवारी, छिंदवाड़ा से देवकी पदम, वंशिका सोनी ने भी शिरकत की। इसके अलावा विभिन्न शहरों में शिक्षा एवं जॉब कर रहे पूर्व एवं वर्तमान वरिष्ठ सदस्य भी रजत उत्सव में शामिल हुए। संस्था के संरक्षक आदित्य बबला शुक्ला ने कहा कि कई बार लोग किसी काम को हाथ में लेते है और एक दो बार करके हार मान जाते है लेकिन बैतूल से बहन गौरी ने जो संकल्प लेकर मिशन शुरु किया वह लगातार 25 वर्षों से जारी है और परम्परा बन गया है। यह बैतूल के लिए गौरव की बात है कि हमारी बहने देश की चारों दिशाओं में अंतिम छोर तक पहुंचकर सैनिकों का हौसला बढ़ाती है। आगे भी यह मिशन और यह ज'बा बना रहे यह शुभकामनाएं है। सीएमओ सतीश मटसेनिया ने कहा कि बैतूल की बेटियों में देशभक्ति का यह जज्बा सराहनीय है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत वागद्रे ने कहा कि जब राष्ट्र रक्षा मिशन की शुरुआत हुई थी, तब कल्पना भी नहीं की थी कि बैतूल का नाम देश की सरहदों पर भी गर्व से लिया जाएगा। इस अवसर पर डॉ वसंत श्रीवास्तव ने ए मेरे वतन के लोगों गीत के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। निर्गुण देशमुख एवं कमलेश गढ़ेकर ने भविष्य में भी राष्ट्र रक्षा मिशन के हर संभव मदद का आश्वासन दिया। समिति अध्यक्ष गौरी बालापुरे ने कहा कि विवेकानंद महाविद्यालय बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति के जीवन रक्षक सम्मान, मणिकर्णिका सम्मान, सशक्त सुरक्षा पैड बैंक सहित अन्य सेवाभावी प्रकल्पों का साक्षी रहा है। समिति के हर प्रकल्प के आयोजन वीवीएम के मंच पर हुए है जिसके लिए उन्होंने वीवीएम परिवार का आभार भी माना। उन्होंने कहा देश की अंतर राष्ट्रीय सीमाओं पर रक्षा बंधन मनाने के संकल्प के 25 वर्ष सामाजिक संगठनों, संरक्षकों, मार्गदर्शकों एवं सहयोगियों की वजह से पूरे हुए है। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति द्वारा रजत उत्सव का आयोजन कर सहयोगियों का सम्मान कर खुशियां मनाई। इस पूरे कार्यक्रम का संयोजन संस्था सचिव भारत सिंह पदम, कोषाध्यक्ष जमुना पंडाग्रे, सहसचिव ईश्वर सोनी, शिवानी मालवीय द्वारा किया गया।

### 25 वां वर्ष इसलिए भी रहा खास

बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति ने 25वे वर्ष में घर से सरहद तक का सफर बस से तय किया। बैतूल विधायक एवं संस्था के संरक्षक हेमंत खण्डेलवाल के सौजन्य से बस के माध्यम से भारत पाकिस्तान सीमा तक 25 सदस्यीय दल पहुंचा और 25 वां पड़ाव पूरा किया। इस वर्ष संस्था ने आमला में एयर फोर्स, इटारसी में आर्मी और राजस्थान में बीएसएफ के साथ रक्षाबंधन मनाया, जिसमें मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश एवं राजस्थान के साथियों ने भी शिरकत की।

### देश की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को देख रोमांचित हुए बैतूलवासी

रजत उत्सव में जब श्रेया डिजीटिल फोटो स्टूडियो के संचालक सोनू जैन (विपिन) द्वारा राष्ट्र रक्षा मिशन पर बनाई गई डाक्यूमेंट्री दिखाई गई तो देश की विभिन्न अंतर राष्ट्रीय सीमाओं को देख बैतूल वासी रोमांचित हो उठे। कभी ट्रेन के रद्द हो जाने, कभी भू स्खलन, कभी गुजरात में दंगों के दौरान आई परेशानियों के अनुभव भी मंच पर साझा किए गए। इस दौरान भारत पाक सीमा पर वर्ष 2024 में रक्षा बंधन मनाने वाले दल को सरहद की स्मृति और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में कोषाध्यक्ष श्रीमती पंडाग्रे ने अतिथियों एवं आगंतुकों के साथ वीवीएम परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।

# एक दिवसीय अल्प विराम परिचय कार्यशाला का आयोजन 6 से

## राज्य आनंद संस्थान,मध्यप्रदेश का आयोजन

**शासकीय विभागों के कर्मचारियों को कराया जाएगा, जीवन में आनंद की अनुभूति**

**बैतूल, देशबन्धु।** राज्य आनंद संस्थान मध्यपदेश द्वारा बैतूल जिले के समस्त विकासखण्डों में एक दिवसीय अल्प विराम परिचय कार्यशाला का आयोजन 6 दिसम्बर 2024 से 20 दिसम्बर 2024 तक आयोजित किया जा रहा हैं जिला सम्पर्क व्यक्ति महेश गुंजेले ने बताया कि मध्यप्रदेश में खुशी और खुशहाली को बढ़ावा देने के लिए राज्य आनंद संस्थान का गठन 2016 में किया गया हैं। विभाग मनोवैज्ञानिक कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, समय का उपयोग,सांस्कृतिक विविधता और जीवन स्तर के माध्यम से सकल राष्ट्रीय खुशी को मापता है। आनंद विभाग आनंद की अवधारणा पर ध्यान केंद्रित करता हैं जिसका अर्थ हैं खुशी, और इसका उद्देश्य ईर्ष्या, जुनून, द्वेष, क्रोध, लालच, अहंकार और अन्य जैसी मानसिक बीमारियों को दूर करने और लंबे समय तक चलने वाले आनंद को प्राप्त करने के लिये योग, ध्यान, प्राणायाम, भक्ति, अध्ययन, संगीत, खेल और अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देता हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए राज्य आनंद संस्थान द्वारा आनंदक, आनंद उत्सव, आनन्दम, आनंद सभा, अल्प विराम, आनंद कैलेन्डर, आनंद क्लब, आनंद शिविर, आनंद व्याख्यान आदि कार्यक्रमों का आयोजन आम जनता, शासकीय एवं अशासकीय कर्मचारियों एवं बच्चों के बीच किया जाता हैं। बैतूल जिले के समस्त विकासखण्डों में राज्य आनंद संस्थान द्वारा शासकीय व्यक्तियों को जीवन में आनंद की अनुभूति कराने के उद्देश्य से अल्प विराम कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन के मार्गदर्शन में 6 दिसम्बर 2024 को आमला, 9 दिसम्बर 2024 को आठनेर, 10दिसम्बर 2024 को भैंसदेही, 11 दिसम्बर 2024 को भीमपुर, 12 दिसम्बर 2024 को बैतूल, 13दिसम्बर 2024 को चिचोली, 16 दिसम्बर 2024 को घोड़ाडोंगरी, 18 दिसम्बर 2024 को मुलताई, 19 दिसम्बर 2024 को प्रभातपट्टन, 20दिसम्बर 2024 को शाहपुर में आयोजित किया जा रहा हैं। यह समस्त एक दिवसीय कार्यशाला प्रत्येक विकासखण्ड के जनपद पंचायत के सभाग्रह में आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला में शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामिण विकास विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग के 60 कर्मचारियों को शामिल होने के लिए निर्देशित किया गया है। यह कार्यशाला सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला को राज्य आनंद संस्थान के जिला नोडल अधिकारी सतीष पंवार, जिला सम्पर्क व्यक्ति महेश गुंजेले, मास्टर ट्रेनर रेखा कापसे, तुलिका पचौरी, दिलीप गीद, आनंद सहयोगी आशीष पचौरी द्वारा अल्पविराम से परिचित कराया जाएगा।

**कलेक्टर, एसपी और एसडीएम से मांग**

# पुनर्वास केंद्र से निरस्त किए पट्टे वापस दें

**बैतूल, देशबन्धु।** पुनर्वास केंद्र सोनाघाटी से मंगलवार को एक रैली निकली जिसमें महिला बच्चे बूढ़े सभी शामिल थे ।उन्होंने कलेक्टर ,एसपी और एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि पुनर्वास केंद्र से निरस्त किए पट्टे वापस दिए जाए। साथ ही पुनर्वास केंद्र में स्थापित पुलिस सहायता केंद्र को अलग से स्थापित किया जाए। सोनाघाटी स्थित पुनर्वास केंद्र से रैली की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंची पुनर्वास केंद्र की सैकड़ो महिलाओं और बुजुर्ग तथा बच्चों का नेतृत्व कर रही संगीता सोलंकी ने बताया कि वर्ष 2007 में मुलताई तहसील अंतर्गत ग्राम चौथिया की बस्ती की आशियाने जलाकर लूट और बलात्कार की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। उक्त घटना के बाद पुनर्वास संघ के मुखिया अलसिया सोलंकी ने बेघर हुए उन परिवारों को पुनर्वास दिए जाने को लेकर माननीय हाई कोर्ट तक आवाज लगाई थी जिसमें माननीय न्यायालय पुनर्वास करने की आदेश बैतूल जिला प्रशासन को दिए थे लेकिन प्रशासन ने इन परिवारों को पुनर्वास की नियमों के तहत स्थापित नहीं किया गया है ।संगीता सोलंकी ने आरोप



लगाया है कि बैतूल के सोनाघाटी क्षेत्र में पुनर्वास किया गया है जिसमे पुनर्वास के किए जाने की नियमों का जिला प्रशासन द्वारा पालन नहीं किया गया है जिसके चलते ही यह समस्या उत्पन्न हो रही है। उनका यह भी आरोप है कि पुनर्वास के नियमों का पालन करने की मांग करते करते कई लोगों की मृत्यु भी हो गई हैं। पुनर्वास केंद्र के इस प्रतिनिधि मंडल द्वारा 3 नवंबर दिन मंगलवार को कलेक्टर ,एसपी और एसडीएम बैतूल को दिए ज्ञापन में खास बात यह उल्लेख है कि इस समुदाय के मुखिया अलसिया के लिए आवंटित पट्टे भी बगैर जांच पड़ताल के निरस्त कर दिया गया हैं । जिसे वापस दिलाए जाने की मांग प्रमुखता से ज्ञापन पत्र के माध्यम से की गई है। संगीता सोलंकी ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि उनके पति अलसिया सोलंकी पुनर्वास के लिए भगीरथ प्रयास किया था जिसके बदौलत ही प्रशासन को मजबूरी में पुनर्वास करना पड़ा है। संगीता सोलंकी के प्रशासन से सवाल किया है कि जिनके प्रयास से जिला प्रशासन को पुनर्वास पुनर्वास करना पड़ा है उन्ही कब पट्टे निरस्त किया जाना कहां तक नया संगत है ?इसके अलावा ज्ञापन पत्र में यह भी मांग की गई है कि पुनर्वास केंद्र में स्थापित पुलिस चौकी से पुनर्वास केंद्र के रहवासियों को कोई सुरक्षा नहीं मिल पा रही है इसलिए उनको पुनर्वास केंद्र से अन्यत्र स्थापित किया जाए।

# देश सेवा के जज़्बे के साथ फौजी कप का पहला संस्करण आज से

- **परमवीर चक्र विजेताओं की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का होगा आयोजन**

**बैतूल, देशबन्धु।** लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में 4 दिसंबर से 10 दिसंबर तक फौजी कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देशभक्ति और खेल के संगम का अद्भुत नज़ारा देखने को मिलेगा। आर. ए. स्पोर्ट्स बैतूल के तत्वावधान में होने वाली इस प्रतियोगिता का पहला संस्करण बैतूल प्रीमियर लीग (बीपीएल) के नाम से जाना जाएगा, जिसमें जिले की कुल आठ टीमें हिस्सा लेंगी। इस दौरान जिले के टेनिस 112 स्टार खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। इस आयोजन की सबसे खास बात यह होगी कि इसमें देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले परमवीर चक्र विजेताओं को श्रद्धांजलि दी जाएगी। फौजी अशोक रघुवंशी ने बताया कि उनके दिल में हमेशा से देश के लिए कुछ खास करने की भावना रही है। पिछले तीन वर्षों से वह पुलिस ग्राउंड में युवाओं को नि:शुल्क फिजिकल प्रशिक्षण देकर देश सेवा के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनकी इस मुहिम का परिणाम यह है कि अब तक 150 से अधिक युवा देश सेवा के लिए वर्दी पहन चुके हैं। फौजी कप के आयोजन का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति और खेल भावना को बढ़ावा देना है। अशोक रघुवंशी ने कहा कि यह प्रतियोगिता क्रिकेट प्रेमियों के लिए खास होगी, बल्कि उन सभी के लिए प्रेरणादायक होगी जो देश सेवा के सपने देखते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में बैतूल को खेलों के क्षेत्र में अलग पहचान दिलाने के लिए परंपरागत खेलों जैसे कबड्डी, वॉलीबॉल, कुश्ती, खो-खो, बास्केटबॉल और बैडमिंटन जैसी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। रघुकुल ग्रुप बैतूल और समस्त खेल प्रेमी इस आयोजन के सफल संचालन में सहयोग कर रहे हैं। संपर्क के लिए फौजी अशोक रघुवंशी ने अपना मोबाइल नंबर 97976 33077 भी उपलब्ध कराया है।

# बैठक में एक जुट दिखा कांग्रेस का कुनबा



**बैतूल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार बैतूल जिला कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। यह बैठक जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हेमंत वागद्रे की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं जिला प्रभारी राजकुमार उपाध्याय और मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अजय दांतरे ने विशेष भूमिका निभाई। बैठक दोपहर 12 बजे से लेकर रात 7 बजे तक चली और इसमें कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर गहन चर्चा हुई। बैठक के विभिन्न चरणों में अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा की गई। सबसे पहले संगठन समन्वय की बैठक आयोजित हुई। इसके बाद ब्लॉक नगर अध्यक्षों, नगरपालिका अध्यक्षों, उपाध्यक्षों और नेता प्रतिपक्ष के साथ बैठकें हुईं। जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष और सदस्यों के साथ भी गहन चर्चा की गई। अंत में वरिष्ठ कांग्रेसजनों, पूर्व पदाधिकारियों, मोर्चा संगठनों के अध्यक्षों, सभी प्रकोष्ठ अध्यक्षों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। इनमें पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, पूर्व विधायक निलय डागा, धरमु सिंह सिरसाम, डॉ. राजेंद्र देशमुख, डॉ. पीआर. बोड़खे, समीर खान, आमला नगरपालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे, रामू टेकाम, अनुराग मिश्रा, शांतिलाल तातेड, अरुण गोठी, अनिल मगरकार, धीरू शर्मा, रमेश गायकवाड़, राजकुमार दीवान, पिंटिश नागले, नरेंद्र किशोर परिहार, नरेंद्र महतो, नेकराम यादव, मोनू बड़ोनिया, प्रशांत राजपूत, नरेंद्र चांचौड़ा, विक्की सिंह, मोनिका नीरपुर, नंदनी तिवारी, पुष्पा पेड्राम, प्रेरणा शर्मा, कदीर खान, नफीज खान, अशोक नीरापूरे, डॉ. रमेश काकोडिया, मनोज शर्मा, जैद खान, लवलेश राठौर, राजेश गावंडे, राजा सोनी, मोनू वाघ, सरफराज खान, राहुल छत्रपाल, आकाश भाटिया, सैंटी वाघमारे, अतुल शर्मा, मिथलेश राजपूत, अभिषेक पवार, राहुल परते और शेख आकिब शामिल थे।

### संगठनात्मक मजबूती पर दिया जोर


बैठक में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने, आगामी चुनावों की तैयारियों और पार्टी कार्यकर्ताओं के समन्वय पर विशेष चर्चा की गई। उपस्थित नेताओं ने अपनी राय साझा की और पार्टी को नए स्तर पर ले जाने के लिए सामूहिक प्रयासों का संकल्प लिया। यह बैठक कांग्रेस के संगठनात्मक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसमें पार्टी के सभी स्तर के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने एक मंच पर आकर भविष्य की रणनीति बनाई।

### हिन्दू समाज कल करेंगे विरोध प्रदर्शन

**आमला, देशबन्धु।** बंगलादेशी सरकार के द्वारा प्रायोजित अतिवादियों समूहों के संरक्षण में बंगलादेश मे करोड़ों हिंदू जैन सिख धर्म के अनुनायियों समेत अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे जघन्य -अत्याचार, अमानवीय व्यवहार और उस पर बांग्लादेशी सरकार के आक्रोशित करने वाले रवैया के विरुद्ध सकल हिंदू समाज आमला के बैनर तले बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। स्थानीय नगर पालिका स्कूल परिसर जनपद चौक पर दोपहर 1.3 बजे एकत्रीकरण के साथ बड़ी संख्या में सनातनी बंधुओ एवं मातृशक्तियों की उपस्थिति में मुख्य मार्ग से रैली निकलते हुए विधर्मीयो के कुकृत्यों एवम दुराचार की निंदा कर राष्टपति के नाम ज्ञापन, स्थानीय प्रशासन आमला को सौप कर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी। विरोध प्रदर्शन में समाज के सभी वर्ग युवा छात्र छात्रों किसान व्यापारी बंधुओ, माता बहनों एवं धर्मावलंबी स्वजनो से धर्म रक्षा के निमित विरोध प्रदर्शन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह सकल हिन्दू समाज ने किया।

# मंदिर में पूजा करते समय बुजुर्ग पर जानलेवा हमला

**बैतूल, देशबन्धु।** रानीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सिहारी में 30 नवम्बर को श्री हनुमान मंदिर में पूजा कर रहे बुजुर्ग सुन्दरलाल यादव पर कुछ असामाजिक तत्वों ने जानलेवा हमला किया। हमला उस समय हुआ जब सुन्दरलाल मंदिर में सायं 6 बजे अपनी नियमित पूजा कर रहे थे। हमलावरों ने धारदार हथियारों से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद से सुन्दरलाल यादव की स्थिति बेहद गंभीर है और उन्हें इलाज के लिए नागपुर के निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए आवेदन के अनुसार इस हमले के



पीछे एक साजिश थी और इसमें ग्राम सिहारी के कुछ लोग शामिल थे। हमलावरों में छोटेलाल यादव, उनके पुत्र जगदीश यादव, हरि, कन्हैया, मनोज, बलराम पिता गोरेलाल यादव, घनश्याम पिता गोरेलाल यादव, नितेश यादव और अज्जू यादव के नाम सामने आए हैं। घटना के बाद मनोज यादव ने सुन्दरलाल यादव को धमकी दी कि वह अपना काम कर चुका है, बाकी का काम देख लिया जाएगा। घटना के बाद परिवार ने पुलिस प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की। सुन्दरलाल यादव ने पहले भी कई बार थाना रानीपुर और वन विभाग के अधिकारियों से अपनी जान को खतरे का हवाला देते हुए शिकायतें की थीं, लेकिन पुलिस की लापरवाही के कारण हमलावरों को कोई डर नहीं था। सुन्दरलाल के परिजनों ने बताया कि विभिन्न तारीखों में थाना रानीपुर और वन विभाग के अधिकारियों को अपनी जान को खतरे के बारे में बताया था। 29 जून 2022 को बलराम यादव के खिलाफ शिकायत दी गई थी। 28 जुलाई 2022 को घनश्याम यादव और अज्जू यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी, और 4 अक्टूबर 2023 को भी छोटेलाल यादव की शिकायत की गई थी। बावजूद इसके थाना रानीपुर की लापरवाही के कारण कोई भी सख्त कार्रवाई नहीं की गई, जिससे हमलावरों का मनोबल बढ़ गया। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से सुन्दरलाल को रात्रि 7.30 बजे राठी अस्पताल बैतूल में भर्ती कराया गया। उनकी स्थिति में कोई सुधार न होने पर उन्हें अगले दिन नागपुर के निजी अस्पताल में भेजा गया, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है, और उनका इलाज आईसीयू में किया जा रहा है। ग्रामवासी इस घटना से बेहद आक्रोशित हैं और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से यह अपील की है कि अपराधियों को कड़ी सजा दी जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि प्रशासन को अब पर्याप्त सबूत मिल चुके हैं और आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य भी उपलब्ध कराए जाएंगे। सबूतों के आधार पर कार्रवाई करने की मांग की गई है, ताकि उनके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा सके।


**OFFICE OF THE LABOUR COURT BETUL**

**NOTICE**

**W.C. Case No. 19/2021 FATAL**

1. रसीदा बी अली पति मुन्नवर अली
2. रूकसाना अली पुत्री मुन्नवर अली

निवासी ठाकुर मोहल्ला शाहपुर तह - शाहपुर जिला बैतूल म.प्र.

**वि.**

वसीम पिता तासीन अहमद

निवासी- सुभाष वार्ड हमलापुर बैतूल जिला - बैतूल म.प्र.

WHEREAS a claim for compensation has been made **रसीदा बी** applicant against you for compensation. You are hereby informed to appear in this court in person or by pleader duly instructed and able to answer all material all material questions relevant to the application or who shall be accompanied by some person to answer the questions on 07.01.2025 at 11:00 a.m. in the Labour Court Betul to contest the claim for compensation made by the said applicant.

TAKE NOTICE that in default of your appearance on the day before mentioned the suid will be heard and determined in your absence.

Given under my hand the seal of the court this 28-11-2024 day of...
No. 413 dated 03.12.2024

**आयुक्त**
**कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, बैतूल ( म.प्र. )**

# गैस त्रासदी के 40 वर्ष : दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल गैस त्रासदी की 40 वीं बरसी पर आज राजधानी के सेंट्रल लाईब्रेरी बरकतउल्ला भवन में दिवंगतों की स्मृति में एक श्रद्धांजलि सभा एवं सर्वधर्म सभा में राज्यपाल मंगुभाई पटेल शामिल हुए। सभा में दिवंगतों की स्मृति में विभिन्न धर्माचार्यों द्वारा धर्मग्रंथों का पाठ किया गया।

श्री पटेल और उपस्थितजनों ने सभा में दिवंगतों की स्मृति में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में जनजातीय कार्य, भोपाल गैस त्रासदी व पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, महापौर श्रीमती मालती राय, मुख्य सचिव अनुराग जैन, प्रमुख सचिव संदीप यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।




## मुख्यमंत्री ने भी दी श्रद्धांजलि

भोपाल गैस त्रासदी की बरसी पर दिवंगतों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुर्घटना में अनेक लोग असमय काल के ग्रास में समा गए, जो बचे वो किसी न किसी रूप से एमआईसी गैस के दुष्प्रभावों से कई साल पीड़ित रहे। डॉ. यादव ने ईश्वर से दिवंगत एवं पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदनाएं एवं सहानुभूति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दुनिया की इस भीषण त्रासदी के दिन मैं भोपाल प्रवास पर ही था। इसकी तकलीफ सिर्फ वो ही समझ सकता है, जिसने इसे वास्तविक रूप से भोगा है। उन्होंने कहा कि मैंने स्वयं जाकर गैस प्रभावित क्षेत्रों में भ्रमण किया था।

# संबल योजना : मुख्यमंत्री आज श्रमिकों के खातों में डालेंगे 225 करोड़ रूपए

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 4 दिसम्बर को संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता के 10 हजार 236 प्रकरणों में श्रमिकों के परिवारों को सहायता राशि 225 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक से वितरित करेंगे। भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं हितग्राही उपस्थित रहेंगे।

संबल योजना प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें अनुग्रह सहायता योजना में दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। इसी प्रकार स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 01 लाख रूपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रूपये प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में जहाँ एक ओर महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के



### 10 हजार से अधिक श्रमिक परिवार होंगे लाभान्वित

रूप में 16 हजार रूपये दिये जाते हैं तो वहीं दूसरी ओर श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत नि:शुल्क शिक्षा भी उपलब्ध करवायी जाती है। प्रदेश के लाखों श्रमिक एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को भी संबल योजना में सम्मिलित किया जाकर इनका पंजीयन प्रारम्भ किया गया है। इन्हें भी संबल योजना में लाभ प्रदान किये जा रहे हैं। संबल योजना प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें श्रमिक को जन्म से लेकर मृत्यु तक आर्थिक सहायता प्राप्त होती है।

मध्यप्रदेश सरकार ने संबल योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। संबल योजना में सभी योजनाओं जैसे अंत्येष्टी सहायता, मृत्यु अथवा दिव्यांगता पर अनुग्रह सहायता, शिक्षा प्रोत्साहन योजना, प्रसूति सहायता, आयुष्मान भारत, राशन पर्ची आदि का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के लाखों निर्माण श्रमिकों के लिये भी निर्माण मंडल के माध्यम से कई योजनाएं संचालित की जाती हैं इनमें निर्माण श्रमिकों की मृत्यु होने पर अनुग्रह सहायता तथा स्थायी एवं आंशिक अपंगता पर सहायता भी सम्मिलित है। सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामय योजना अंतर्गत पात्र श्रेणी में चिन्हित किया गया है। अब वे भी 5 लाख रूपये वार्षिक नि:शुल्क चिकित्सा प्राप्त कर रहे है। प्रदेश में अब तक 1 करोड़ 73 लाख श्रमिकों का संबल 2.0 योजना के अंतर्गत पंजीयन किया जा चुका है।

# राष्ट्रपति ने डॉ. शर्मा को राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण पुरस्कार से किया सम्मानित



**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को नई दिल्ली में छतरपुर जिले के डॉ. संजय कुमार शर्मा को दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण पुरस्कार से सम्मानित किया। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित समारोह में उन्हें 'दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति' की श्रेणी में उत्कृष्टत कार्यों के लिए यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है। समारोह में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार भी उपस्थित थे।

डॉ. शर्मा विगत 34 वर्षों से बुंदेलखंड क्षेत्र में मानसिक रोगियों के पुनर्वास के लिए कार्यरत हैं। अपने निजी प्रयासों और धन से वे मानसिक रोगियों को बचाने और समाज की मुख्य धारा में जोड़ने का काम कर रहे हैं। मानसिक स्वास्थ्य और नशा मुक्ति पर जागरूकता बढ़ाने में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही है।

### बस में घुसी तेज रफ्तार कार

# 5 एमबीबीएस छात्रों की मौत, छत काटकर निकाले गए शव



**अलाप्पुझा, एजेंसी।** केरल के अलाप्पुझा में सोमवार रात एक भयानक सड़क हादसे में पांच एमबीबीएस छात्रों की मौत हो गई। ये छात्र जिस कार में सफ़र कर रहे थे, उसकी केरल राज्य सड़क परिवहन निगम की बस से टक्कर हो गई। हादसा रात लगभग 10 बजे कलाकोड के पास हुआ। इस टक्कर में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। छात्रों को कार तोड़कर बाहर निकाला गया। पुलिस के अनुसार, मृतक एक सरकारी मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस छात्र थे। कार में कुल सात लोग सवार थे, जिनमें से पांच की मौत हो गई। बस में सवार यात्रियों को मामूली चोटें आईं। हादसे के बाद सड़क पर यातायात प्रभावित रहा। हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

जानकारी के अुसार, मृतक छात्र टीडी मेडिकल कॉलेज, अलाप्पुझा के प्रथम वर्ष के छात्र थे। मृतकों की पहचान लक्षद्वीप के देवनंदन, मुहम्मद इब्राहिम, आयुष शाजी, श्रीदीप वलसन और मुहम्मद जब्बार के रूप में हुई है। हादसा इतना भयानक था कि उनकी कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। रेस्क्यू टीम को कार में फंसे छात्रों को निकालने के लिए मेटल कटर का इस्तेमाल करना पड़ा।

### मुख्यमंत्री, बाबा नीब करौरी के 125वें प्राकट्योत्सव में हुए शामिल, कहा-

# जीवन के प्रत्येक क्षण का उपयोग मानव सेवा में हो

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इस पृथ्वी पर जन्म लेने वाले प्रत्येक मनुष्य की मृत्यु अनिवार्य है। आने-जाने के इस क्रम में महत्वपूर्ण यह है कि जीवन के प्रत्येक क्षण का उपयोग मानव सेवा के लिए किया जाए। यह मनुष्य का सौभाग्य है कि इस धरती पर आदिकाल से परमात्मा की लीला देखने को मिलती रही है। हमारे 33 करोड़ देवी-देवताओं ने सदियों तक अपनी आभा बिखेरी है। इतनी कि इसके लिए हमारा अम्बर भी कम पड़ जाए। हमारे बीच देवता विभिन्न रूप में आते हैं। हम उन्हें पहचानें या न पहचानें, वे हमारे बीच रहते हैं। ऐसे ही देवता नीब करौरी वाले बाबा हैं। इनको मानने वालों में देश- विदेश के करोड़ों लोग शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज शाम रविन्द्र भवन बहिरंग में अनंत विभूषित बाबा नीब करौरी महाराज के 125वें प्राकट्योत्सव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा नीब करौरी महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संत-महंत की अपनी महत्ता है। उनके जीवन के रहस्यों को जानना मुश्किल भी है। इनका जब मनुष्यों से साक्षात्कार होता है तो लोग अपने जीवन में परिवर्तन होते देखते हैं। निश्चित ही इससे आस्था की जड़ें गहरी हो जाती हैं।



## कलाकारों का किया सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर सुंदर काण्ड की प्रस्तुति के लिए आए विजयेंद्र चौहान, शिव ताण्डव स्रोत प्रस्तुत करने वाले काली चरण, लोक प्रिय भजन गायक पंडित सुधीर व्यास, रासलीला प्रस्तुति के लिए भारतीय शर्मा और बाबा नीब करौरी महाराज के पौत्र डॉ. धनंजय शर्मा का स्वागत एवं सम्मान किया। उन्होंने वरिष्ठ पत्रकार राकेश अग्निहोत्री का इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किए जाने पर आभार व्यक्त किया।

खेल एवं युवक कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि आज यहां इस कार्यक्रम में बाबा नीब करौरी महाराज के पौत्र सहित उनकी पांच पीढ़ियां उपस्थित हैं। बाबा नीब करौरी महाराज ने पूरी दुनिया में ख्याति अर्जित की है। कार्यक्रम में हितानंद शर्मा, वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी के अलावा राहुल कोठारी एवं आशीष अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने देर रात्रि तक भजनों का आनंद लिया।

### मुख्यमंत्री बालाघाट में स्वदेशी मेले में हुए शामिल, बोले-

# स्वदेशी भाव ने देश की अर्थव्यवस्था को किया इंग्लैंड से आगे

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी स्टार्ट-अप, मेक-इन-इंडिया और वोकल-फॉर-लोकल के प्रेरणादायक आव्हान ने देश में उद्यमिता के पुनर्जागरण की अलख जगाई है। भारत आज इंग्लैंड को पीछे छोड़कर दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन गया है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज बालाघाट में स्वदेशी मेले को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने मेले में शासकीय विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। साथ ही युवाओं को ऑफर लेटर और दिव्यांगता प्रमाण-पत्र प्रदान किए और उपस्थित युवाओं से संवाद किया। डॉ. यादव ने कहा कि अंग्रेजों ने हमारी स्वदेशी ताकत को कमजोर बना दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रोत्साहन और प्रेरणा से देश के साथ ही प्रदेश के युवा ने भी नौकरी मांगने नहीं, देने वाले बनने के गंभीर और दूरदर्शी संदेश को समझा। आज हमारे यहां 37 हजार से भी अधिक स्वदेशी स्टार्ट-अप सक्रिय हैं। हमारा युवा उद्यमशील होकर नौकरी देने वाला बन रहा है।

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के कंसेप्ट को आगे बढ़ाने में हमें प्रधानमंत्री का प्रोत्साहन भी मिला है। हमारे प्रयास सफल रहे, हमने सागर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर जैसे शहरों में भी सफलतापूर्वक रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का सफल आयोजन किया और अब जल्द ही नर्मदापुरम में भी करने जा रहे हैं। डॉ. यादव ने बताया कि अब तक हुई रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से 2.5 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए और इनसे 2 लाख रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।



## मेला हमारे जीवन का अभिन्न अंग : जोशी

बालाघाट में आयोजित स्वदेशी मेले के शुभारंभ में स्वदेशी विचारक श्री भैयाजी जोशी ने कहा कि मेले हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं और इनमें स्वदेशी के समावेश से हम आर्थिक रूप से शक्तिशाली बन रहे हैं।

श्री जोशी ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से भारत सभी क्षेत्रों में विश्व में अग्रणी बन रहा है। चिकित्सा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हमने इतना विकास किया है कि आज विदेशी भी इलाज के लिए भारत आते हैं। इसमें जनजातीय कलाकारों ने आकर्षक लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। स्वदेशी मेले में आयोजक पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, आयोजक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

### पुलिस महानिदेशक ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से दिए अधिकारियों को निर्देश

# सायबर क्राइम, नशा और यातायात को लेकर चलाएं जागरुकता अभियान



**भोपाल, देशबन्धु।** पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कहा कि सायबर क्राइम, अवैध नशे के कारोबार और यातायात सुरक्षा पर तत्काल प्रभावशाली कार्य किया जाना सुनिश्चित करें। युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त में आने से रोकें। स्कूल, कॉलेज में पुलिस अधिकारी पहुंचे और व्यापक जागरुकता अभियान चलाएं।

श्री मकवाना आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपने सूचना तंत्र को मजबूत करें और अवैध नशे के कारोबार के पूरे नेटवर्क का पता लगाकर नेस्तनाबूद करें। पुलिस का कर्तव्य है कि आमजन को सुरक्षित और सुगम यातायात सुलभ कराएं। साथ ही हेलमेट पहनने को लेकर व्यापक जनजागरुकता निर्मित करें। श्री मकवाना ने कहा कि पुलिस स्टेशन पर आमजन का सर्वाधिक वास्ता पड़ता है। इसलिए अपने अधीनस्थ थाना स्टॉफ को बताएं कि आमजन से संवेदनशीलतापूर्ण और सद्व्यवहार करें, वहीं बदमाशों से सख्ती से निपटें। बेसिक पुलिसिंग को मजबूत करने के

## अनिवार्य रूप से हो जनसुनवाई

लिए ध्यान देने की आवश्यकता है। परेड निर्धारित समय पर हो, अधिकारी अपने-अपने कार्य क्षेत्र में सरप्राइज विजिट करें तथा सुपरविजन नोट भी देना सुनिश्चित करें। पुलिस की दृश्यता सड़कों पर विशेषकर सायंकाल में होना चाहिए। डीजीपी ने कहा कि सिंहस्थ-2028 की तैयारी में और गतिशीलता लाने की जरूरत है। उज्जैन के सराउंडिंग जिलों में भी पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करना है। डीजीपी श्री मकवाना ने कहा कि अच्छे पुलिसकर्मियों को रिवार्ड और बुरे को दंडित करना सुनिश्चित करें। आपकी कार्यप्रणाली से आमजनता को राहत मिले और कार्रवाई सही हो, इसका ध्यान रखें। सांप्रदायिक सद्भावना बरकरार रखें। वीवीआईपी विजिट के दौरान निर्धारित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें। कोई भी अधिकारी अपना कार्यक्षेत्र नहीं छोड़े। प्रत्येक मंगलवार को अनिवार्यत: जनसुनवाई करें और आवेदनों पर निष्पक्षता से त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### उच्च न्यायालय ने न्यूनतम वेतन पर दिया स्थगन किया खारिज

# मजदूरों को 1 अप्रैल से एरियर सहित भुगतान हो : सीटू

**भोपाल, देशबन्धु।** तमाम जद्दो-जहद, धरने और प्रदर्शनों के बाद सरकार ने 10 वर्ष के बाद वेतन पुनरीक्षण समिति की सिफारिश के आधार पर मध्य प्रदेश शासन ने 1 अप्रैल 2024 से न्यूनतम वेतन की घोषणा की थी। जबकि यह पुनरीक्षण नवंबर 2014 मे होना था। कारखाना मालिकों ने उच्च न्याायलय की इंदौर खंडपीठ में न्यूनतम वेतन बढ़ाए न जाने की याचिका पेश की, और उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के आदेश पर स्थगन आदेश जारी कर दिया। फलस्वरूप एक माह बाद प्रदेश के लाखों मजदूरों का बढ़ा हुआ वेतन कम कर दिया गया। इस पर सीटू ने उच्च न्यायालय में हस्तक्षेपकर्ता बन हस्तक्षेप किया। उच्च न्यायालय में सीटू के ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता बाबूलाल नागर ने न्यूनतम वेतन के सवाल पर मजदूरों का पक्ष बखूबी रखा। फलस्वरूप आज उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के खंडपीठ ने इस स्थगन को खारिज कर दिया। यह मजदूरों की एक ऐतिहासिक जीत है। सीटू नेता रामविलास गोस्वामी और प्रमोद प्रधान ने प्रदेश सरकार और श्रम आयुक्त से मांग की है कि यह स्थगन एक अप्रैल से हो रहे भुगतान के खिलाफ था जो खारिज हो गया है। अब 1 अप्रैल 2024 से श्रमिकों का एरियर सहित भुगतान कराया जाए।

# दलित प्रेरणा स्थल से जबरन किसानों को गिरफ्तार किया

**नोएडा, देशबन्धु।** नोएडा में दलित प्रेरणा स्थल पर धरना दे रहे किसानों को पुलिस प्रशासन ने जबरन उठा दिया। इस दौरान पुलिस की किसानों से झड़प हो गई। जमकर धक्का-मुक्की भी हुई। पुलिस ने किसानों और धरने पर बैठी महिलाओं को उठाना शुरू कर दिया। कई किसानों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इससे अन्य किसान भड़क गए। उनकी गाड़ियों को पुलिस ने क्रेन से उठवा लिया।

पुलिस की जबरन गिरफ्तारी के बाद 2 महिला किसान बेहोश हो गई हैं। साथी महिलाओं ने पानी की छींटें डालकर उन्हें होश में लाया गया। इसके बाद पुलिसकर्मी उन्हें रोडवेज बस तक लेकर पहुंची। करीब तीन-चार बसों में किसानों को भरकर सूरजपुर पुलिस लाइन ले जाया गया। जहां से सभी किसानों को पुलिस लुकसर जेल लेकर पहुंची है। इस दौरान कड़ी सुरक्षा रही। बसों के आगे पीछे पुलिस की गाड़ियां चलती रहीं। इस दौरान किसान बस में सरकार विरोधी नारे लगाते रहे। वहीं धरना स्थल राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह भी पहुंची।

- करीब 200 किसानों को बसों में भरकर ले गई पुलिस
- किसानों ने कहा था किसी के दबाव में नहीं होगी वार्ता

## ऐसे दबाव में वार्ता नहीं करेंगे, जेल जाने को हम तैयार हैं

इससे पहले मंगलवार सुबह धरना स्थल पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पवन खटाना ने किसानों को संबोधित किया। उन्होंने ने पुलिस प्रशासन पर दबाव डाल कर बात करने का आरोप लगाया है। किसानों का कहना कि प्रशासन की मंशा ठीक नहीं लग रही है। गांव में पुलिस फोर्स लगा रखी है। किसान, किसान नेताओं को हाउस अरेस्ट कर रखा है। कुछ लोगों को थाने पर बैठा रखा है। किसानों का कहना है कि ऐसे दबाव में वार्ता नहीं करेंगे। जेल जाने को हम तैयार हैं। हम यहां जेल जाने को ही आए हैं।

## नरेश टिकैत ने बुलाई पंचायत

किसानों की गिरफ्तारी के वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए। जिसके अन्य किसान संगठनों ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ये जेल भरो आंदोलन है। या तो हमारी मांग मानी जाए अन्यथा हमें जेल भेज दिया जाए। इस बीच नरेश टिकैत के ने ट्विट और पत्र जारी करते हुए मुजफ्फरनगर के सिसौली में पंचायत का आह्वान किया। वही आगे की रणनीति तय की जाएगी।

## एक हफ्ते तक दिल्ली कूच नहीं करने का किया था फैसला

सोमवार को किसानों ने दिल्ली कूच एक हफ्ते तक नहीं करेंगे ये फैसला लिया गया था। इस फैसले के बाद ही किसानों ने राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल में धरना शुरू किया। दरअसल यह फैसला किसान नेताओं की ग्रेटर नोएडा, नोएडा और यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद लिया गया था। इसके बाद नोएडा एक्सप्रेस-वे से बैरिकेडिंग हटा दी गई और आवाजाही शुरू हो गई थी। लेकिन पुलिस ने मंगलवार को किसानों को जबरन गिरफ्तार किया और राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल पर ताला लगा दिया।

### भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की कार्रवाई

# पैकेज्ड ड्रिंकिंग, मिनरल वाटर हैं खतरनाक!

## हाई रिस्क कैटेगरी में डाला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सफर या कहीं घूमने फिरने के दौरान हम अक्सर मिनरल वाटर या पैकेज्ड ड्रिंकिंग लेते हैं। हमारा मानते हैं कि ये पानी साफ सुथरा है और इससे हमें कोई नुकसान नहीं होगा, लेकिन ऐसा नहीं है। ये पानी आपकी सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने सोमवार 2 दिसंबर को पैकेज्ड ड्रिंकिंग और मिनरल वाटर को 'हाई रिस्क खाद्य पदार्थ श्रेणी' के रूप में शामिल किया है। जिसके बाद अब इनका अनिवार्य निरीक्षण और थर्ड पार्टी ऑडिट किया जाएगा।

दरअसल यह घोषणा केंद्र सरकार द्वारा पैकेज्ड और मिनिरल वाटर उद्योग के लिए भारतीय मानक ब्यूरो से प्रमाणन प्राप्त करने की अनिवार्य शर्त को हटाने के बाद की गई है। ये फैसला पैकेज्ड पानी और मिनरल वाटर कंपनियों को बड़ा झटका माना जा रहा है। एफएसएसएआई द्वारा जारी किए गए नए नियम के मुताबिक अब सभी पैकेज्ड और मिनिरल वाटर निर्माताओं को सालाना निरीक्षण का सामना करना पड़ेगा। किसी भी कंपनियों को लाइसेंस या पंजीकृत करने से पहले ये निरीक्षण किया जाएगा।



थर्ड पार्टी करेगी ऑडिट-एफएसएसएआई आदेश के मुताबिक पैकेज्ड के साथ ही हाई रिस्क वाले सभी खाद्य श्रेणियों के व्यवसायों को एफएसएसएआई द्वारा मान्यता प्राप्त थर्ड पार्टी खाद्य सुरक्षा एजेंसियों से सालाना ऑडिट कराना होगा। इस फैसले के पीछे सरकार का मकसद इन उत्पादों की सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों में सुधार करना है, ताकि जो लोग इन चीजों का इस्तेमाल करते हैं उन्हें सुरक्षित चीज मिल सके और उनकी सेहत ठीक रहे।

कंपनियों को सर्टिफिकेट लेना जरूरी-इससे पहले पैकेज्ड पेयजल उद्योग ने केंद्र सरकार से नियमों के सरलीकरण की मांग की थी। बीआईएस और एफएसएसएआई दोनों से दोहरे प्रमाणन की जरूरतों को हटाने का आग्रह किया था। पैकेज्ड पानी और मिनरल वाटर बनाने वाली कंपनियों को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण लाइसेंस के साथ ही भारतीय मानक ब्यूरो यानी बीआईएस का सर्टिफिकेट भी लेना अनिवार्य होता है। वहीं बाजार में बेची जा रही पानी की बोतलों पर बीआईएस मार्क होना जरूरी होता है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन**, फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।